राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 डिंपी के ट्रांसफॉर्मेशन पर...



रक्षाबंधन पर मेरठ जोन में ... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 25 अगस्त 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 169, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## जम्मू-कश्मीर एसआईए ने शुरू की वंधामा नरसंहार की जांच, मारे गए थे 23 कश्मीरी पंडित

**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने 1998 के वंधामा नरसंहार की जांच फिर से शुरू कर दी है। इस घटना में 23 कश्मीरी पंडितों की हत्या कर दी गई थी। इनमें 9 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल थे। यह कश्मीरी पंडितों की लक्षित हत्याओं के लंबे समय से लंबित मामलों को आगे बढ़ाने के व्यापक अभियान का हिस्सा है। इसके तहत एसआईए ने कई पिछले मामलों को दोबारा खोला है।

**सूत्रों ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि एसआईए ने कुछ दिन पहले वंधामा हत्याकांड और तापलू की हत्या के सिलसिले में कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर छापेमारी की थी**



सूत्रों ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि एसआईए ने कुछ दिन पहले वंधामा हत्याकांड और तापलू की हत्या के सिलसिले में कश्मीर घाटी में कई स्थानों पर छापेमारी की थी। जांचकर्ता अब इन मामलों में कथित तौर पर शामिल आतंकवादियों और जमीनी कार्यकर्ताओं की पहचान करने और हमलों में उनकी भूमिका स्थापित करने के लिए काम कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार, 2 दशक बाद फिर से खोले गए कुछ मामलों में बड़ी कामयाबी मिली है।

एसआईए दशकों पुराने लक्षित हत्या के मामलों को फिर से खोल रही है। हाल ही में कश्मीरी पंडित, कवि और समाजसेवी सवानंद कौल प्रेमी और उनके बेटे वीरेंद्र कौल की हत्या के मामला की दोबारा जांच शुरू की गई है। कौल और उनके बेटे को 36 साल पहले दक्षिण कश्मीर में अगवा करके मार दिया गया था। वहीं, कश्मीरी पंडित नेता टीका लाल टपलू और जस्टिस नीलकंठ गंजू की हत्या की जांच भी तेज कर दी गई है।

## महुआ मोइत्रा ने सर्किट हाउस से निकाले जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल के नदिया जिला प्रशासन ने कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए उन्हें जिले के सर्किट हाउस में स्थित उनके आधिकारिक निर्वाचन क्षेत्र आवास से खाली कराया। भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच के सामने एक वकील ने यह मामला उठाया. इस बेंच में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल थे. वकील ने बताया कि वह आर्टिकल 32 के तहत दायर एक याचिका का जिक्र कर रहे हैं. यह याचिका एक महिला सांसद ने दायर की थी, जिन्हें स्थानीय अधिकारियों ने देर रात 11 बजे उनके संसदीय क्षेत्र वाले आवास से निकाल दिया था। वकील ने जोर देकर कहा कि इस मामले में कुछ व्यापक निदेशों की जरूरत है क्योंकि इसमें संघवाद और निष्पक्ष जांच से जुड़े मुद्दे शामिल हैं. वकील ने तर्क दिया कि यह सब तब हुआ है जब हाईकोर्ट पहले ही सुरक्षा का आदेश दे चुका है।



## ▸▸ न्यूज डायरी

### ईरान की चेतावनी-आर्थिक नाकेबंदी जारी रही तो एक बूंद तेल निर्यात नहीं होने देंगे


**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अमेरिका ने ईरान की आर्थिक नाकेबंदी करने का ऐलान किया है। इसके जवाब में ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य और फारस की खाड़ी में सभी जगहों से तेल निर्यात रोकने की चेतावनी दी है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए प्रमुख मोहसिन रेजाई ने कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी आर्थिक कार्रवाई में साथ देने वाले किसी भी देश को युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा। रेजाई ने कहा, अगर आर्थिक युद्ध जारी रहा, तो तेल की एक बूंद भी निर्यात नहीं की जाएगी, न तो होर्मुज जलडमरूमध्य से और न ही फारस की खाड़ी के किसी भी हिस्से से। ईरान, अमेरिकी आर्थिक युद्ध में किसी भी देश की



भागीदारी या समर्थन को युद्ध का कृत्य मानेगा।
एक अन्य बयान में उन्होंने कहा, अगर डोनाल्ड ट्रंप कुछ करना चाहते हैं तो ईरान भी इसका जवाब देने के लिए तैयार है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वाशिंगटन तेहरान के खिलाफ अब तक के सबसे मजबूत वित्तीय अभियान की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, अमेरिका ईरान के खिलाफ अपने युद्ध के अंतिम चरण में प्रवेश कर रहा है और ईरानी सरकार का समर्थन करने वाले वित्तीय चैनलों को बंद करने के लिए अपनी आर्थिक शक्तियों का उपयोग करने की योजना बना रहा है। यह किसी शत्रु के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय हमला होगा।
हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका ईरान को अलग-थलग करने और वित्तीय स्रोतों को बंद करने के लिए आर्थिक दबाव का एक अभूतपूर्व अभियान शुरू करेगा।
उन्होंने कहा था, मैं किसी भी देश के खिलाफ अब तक की सबसे भीषण आर्थिक कार्रवाई की घोषणा कर रहा हूं। यह अभूतपूर्व पैमाने पर आर्थिक युद्ध और अलगाव होगा। ईरान को समर्थन देने वाले वित्तीय संस्थानों, व्यवसायों, हवाई अड्डों और सरकारी संस्थाओं को भयानक परिणाम भुगतने होंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबाफ ने ट्रंप के आर्थिक प्रतिबंधों की धमकी के बाद अमेरिका का मजाक उड़ाया है। उन्होंने ईरान बूमरैंग से जुड़ी व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा कि कठोर आर्थिक प्रतिबंध अंततः उल्टे पड़ जाते हैं। वहीं, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर के प्रवक्ता सरदार मोहेबी ने दावा किया कि आर्थिक युद्ध पर वाशिंगटन की अत्यधिक निर्भरता सैन्य मोर्चे पर अमेरिका की अपमानजनक हार की मौन स्वीकृति है।

### दिल्ली-एनसीआर में एच1एन1 का बढ़ता प्रकोप, आधे से अधिक घरों में एक सदस्य बीमार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में इन दिनों जुकाम, खांसी और इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षण तेजी से फैल रहे हैं। हाल ही में किए गए एक सर्वेक्षण में सामने आया है कि क्षेत्र के आधे से अधिक घरों में कम से कम एक सदस्य बीमारी की चपेट में है। दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद और गाजियाबाद में करीब 32




हजार लोगों पर किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, 23 प्रतिशत लोगों ने बताया कि उनके घर में चार या उससे अधिक सदस्य अस्वस्थ हैं।
स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, घरों के भीतर एक से अधिक लोगों के बीमार होने से संक्रमण के पारिवारिक स्तर पर फैलने की आशंका बढ़ गई है। यह स्थिति ऐसे समय सामने आई है, जब एच1एन1 संक्रमण के मामलों में भी वृद्धि दर्ज की जा रही है।
दिल्ली में 20 अगस्त को इन्फ्लुएंजा के 159 नए मामले सामने आए। इनमें 114 मामले एच1एन1 संक्रमण के थे। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक दिल्ली में स्वाइन फ्लू के कुल 1,777 मामले सामने आ चुके हैं।

## सितंबर में मॉनसून और कमजोर पड़ने का अनुमान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि सितंबर में मॉनसून और कमजोर पड़ सकता है. इसका मतलब है कि देश में सामान्य से कम बारिश होगी. यह अनुमान अगस्त में बारिश के कमजोर संकेतों के बाद लगाया गया है. अगस्त का महीना अब खत्म होने को है, जिससे देश भर के किसानों और बारिश पर निर्भर इलाकों के लिए चिंता बढ़ गई है.

**आईएमडी ने सामान्य से कम बारिश की चेतावनी दी**

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के वैज्ञानिक अखिल श्रीवास्तव के अनुसार अगले दो हफ्तों में जिसमें सितंबर के शुरूआती दिन भी शामिल हैं - बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना है. उन्होंने कहा कि मौसम का यह बदलता पैटर्न खासकर खरीफ की फसलों के लिए अहम हो सकता है, क्योंकि ये फसलें समय पर और पर्याप्त मॉनसून बारिश पर बहुत ज्यादा निर्भर करती है। फसल के विकास के अहम



चरणों के दौरान खासकर खरीफ फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त नमी की जरूरत होती है. अगर आने वाले हफ्तों में बारिश कम रहती है, तो संवेदनशील इलाकों में खेती की पैदावार पर दबाव पड़ सकता है. एक और चिंता यह है कि अगर बाद में बारिश बेहतर भी हो जाए, तो बर्बाद हुए समय की वजह से सितंबर का महीना खेती के लिए मुश्किल भरा हो सकता है। मौसम विशेषज्ञों ने पहले ही अल नीनो की संभावना के बारे में चेतावनी दी थी और अनुमान लगाया था कि इस साल बारिश सामान्य से कम हो सकती है. अब इसका असर दिखने लगा है. अगले दो हफ्तों में यानी 2 सितंबर तक बारिश बहुत कम होने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिकों को उम्मीद थी कि आईओडी पॉजिटिव फेज में आ जाएगा, जिससे बारिश में मदद मिल सकती थी लेकिन अब तक यह न्यूट्रल ही बना हुआ है. इसका मतलब है कि हिंद महासागर अभी मॉनसून को मजबूत करने के लिए जरूरी अनुकूल हालात नहीं बना पा रहा है. इससे यह चिंता बढ़ रही है कि आने वाले हफ्तों में बारिश कम हो सकती है.
उत्तर-पश्चिम भारत में राजस्थान और उत्तर प्रदेश में अपेक्षाकृत कम या छिटपुट बारिश होने की उम्मीद है, जबकि हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख में कहीं-कहीं या छिटपुट बारिश हो सकती है. मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में भारी बारिश की संभावना है।



**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में मोल्दोवा की राजदूत इंगा इओनेसी से परिचय पत्र प्राप्त किया.**

## मोदी-ट्रंप की प्रेस वार्ता में कोई सवाल नहीं चाहता था भारत, अमेरिकी राजदूत का खुलासा




**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने फ्रांस में 7 शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रेस वार्ता को लेकर नया खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि भारत ने अमेरिका से अनुरोध किया था कि इस दौरान मीडियाकर्मियों को प्रश्न पूछने की अनुमति न दी जाए। गोर ने कहा कि भारतीय विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों को बताया था कि नेता मीडिया को संबोधित कर सकते हैं, लेकिन सवाल-जवाब नहीं होना चाहिए। गोर ने कहा, हम पर्दे के पीछे थे। वहां सिर्फ राष्ट्रपति ट्रंप और मैं था। उन्होंने मुझसे पूछा, भारतीय किन मुद्दों को उठाने वाले हैं? हमने कुछ मुद्दों पर बात की। फिर उन्होंने पूछा कि क्या उनकी कोई मांग है? भारतीय विदेश मंत्रालय की एक मांग थी। उन्होंने हमसे कहा था कि मीडिया को अंदर आने देते हैं, लेकिन पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करते। मैंने राष्ट्रपति को ये बात बताई। उन्होंने कहा ठीक है कोई समस्या नहीं।
गोर ने आगे कहा, बैठक शुरू हुई, मीडिया अंदर आया। वहां करीब 50 कैमरे होंगे। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री मोदी आसपास बैठे थे। दोनों ने कुछ मिनट तक बात की। जैसे ही वे अपनी बात पूरी करते हैं, राष्ट्रपति सबसे पहले कैमरे की ओर देखते हैं और कहते हैं, कोई सवाल? और इसके बाद सब कुछ खुल गया।

## युवा शक्ति,विविधता में एकता और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य बोध से बनेगा "एक भारत श्रेष्ठ भारत"

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के गाँधी भवन और राष्ट्रीय सैनिक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र की एकता,अखंडता,देशभक्ति, सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय चेतना को समर्पित विशेष व्याख्यान एक भारत-श्रेष्ठ भारत का सफल एवं महत्वपूर्ण आयोजन गाँधी भवन के प्रांगण में किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के डीन ऑफ कॉलिजेज एवं चेयरमैन गाँधी भवन प्रो. बलराम पाणि जी रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सैनिक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वीर चक्र से सम्मानित कर्नल तेजेंद्र पाल त्यागी की अध्यक्षता रही।कार्यक्रम के मुख्य संयोजक प्रो. केपी सिंह,अध्यक्ष,पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग एवं निदेशक,गांधी भवन,दिल्ली विश्वविद्यालय रहे।

**दिल्ली विश्वविद्यालय गांधी भवन में विद्यार्थियों को मिला राष्ट्रीय चेतना का संदेश**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गांधी भवन में हस्तनिर्मित सूत की माला से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन वक्तव्य में प्रो.सिंह जी ने कहा कि ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारत केवल एक विचार या अभियान नहीं,बल्कि भारत की विविध भाषाओं,



संस्कृतियों,परंपराओं,क्षेत्रों और समुदायों को एक राष्ट्रीय भावना में जोड़ने का संकल्प है।उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे देश की उपलब्धियों,स्वतंत्रता सेनानियों और सीमा पर राष्ट्र की रक्षा करने वाले जवानों के योगदान को समझें।अपने जीवन में राष्ट्रहित,अनुशासन,जिम्मेदारी और सामाजिक समरसता के मूल्यों को अपनाएं।प्रो.सिंह ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा और शोध का केंद्र नहीं,बल्कि सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना के निर्माण का भी महत्वपूर्ण मंच है।गांधी भवन महात्मा गांधी के विचारों–सत्य, अहिंसा, शांति, सद्भाव, समानता और सामाजिक समरसता–को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को राष्ट्र और समाज के प्रति उनके दायित्वों से जोड़ने के लिए निरंतर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करता रहा है।कार्यक्रम में प्रो. सिंह ने युवाओं,विशेषकर जेन-जी की राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया।उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य आज के युवाओं के हाथों में है।युवाओं में ऊर्जा,नवीन सोच,तकनीकी दक्षता और परिवर्तन की क्षमता है;यदि इन गुणों को अच्छे संस्कार, अनुशासन,समय के सम्मान,कर्तव्यबोध और राष्ट्रप्रेम से जोड़ा जाए,तो यही युवा भारत को एक सशक्त,समृद्ध और श्रेष्ठ राष्ट्र बनाने में अग्रणी भूमिका निभा सकते हैं।

**निरीक्षण**

### नवंबर तक पूरा करने के निर्देश

## मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** तहसील खुर्जा के अंतर्गत ग्राम जहानपुर (अरनिया) में निमार्णाधीन मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय का जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक संचालित होने वाले इस विद्यालय का निर्माण बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से कार्यदायी संस्था सीएनडीएस गाजियाबाद द्वारा कराया जा रहा है। परियोजना की कुल लागत 2438.93 लाख रुपये है।
निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि विद्यालय निर्माण की कुल भौतिक प्रगति वर्तमान में 70 प्रतिशत है। मुख्य भवन के भूतल, प्रथम तल एवं द्वितीय तल की छत का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि द्वितीय तल पर ब्रिक वर्क जारी है। निर्माण कार्य के बीच से गुजर रही 11 केवी एचटी लाइन को 15 जुलाई 2026 को शिफ्ट कराया गया था, जिसके कारण मुख्य भवन के निर्माण की प्रगति लगभग तीन माह प्रभावित हुई। परियोजना के तहत बाल वाटिका की छत, ब्रिक वर्क एवं प्लास्टर का कार्य पूरा हो चुका है। मिड-डे मील भवन के भूतल एवं प्रथम तल की छत का कार्य पूर्ण है। स्टाफ आवास, प्रधानाचार्य आवास और डोरमेट्री के निर्माण कार्य भी विभिन्न चरणों में प्रगति पर हैं। मल्टीपरपस हॉल का ब्रिक वर्क पूरा हो चुका है, जबकि अन्य कार्य जारी हैं।



विद्यालय की बाउंड्रीवाल का करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबंधक ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि विद्यालय के सभी निर्माण कार्य नवंबर 2026 तक पूर्ण कर लिए जाएंगे।
जिलाधिकारी ने विद्यालय की ड्राइंग का अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य को निर्धारित मानकों एवं गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीपीआर में निर्धारित निर्माण सामग्री का ही प्रयोग किया जाए तथा उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता की नियमित जांच कराई जाए।
उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए भौतिक प्रगति की समीक्षा करें और कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूरा कराएं। विद्यालय भवन को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने पर भी विशेष जोर दिया गया।
जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय की स्थापना से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे तथा उन्हें आधुनिक शिक्षण वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कमी को तत्काल दूर कराया जाए और संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।
निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी खुर्जा सतेन्द्र सिंह सहित कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भोजपुर में 52 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** संदीप चौधरी जिला समाज कल्याण अधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विकास खण्ड भोजपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 52 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। योजनान्तर्गत रू0 21,000/- की उपहार सामग्री (वर-वधु के कपडे, स्टील डिनर सेट, प्रेशर कूकर, ट्राली बैग, वैनिटी किट एवं दीवार घड़ी इत्यादि) विवाहित जोड़े को दिया जाता है। उक्त के अतिरिक्त कन्या के बैंक खाते में रू0 64,000/- की धनराशि भुगतान किये जाने का प्राविधान है। आज दिनांक 24.08.2026 को सम्पन्न हुये सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 13, अन्य पिछडा वर्ग के 14, सामान्य वर्ग के 12 एवं अल्पसंख्यक वर्ग के 13 जोड़े कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित 39 हिन्दू जोड़ों का हिन्दू रीति रिवाज से फेरे एवं जयमाल तथा मुस्लिम वर्ग के 13 जोड़ों का निकाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मंजू सिवाच, विधायक, मोदीनगर, सुचेता सिंह, प्रमुख क्षेत्र पंचायत भोजपुर, संदीप चौधरी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, गाज़ियाबाद तथा पियुष वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी, भोजपुर द्वारा उपस्थित रहकर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया गया। सहायक विकास अधिकारी (स०क०) सहित समाज कल्याण विभाग तथा विकास खण्ड, भोजपुर कार्यालय के कर्मचारियों की उपस्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा।





# रिवर हाइट सोसाइटी, गाजियाबाद में रोटरी क्लब और वरदान हॉस्पिटल के सौजन्य से तथा सुबोध त्यागी नेतृत्वमे रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सुबोध त्यागी नेतृत्वमे रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया।शिविर में सोसाइटी के निवासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस पुनीत अवसर पर मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी और सेल्फ डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। शिविर में करीब 70 सम्मानित निवासियों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया। सुबोध त्यागी ने पधारे हुए सभी अतिथियों का सम्मान किया और सभी रक्तदाताओं व सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया।







# बंजर धरा ने ओढ़ी हरित चुनरिया–श्री अरण्यम बना प्रकृति-संरक्षण और जनसंकल्प की अनुपम गाथा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**नोएडा/गौतमबुद्धनगर।** बंजर धरा ने ओढ़ी हरित चुनरिया–ह्यश्री अरण्यम बना प्रकृति-संरक्षण और जनसंकल्प की अनुपम गाथा।
बंजर धरा से हरित धरोहर तक–श्री अरण्यम सिटी फॉरेस्ट बना प्रकृति-प्रेम और जनसहभागिता की अनुपम गाथा।

एक बीज में वन का स्वप्न,
एक वृक्ष में जीवन-प्राण;
हरित रहे धरती का आँचल,
यही मानवता का पावन अभियान।

कभी जिस भूमि पर बंजरता का मौन पसरा था, आज वही धरा लगभग 8,000 वृक्षों की सघन हरितिमा से जीवन्त, स्पंदित और प्राणवान हो उठी है। यह परिवर्तन केवल पौधारोपण की कहानी नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदना, सामूहिक संकल्प, सतत श्रम और जनसहभागिता की ऐसी प्रेरणादायी गाथा है, जिसने उजाड़ धरती को हरित धरोहर में रूपांतरित कर दिया।

नोएडा प्राधिकरण के सहयोग तथा आर्ट ऑफ लिविंग, नोएडा के समर्पित स्वयंसेवकों के अथक पुरुषार्थ से साकार हुआ श्री अरण्यम सिटी फॉरेस्ट आज पर्यावरण-संरक्षण का जीवंत प्रतीक बन चुका है। यहाँ खड़े वृक्ष केवल हरियाली नहीं, बल्कि मानवता की आशाएँ, पक्षियों के आश्रय, धरती की साँसें और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संदेश हैं।

इसी हरित यात्रा को आगे बढ़ाते हुए रविवार, 23 अगस्त 2026 को प्रातः 8 से 10 बजे तक सेक्टर-50, नोएडा स्थित श्री अरण्यम सिटी फॉरेस्ट में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्ट ऑफ लिविंग के सैकड़ों स्वयंसेवकों एवं पदाधिकारियों तथा आम नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर पर्यावरण-संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। पूरे परिसर में सेवा-भाव, प्रकृति-प्रेम और हरित चेतना का अद्भुत संगम दिखाई दिया।

**युवा बनें प्रकृति के प्रहरी–सविता शर्मा**

कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग की संचालिका एवं कैलाश ग्रुप ऑफ होस्पिटल की डायरेक्टर सविता शर्मा ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवा केवल राष्ट्र के भविष्य के निमार्ता नहीं, बल्कि प्रकृति के सजग प्रहरी भी हैं। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया छोटा-सा पौधा कल किसी बच्चे को छाया, किसी पक्षी को आश्रय और मानवता को प्राणवायु देगा। इसलिए पौधा लगाना ही नहीं, उसे वृक्ष बनने तक सहेजना हमारा दायित्व है।

उन्होंने युवाओं से अपने जन्मदिन और शुभ अवसरों पर पौधारोपण को जीवन-संस्कार बनाने तथा प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया।

युवा जागे तो वन मुस्काए,
धरती फिर से गीत सुनाए;
एक-एक हाथ बने हरित प्रहरी,
भारत हरित प्रभात सजाए।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पंकज जी, विपुल गुप्ता संजय, अरूणिमा, छवि, राखी, इन्दु जी, सरला जी एवं संजय जी और और मीडिया प्रभारी भगवत प्रसाद शर्मा ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण-संरक्षण का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष धरती के मौन तपस्वी हैं–जो स्वयं धूप सहकर संसार को शीतल छाया, प्राणवायु और जीवन देते हैं।

कार्यक्रम का समापन अधिकाधिक पौधे लगाने तथा रोपे गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का सामूहिक संकल्प लेकर हुआ।

श्री अरण्यम केवल एक वन नहीं, बल्कि एक जीवंत विचार है–कि दृढ़ इच्छाशक्ति, सामूहिक पुरुषार्थ और प्रकृति के प्रति संवेदना से बंजर धरती को भी जीवनदायिनी हरित धरोहर में बदला जा सकता है।

वृक्ष रहें तो प्राण रहें,
वृक्ष रहें तो साँस;
हरित धरा की गोद में,
सुरक्षित रहे विकास।

**–सविता शर्मा**
**डायरेक्टर कैलास ग्रुप ऑफ हास्पिटल संचालिका आर्ट ऑफ लिविंग**

# पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का सम्मान एवं एमएम कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों के सम्मान एवं एमएम कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में देखा गया। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग, जनपद गाजियाबाद द्वारा विकास भवन स्थित दुर्गावती सभागार में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों के सम्मान समारोह एवं एमएम कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

**पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण: विधायक**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक, गाजियाबाद संजीव शर्मा रहे। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि संजीव शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में आगे बढ़ने एवं विकास करने का अधिकार है।





इसी क्रम में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा विभिन्न वर्गों के कर्मचारियों के मानदेय में निरंतर वृद्धि की जा रही है। इससे पूर्व शिक्षकों, राशन विक्रेताओं तथा पीआरडी स्वयंसेवकों के मानदेय में वृद्धि की गई थी तथा अब रसोइयों के मानदेय में भी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति तत्काल करनी पड़ती है, जिसके लिए कई बार लोगों को ऋण अथवा ब्याज पर धन की व्यवस्था करनी पड़ती है। ऐसी परिस्थितियों में आर्थिक बोझ को कम करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न वर्गों को स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे आवश्यकता के समय उन्हें समुचित सहायता प्राप्त हो सके। कहा कि विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनपद की विभिन्न तहसीलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में माननीय विधायक श्रीमती मंजू शिवाच तथा लोनी तहसील में माननीय विधायक नंदकिशोर गुर्जर की उपस्थिति में रसोइयों का सम्मान एवं उत्साहवर्धन किया गया।

# प्रदेश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध, अफवाहों पर न दें ध्यान, जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर होगी कठोर कार्रवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी) ।** जिलाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि प्रदेश में वर्तमान में चीनी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न दिया जाये। जन सामान्य अपनी आवश्यकता के अनुरूप चीनी खुले बाजार से प्राप्त कर सकते हैं।सरकार के एतद्वारा जनपद के समस्त चीनी के थोक व्यापारियों से अपेक्षा की जाती है कि भारत खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, के पोर्टल https:// foodstock. dfpd.gov.in/ पर चीनी के स्टॉक की स्थिति तत्काल घोषित करें, एवं उसे नियमित रूप से अद्यतन भी करते रहें। जनपद के थोक व्यापारियों के स्टॉक की आकस्मिक जॉच करायी जायेगी,

**पोर्टल https:// foodstock. dfpd.gov.in/ पर चीनी के स्टॉक की स्थिति तत्काल घोषित करें, एवं उसे नियमित रूप से अद्यतन भी करते रहें**

एवं यदि कोई व्यक्ति,व्यापारी जमाखोरी,कालाबाजारी में संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्राविधानों के अनुसार कठोरतम विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

# भारत में फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी के बढ़ते क्षेत्र को शारदा यूनिवर्सिटी में मिला वैश्विक मंच

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** शारदा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी में नवीनतम रुझान एवं तकनीक विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया था। इसमें पेरिस की प्रतिष्ठित फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजिस्ट डॉ. आइदा बेन चेख ने विशेषज्ञ के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। डॉ. आइदा फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट ऑफ पेरिस में पहचान एवं ट्रॉमेटोलॉजी की विशेषज्ञ हैं। वह नेशनल साइंटिफिक पुलिस सर्विस में सुपरिंटेंडेंट के रूप में भी कार्य करती हैं और एसडब्ल्यूजी डीवीआई इंटरपोल की सदस्य हैं।




फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी, जिसे डेंटल फॉरेंसिक्स भी कहा जाता है, दंत चिकित्सा की एक विशेष शाखा है, जिसमें दांतों से जुड़े वैज्ञानिक ज्ञान का इस्तेमाल कानूनी और फॉरेंसिक जांच में किया जाता है। आपराधिक मामलों और आपदा पीड़ितों की पहचान में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जहां दांतों, बाइट मार्क्स और मुंह से जुड़ी संरचनाओं का अध्ययन कर व्यक्ति की पहचान स्थापित करने और चोट से जुड़े साक्ष्यों को समझने में मदद मिलती है। दुनियाभर में महत्वपूर्ण माने जाने वाले इस क्षेत्र को भारत में भी तेजी से पहचान मिल रही है। कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और मेडिको-लीगल जांच में फॉरेंसिक विशेषज्ञता की बढ़ती जरूरत के साथ युवा डेंटल प्रोफेशनल्स के लिए इस क्षेत्र में नए अवसर भी सामने आ रहे हैं।

डॉ. आइदा ने अपने अंतरराष्ट्रीय अनुभव और विशेषज्ञता को विद्यार्थियों के साथ साझा करते हुए उन्हें फॉरेंसिक साइंसेज के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस क्षेत्र में हो रहे बदलावों, नई तकनीकों और शोध की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों के शोध कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, मैं विद्यार्थियों के उत्साह और उनके शोध कार्य को देखकर बेहद प्रभावित हुई। खास तौर पर यह देखकर खुशी हुई कि बीडीएस के विद्यार्थी स्नातक स्तर पर रहते हुए भी शोध पत्र प्रकाशित कर रहे हैं। फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी ऐसा क्षेत्र है, जहां दंत चिकित्सा के ज्ञान का इस्तेमाल पहचान और जांच में किया जाता है। विद्यार्थियों को नई तकनीकों को सीखने के साथ-साथ शोध और व्यावहारिक अनुभव पर लगातार ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यही उन्हें इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए तैयार करेगा।

इस सत्र का समन्वय शारदा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज की फॉरेंसिक ओडोंटोलॉजी यूनिट की प्रभारी डॉ. पारुल खरे ने किया था। डॉ. आइदा का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा, हमारा प्रयास हमेशा से विद्यार्थियों की अकादमिक पढ़ाई के साथ शोध और व्यावहारिक अनुभव को जोड़ना रहा है। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ संवाद से विद्यार्थियों को अपने विषय को एक नए नजरिए से समझने का अवसर मिलता है। डॉ. आइदा का अनुभव हमारे विद्यार्थियों के लिए बेहद प्रेरणादायक रहा और इससे शोध के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट, पोस्टर और शोध पत्र भी प्रदर्शित किए गए थे।

# नशे की रोकथाम हेतु चलाए जाएं विशेष अभियान : एडीएम सिटी विकास कश्यप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जनपद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन पर एडीएम सिटी विकास कश्यप की अध्यक्षता में नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की महत्वपूर्ण बैठक हुई।

छात्र-छात्राओं के सुरक्षित एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रशासन ने विद्यालयों के आसपास नशे से संबंधित दुकानों के संचालन पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होने संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों के निर्धारित दायरे में किसी भी प्रकार की शराब, तंबाकू या अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षणिक संस्थानों के समीप नशे की दुकानों का संचालन न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे विद्यार्थियों के भविष्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अतः ऐसे मामलों में संबंधित विभाग तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि इस संबंध में नियमित निरीक्षण किया जाए तथा उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को एक सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण प्रदान किया जा सके।



उन्होने निर्देश दिए कि जनपद में होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, सार्वजनिक स्थलों तथा संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित जांच अभियान संचालित किए जाएं। नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही युवाओं एवं आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कहीं भी नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार की सूचना मिले तो तत्काल प्रशासन अथवा पुलिस को अवगत कराएं, जिससे समयबद्ध कार्रवाई की जा सके।

बैठक के दौरान औषधि निरीक्षक जनपद-गाजियाबाद ने अवगत कराया कि पूर्व के आदेशों के क्रम में जनपद गाजियाबाद में नशे की रोकथाम पर किये गये कार्य में जनपद में मनप्रभावी औषधि के अवैध व्यापार के विरुद्ध अभियान चलाते हुये दिनांक 18.07.2026 को एन० सी० बी० जम्मू के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुये कौशाम्बी स्थित प्रवीन मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की कार्यवाही करके लगभग 70000/ की नशीली औषधियों को सीज करके 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा उक्त मेडिकल स्टोर के क्रय-विक्रय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गयी। जनपद-गाजियाबाद के इन्द्रापुरम स्थित थोक विक्रेता के प्रतिष्ठान से संदेह के आधार पर 08 औषधियों के नमूने संगृहीत करके जाँच हेतु राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ को प्रेषित किया गया तथा 192000/ कीमत की औषधियों को नमूनों की जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने तक फ्रीज किया गया।

**निर्देश**

## डीएम ने कसी स्वास्थ्य विभाग की नकेल, लापरवाही पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# सीएचसी-पीएचसी में साफ-सफाई और इलाज की गुणवत्ता सुधारने पर जोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मेरठ ( जावेद अब्बासी )।** विकास भवन सभागार में सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि जिले की सभी सीएचसी और पीएचसी की नियमित निगरानी की जाए। स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई, भोजन और इलाज की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आशा कार्यकताओं के भुगतान की समीक्षा करते हुए जिले का औसत भुगतान 10 हजार रुपये प्रतिमाह सुनिश्चित करने को कहा। लापरवाही मिलने पर संबंधित बीएएम से जवाब-तलब करने के निर्देश दिए।

आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश , डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र लोगों के शत-प्रतिशत कार्ड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने नई गाइडलाइन के अनुसार अस्पतालों की पात्रता की जांच कर नियमानुसार सूचीबद्धता की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



बैठक में एंबुलेंस, उपकरण खरीद, बिल भुगतान सहित यूनिसेफ, डब्ल्यूएचओ और यूएनडीपी से जुड़े कार्यों की भी समीक्षा की गई। डीएम ने लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीडीओ नूपुर गोयल, सीएमओ डॉ. राम प्रसाद, एसीएमओ, एमओआईसी, सीडीपीओ समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कुक्कुट पालन से संवारें भविष्य : बैकयार्ड पोल्ट्री योजना के अंतर्गत 800 लाभार्थियों का किया जाएगा चयन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डॉ. एस.पी. पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित बैकयार्ड पोल्ट्री योजना वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद में अनुसूचित जाति वर्ग के निर्बल एवं पात्र व्यक्तियों के लोककल्याण तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से योजना का संचालन किया जा रहा है।योजनान्तर्गत कुक्कुट पालन में रुचि रखने वाले 500 पुरुष एवं 300 महिला अभ्यर्थियों, कुल 800 लाभार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। पात्र एवं योग्य लाभार्थियों का चयन ग्रामीण एवं जनपद स्तर पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक आवेदक को अपने ग्राम प्रधान,ग्राम प्रशासक एवं संबंधित पशु चिकित्साधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। ग्रामीण स्तर पर लाभार्थियों का चयन ग्राम प्रधान एवं संबंधित पशु चिकित्साधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके उपरांत जनपद स्तर पर अनुसूचित जाति वर्ग के निर्बल एवं पात्र व्यक्तियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

# ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**सैदनगर।** अजीमनगर थाने में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान पुलिस ने जुलूसे मोहम्मदी के दौरान किसी धर्म पर टीका टिप्पणी न करने की अपील की।शांति समिति की बैठक में मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्र अधिकारी टांडा पंकज पंत ने लोगों से शांतिपूर्वक जुलूस निकालने की अपील की। बैठक के दौरान क्षेत्र के लोगों से सोशल मीडिया पर भड़काऊ खबरों पर ध्यान न देने को कहा गया। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर सिंह ने कहा जुलूसे मोहम्मदी में कोई भी दूसरे धर्म पर टीका टिप्पणी न करें। उन्होंने कहा त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं मोहब्बत के साथ मनाया जाए। उन्होंने जुलूस के दौरान कोई नई परंपरा ना डालने की अपील की।इससे पहले प्रभारी निरीक्षक ने थाने क्षेत्र से आए समस्त ग्राम वासियों से उनकी अलग-अलग समस्याएं जानी। जुलूस के रास्तों को लेकर ग्राम प्रधान से बात की गई। इस मौके पर चौकी इंचार्ज चंद्र विक्रम सिंह, विनोद कुमार, अनुज कुमार, संदीप कुमार, विपिन कुमार, प्रधान मोहम्मद अफजाल, मोहम्मद रऊफ, शाकिर प्रधान, बबलू प्रधान, अफरोज खान, बाबूराम प्रधान, मुबशशिर मियां, मोहम्मद राशिद, आदि क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।


बैठक को संबोधित करते अधिकारी

# रेलवे स्टेशन,बस अड्डे पर जरूरतमंद लोगों को दिए खाने के पैकेट

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** अंजुमन फलाहे इंसानियत की ओर से बरोज पीर मस्जिद मुस्लिम मुसाफिरखाने में हमेशा की तरह खाना तैयार किया गया। खाने को साफ-सुथरी पैकिंग में पैक करके मस्जिद में आने वाले जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित किया गया। इसके बाद रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, थाने के सामने और शाहबाद गेट तक पहुंचकर जरूरतमंद लोगों में खाने के पैकेट वितरित किये। अंजुमन की ओर से कहा कि भूखों और जरूरतमंदों को खाना खिलाना एक बड़ा कार-ए-खैर और इंसानियत की सेवा है।जरूरतमंदों की मदद करना और भूखों को खाना खिलाना इस्लामी शिक्षाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। बुधवार को पैगंबर-ए-रहमत हजरत मुहम्मद मुस्तफा की आमद-ए-मुबारक, रहमतुल्लिल-आलमीन होने की मुनासबत से यौमे रहमत मनाया जाएगा। इस मौके पर जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच अंजुमन फलाहे इंसानियत की ओर से विशेष किट वितरित की जाएगी।

**हर सोमवार, गुरुवार को मस्जिद में तैयार होता है खाना**


रेलवे स्टेशन के सामने वाली मस्जिद मुस्लिम मुसाफिरखाने में पैकेट बनाते।




# कांवड़िए की बाइक की टक्कर से गिरी महिला, डीसीएम ने कुचला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में लखनऊ हाईवे पर रामपुर बॉर्डर के पास रेलवे पुल पर सोमवार सुबह हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई।

**सावन के आखिरी सोमवार को शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रही थी, हादसे में मौत**

कांवड़िए की बाइक की टक्कर से महिला सड़क पर गिर गई। इसी दौरान पीछे से आ रही कांवड़ियों की डीसीएम ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर मौके से फरार हो गया।

मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नवाबपुरा निवासी अंकित सावन के आखिरी सोमवार पर अपनी पत्नी गीता (20) और बहन मीनाक्षी के साथ बाइक से पंजाबनगर स्थित शिव मंदिर में जल चढ़ाने जा रहे थे। सुबह करीब सात बजे वे लखनऊ हाईवे पर रामपुर बॉर्डर के पास रेलवे पुल पर पहुंचे थे। इसी दौरान कांवड़ लेकर जा रहे एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और गीता सड़क पर जा गिरी।इसी दौरान पीछे से आ रही कांवड़ियों की डीसीएम ने गीता को कुचल दिया।

हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची।परिजन उसे उपचार के लिए ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजन पहले बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। बाद में मायके पक्ष की मांग पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।


महिला का फाइल फोटो

# सौर ऊर्जा से चलने वाली प्रणाली वन्यजीवों को बस्तियों से दूर रखेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डीएफओ डॉ. विनय कुमार ने बताया कि वन्यजीवों को खेतों और मानव बस्तियों में प्रवेश करने से रोकने के लिए सौर ऊर्जा से संचालित स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है।यह प्रणाली हाथी, बाघ, तेंदुआ, जंगली सूअर और हिरण जैसे वन्यजीवों को दूर रखने में मदद करती है। उन्होंने बताया कि प्रणाली में गति संवेदक लगे होते हैं। वन्यजीव की गतिविधि का पता चलते ही यह तेज रोशनी और ध्वनि वाला अलार्म उत्पन्न करती है। अचानक रोशनी और तेज आवाज से वन्यजीव वहां से दूर चले जाते हैं। इससे वन्यजीवों और ग्रामीणों के बीच संघर्ष की स्थिति को कम करने में मदद मिल सकती है।


जंगल में लगा अलार्म

## संक्षिप्त समाचार

# बैंक के सचिव की पदोन्नति के उपलक्ष्य में दी बधाई

**रामपुर।** जिला सहकारी बैंक सचिव-मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर पदोन्नति होने के उपलक्ष्य में कोऑपरेटिव बैंक वर्क्स यूनियन ने बधाई दी। यूनियन अध्यक्ष मोहम्मद जुहैब ने कहा कि सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी का कर्मचारियों के प्रति व्यवहार सदैव सकारात्मक एवं सहयोगात्मक रहा है। यूनियन को पूर्ण विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में बैंक निरंतर प्रगति करेगा तथा कर्मचारियों के हितों से जुड़े विषयों का भी सकारात्मक समाधान होगा। इस अवसर पर पं. रामबाबू शर्मा, मुराद अली खान, अमित केवट, संतोष कुमार, योगेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


पुष्पगुच्छ भेंट करते पं.रामबाब व अन्य।

# हर-हर महादेव के जयकारों के साथ कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बिलारी।** सोमवार को बृजघाट से कांवड़ में पवित्र गंगाजल लेकर लौटे शिवभक्त कांवड़ियों ने मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के मंदिर पहुंचते ही हर-हर महादेव और जय महाकाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। कावड़ियों ने बृजघाट से पवित्र गंगाजल लाकर भगवान शिव को अर्पित किया।पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मोहल्ले की महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग और अन्य श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।कांवड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कांवड़ बेड़े में शामिल सनी भोला, सचिन भोले, राजकुमार भोले, आकाश भोले, आशीष भोले, उमेश भोले, मुकेश भोले, तरुण भोले, अंकित भोले, शुभम भोले, विनीत भोले, अक्षय भोले, चिराग भोले, विष्णु भोले, सुनील भोले, सोमिल भोले, दक्ष भोले, मयंक भोले, अंशुल भोले, कृष्णा भोले, सारांश भोले, इसलोक भोले, शिवम भोले, आदर्श भोले, किशन भोले, नन्नू भोले, शिव भोले, अमित भोले और मनीष भोले सहित सभी शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया।बेड़े के महंत अखिलेश भोले के नेतृत्व में कांवड़ यात्रा संपन्न हुई। व्यवस्थापक अभिषेक भोले ने बताया कि शिवभक्तों ने बृजघाट से गंगाजल लाकर परंपरा के अनुसार शिव मंदिर में जल अर्पित किया। बेड़े के संयोजक भगवान चंद सक्सेना, रोमी बंसल, सोनू शर्मा और राजू बंसल सहित अन्य मोहल्लेवासियों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। जलाभिषेक के दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव, बोल बम और जय महाकाल के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में शिवभक्तों ने भगवान भोलेनाथ का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।


पूजा अर्चना के दौरान मौजूद भक्त

# दो शावकों के साथ खेत में घूमती दिखी मादा तेंदुआ,वीडियो वायरल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर मादा तेंदुआ और उसके दो शावकों का खेतों में घूमते हुए वीडियो वायरल होने से लोगों में दहशत फैल गई। वायरल वीडियो ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के काशीराम नगर कॉलोनी के पास छात्रावास के आसपास का बताया जा रहा है।

वीडियो में रात के समय मादा तेंदुआ अपने दोनों शावकों के साथ खेत में जाती हुई दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि रात में खेतों की ओर जाते समय कुछ लोगों की नजर तेंदुआ और उसके शावकों पर पड़ी। लोगों ने मोबाइल से वीडियो बना लिया, जो सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने लगा। वीडियो सामने आने के बाद आसपास के लोगों में भय का माहौल है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना देकर क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुए की मौजूदगी से खेतों में काम करने और रात के समय आवागमन को लेकर डर बना हुआ है। वन विभाग की टीम द्वारा मामले की जानकारी जुटाने के साथ ही क्षेत्र में निगरानी किए जाने की बात कही जा रही है।

# समाजवादी नेताओं ने जगह जगह स्वागत किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** पूर्व अध्यक्ष गन्ना समिति के अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता भगत सिंह बॉबी सोमवार को उत्तर प्रदेश में पी डी ए की आगामी विधान सभा चुनाव में सफलता के लिए हरिद्वार से कांवड़ लेकर अमरोहा पहुंचे जिन का समाजवादी नेताओं ने जगह जगह स्वागत किया गया। गजरौला में वरिष्ठ नेता विजयपाल सिंह,करन सिंह,जितेन्द्र कुमार। विकास कुमार, मुकेश सिंह,कामेंद्र कुमार ने और रजब पुर में महमूद अली की टीम के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया।जबकि रजब पुर में दर्जनों समाजवादी पार्टी के नेताओं ने भगत सिंह बॉबी का स्वागत किया।उधर जोया पहुंचने पर परवेज अली पूर्व विधान परिषद सदस्य(मुरादाबाद-बिजनौर)के साथ जाहिद हुसैन पूर्व चैयरमेन,साजिद अली,कामिल पाशा,मोनू खान,मुजाहिद,मुन्शाद अली ,जमशेद।नौशे अली समर पाल सिंह आदि ने स्वागत किया।इस अवसर पर परवेज महबूब अली ने कहा कि भगत सिंह राष्ट्रीय एकता के प्रतीक के रूप में सदैव कार्य करते रहे हैं और आज भी प्रदेश वासियों को




विभिन्न समस्याओं से निजात दिलाने और आपसी सद्भाव का वातावरण बनाने के लिए हरिद्वार से कांवड़ लाये हैं ताकि भोले शंकर उन से प्रसन्न होकर अवश्य उनकी मनोकामना पूरी करें।परवेज महबूब अली ने कहा कि हम सभी को एक दूसरे के साथ रह सभी त्योहारों को मनाना चाहिए ताकि आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहे। उन्हों ने कहा कि आज प्रदेश की हालत किसी से ढकी छुपी नहीं है महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों का जीवन कठिन हो गया है।जोया में स्वागत के बाद भगतसिंह बॉबी ने कहा कि प्रदेश की सरकार के अत्याचारों से परेशान हो गई है। चोरी डकैती हत्या महंगाई बेरोजगारी नफरत और अलगाव से समाज का ताना बाना टूट रहा है ,भाजपा नफरत के साथ के साथ अपने राजनैतिक हिट साध रही है जिस के कारण भारत की एकता की प्राचीन परम्परा को भारी आघात लगा है लेकिन अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में पी डी ए की सरकर पूर्ण बहुमत से आएगी जिस से प्रदेश की जनता को नफरत और महंगाई से निजात मिलेगी।उन्हों ने कहा कि प्रदेश की जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है और पी डी ए की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। इस के बाद उन्हों ने जोया के शिव मंदिर में जल चढ़ाकर अपने और प्रदेश की जनता के कल्याण की प्राथार्ना की उनके साथ कावर यात्रा में धर्मेन्द्र सिंह बिट्टू,बी एस आर्य,जितेंद्र सिंह, विरेन्द्र सिंह प्रधान,धर्मेन्द्र कुमार प्रधान,पारस कुमार,अनुज कुमार,सुनील कुमार प्रधान, जयदेव सिंह, सुरेन्द्र चौधरी,राजेश अग्रवाल, मोहित प्रधान, कृपाल सिंह,हरसवरूप सिंह, शिव लाल,अजयपाल सिंह और सैकड़ों लोग शामिल थे।

# सलेमपुर में पकड़ा गया तेंदुआ, अब तक आठ का रेस्क्यू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** ग्राम सलेमपुर में वन विभाग की टीम ने ट्रैप केज के माध्यम से एक तेंदुए को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर लिया। इसके साथ ही जिले में अब तक आठ तेंदुओं का रेस्क्यू किया जा चुका है।वन विभाग के अनुसार, क्षेत्र के कई गांवों में तेंदुए देखे जाने की सूचनाएं लगातार मिल रही हैं। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रही हैं। तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ट्रैप कैमरे और अन्य संसाधनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।वन विभाग ने ग्रामीणों से सतर्क रहने और तेंदुआ दिखाई देने पर उसे घेरने या पकड़ने का प्रयास नहीं करने की अपील की है। किसी भी वन्यजीव की सूचना तत्काल वन विभाग को देने को कहा गया है।


पिजरें में कैद तेंदुआ

# 21 साल बाद पूरी हुई रसूलपुर नगली की चकबंदी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सदर तहसील के ग्राम रसूलपुर नगली में 21 वर्षों से चल रही चकबंदी प्रक्रिया आखिरकार पूरी हो गई।जिलाधिकारी एवं जिला उप संचालक चकबंदी डॉ. राजेंद्र पैसिया तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के निर्देशन में चकबंदी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रक्रियाएं पूरी कीं। चकबंदी के दौरान त्रुटिपूर्ण इंद्राजों को दुरुस्त करते हुए ग्राम समाज की भूमि में 62.321 हेक्टेयर की बढ़ोतरी दर्ज की।ग्राम रसूलपुर नगली को पांच फरवरी 2005 को चकबंदी प्रक्रिया में शामिल किया गया था। तहसील से प्राप्त आधार वर्ष की खतौनी में ग्राम समाज की विभिन्न मदों में कुल 6.8430 हेक्टेयर भूमि दर्ज थी। चकबंदी के दौरान अभिलेखों की जांच में नदी और रामगंगा मद की भूमि के साथ ही करीब 39 हेक्टेयर रेत मद की भूमि में भी त्रुटिपूर्ण इंद्राज पाए गए।चकबंदी प्रक्रिया के दौरान इन त्रुटिपूर्ण इंद्राजों को निरस्त कर श्रेणी-6 के सभी मदों का क्षेत्रफल 1359 फसली खतौनी के अनुसार संबंधित मूल मदों में दर्ज किया।इसके अलावा गांव की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कब्रिस्तान, श्मशान और अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि सुरक्षित की गई।

**त्रुटिपूर्ण इंद्राज निरस्त कर ग्राम समाज की भूमि 6.843 से बढ़कर 69.164 हेक्टेयर हुई**

## चकमार्ग और नालियों की भी हुई व्यवस्था

**मुरादाबाद।** चकबंदी के दौरान प्रत्येक चकदार को अपने खेतों तक आने-जाने के लिए चकमार्ग तथा सिंचाई के लिए नालियों की व्यवस्था की गई। इससे ग्रामीणों को खेतों तक पहुंचने और सिंचाई में सुविधा मिलने की उम्मीद है। चकबंदी से पहले ग्राम समाज की विभिन्न मदों में कुल 6.8430 हेक्टेयर भूमि दर्ज थी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद ग्राम समाज की विभिन्न मदों में कुल 69.1640 हेक्टेयर भूमि दर्ज की गई है। इस तरह आधार अभिलेखों के सापेक्ष ग्राम समाज की भूमि में कुल 62.3210 हेक्टेयर की वृद्धि हुई है। अधिकारियों के अनुसार चकबंदी के बाद ग्राम समाज की भूमि को 1359 फसली खतौनी के अनुरूप दर्ज किया गया है। इससे लंबे समय से लंबित अभिलेखीय प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही ग्राम समाज की भूमि का रिकॉर्ड भी व्यवस्थित हो गया है।

**जलाभिषेक** रात दो बजे से शुरू हुआ जलाभिषेक, 84 घंटा और झारखंडी मंदिर में चढ़े हजारों कांवड़

# सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सावन के आखिरी सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए शहर के प्रमुख शिवालयों में देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

कांवड़ और कलश में गंगाजल लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। भीड़ का आलम यह रहा कि 84 घंटा मंदिर और बाबा झारखंडी मंदिर में रुद्राभिषेक के बाद मंदिरों के कपाट बंद नहीं किए जा सके। रात करीब दो बजे से ही जलाभिषेक शुरू करा दिया गया। सोमवार सुबह दस बजे तक दोनों मंदिरों समेत अन्य प्रमुख शिवालयों में लंबी कतारें लगी रहीं।

84 घंटा मंदिर के पुजारी विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि रात में मंदिर बंद नहीं हो सका। रुद्राभिषेक के तुरंत बाद साफ-सफाई कराकर करीब दो बजे से जलाभिषेक शुरू करा दिया गया।सुबह तक करीब 35 से 40 हजार कांवड़िए और कलश लेकर पहुंचे श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे।

हालांकि, डाक कांवड़ के जरिये गंगाजल लाने वालों की संख्या अपेक्षाकृत कम रही। झारखंडी मंदिर के महंत भोलेनाथ ने बताया कि मंदिर में भी रातभर श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही।रुद्राभिषेक के बाद जलाभिषेक शुरू करा दिया गया। सुबह तक करीब 15 से 20 हजार श्रद्धालु भगवान शिव को जल चढ़ा चुके थे।इसके बाद भी कांवड़ और कलश लेकर आने वाले श्रद्धालुओं तथा डाक कांवड़ का सिलसिला जारी रहा। रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना श्री हनुमान मंदिर में भी पहली बार रातभर श्रद्धालुओं की भीड़ रही और मंदिर बंद नहीं हो सका।मंदिर के सदस्य बिल्लू कटयाल ने बताया कि रात से ही कांवड़ियों के जत्थे पहुंचने लगे थे। सुबह तक करीब 500 से 600 कांवड़ चढ़ाई जा चुकी थीं। माता मंदिर लाइनपार के मुख्य पुजारी दिनेश सैनी ने बताया कि भीड़ को देखते हुए रुद्राभिषेक के बाद रात करीब दो बजे से ही जलाभिषेक शुरू करा दिया गया था। कांवड़ियों की संख्या हजारों में पहुंच गई। इसी तरह ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में भी रात करीब तीन बजे से जलाभिषेक शुरू कर दिया गया।



मंदिरों के आसपास प्रसाद, पूजा सामग्री, खिलौने और अन्य सामान की दुकानें सजने से मेले जैसा माहौल बना रहा। शहर के प्रमुख शिवालयों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। 84 घंटा और बाबा झारखंडी मंदिर में ही करीब 60 हजार कांवड़ चढ़ाए जाने का अनुमान है।

अन्य शिवालयों में हुए जलाभिषेक को जोड़ें तो शहर में सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या करीब 80 हजार तक पहुंचने का अनुमान है। सावन के अंतिम सोमवार को शहर में हर ओर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com

# सावन के आखिरी सोमवार को सुबह से लगी लंबी कतारें

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**रामपुर।** सावन के आखिरी सोमवार को मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। सुबह से ही प्राचीन शिव मंदिरों में कांवड़ियों का पहुंचना शुरू हो गया। कांवड़ियों ने बाबा भोलेनाथ को गंगाजल चढ़ाकर मनौतियां मांगी। भक्तों ने दूध, बेल-पत्र व जलाभिषेक करते हुए बड़ी संख्या में

**छावनी में तब्दील रहे जिले भर के मंदिर, पुलिस भी रही तैनात**

महिलाओं ने भगवान शिव की अराधना की। बारिश में पुलिस अधिकारी भी मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

रूक-रूक हो रही बारिश में भी भक्तों में आस्था का जज्बा कम नहीं हुआ। कांवड़ लाने वाले भक्तों ने जलाभिषेक किया। सोमवार तड़के ही रठौंडा स्थित ऐतिहासिक शिव मंदिर, पंजाबनगर शिव मंदिर, भमैराआ शिवमंदिर में कांवड़ियों ने हजारों की संख्या में जल चढ़ाया। उसके बाद धीरे धीरे करके मंदिरों में बारिश में ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। लाइन में लगकर मदिर में भगवान के दर्शन करने का इंतजार करते रहे।इसके अलावा शहर स्थित कृष्णा मंदिर, शिव मंदिर, हरी-हर मंदिर, श्री हरि मंदिर, मनोकामना लक्ष्मी मंदिर, मिस्टनगंज स्थित मंदिर में तड़के से ही भक्तों का पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान भोले बाबा के जयकारों से मंदिर गूंजे उठे। दस बजे तक शिवालयों में लोगों की कतारें लगना शुरू हो गई थीं, बड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान भोलेनाथ पर जल और दूध अर्पित किया, बेलपत्र-धतूरा आदि चढ़ाकर पूजा की। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहा। आखिरी सोमवार होने के कारण देर शाम तक मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ रही।





मंदिर का निरीक्षण करते एएसपी व मंदिर में लाइन में लगे भक्त

**बाबा के भजनों पर झूमे भक्त**

हाईवे पर भक्तों में भगवान के प्रति आस्था देखने को मिली। हाईवे पर सोमवार शाम तक भक्त कांवड़ लाते रहे। इस दौरान शंकर भगवान के भजन गूंजते रहे। युवकों के ग्रुप जल लाकर मंदिरों में चढ़ाते रहें। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। हाईवे पर पुलिसकर्मी कांवड़ियों को निकलवाते रहे। डीजे बजते हुए आने वाली ट्रैक्टर-ट्रालियों को पुलिस रास्ता देती रही। भक्त नाचते गाते हुए चलते रहे।



मंदिर में जल चढ़ाते भक्त

# सौलत लाइब्रेरी का 92 स्थापना दिवस 6 सितंबर

## 15 दिन तक लाइब्रेरी में आयोजित होंगे कार्यक्रम

बुलन्द संदेश, ब्यूरो

**रामपुर।** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी के सचिव डॉ.अदनान जियाई ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी लाइब्रेरी का स्थापना दिवस 6 सितंबर को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 अगस्त से शुरू होकर 20 सितम्बर तक अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके संयोजक बनाए गए है।

स्थापना दिवस के मौके पर 30 अगस्त को किरात प्रतियोगिता जिसमें सीनियर, जूनियर ग्रुप का मुकाबला होगा। 6 सितम्बर को नात प्रतियोगिता, 13 को भाषण प्रतियोगिता होगा। जिसका शीर्षक क्या टैक्नालॉजी नैतिक मूल्यों के पतन के लिए जिम्मेदार है। भाषण हिन्दी या उर्दू में ही होगा। इसके अलावा 19 को महफिल ए मुशायरा रात 9 बजे, 20 को पांडुलिपियों व दुर्लभ किताबों की प्रदर्शनी लगेगी। लोकतंत्र में अल्पसंख्यकों की भागीदारी की गोष्ठी होगी। 21 सितम्बर की शाम पुरस्कार वितरण होगा। प्रेस वार्ता में जीशान मो.खां मुराद, डॉ.अनवार उल हसन मौजूद रहे।



सौलत लाइब्रेरी में आयोजित प्रेसवार्ता में शामिल सचिव डॉ.अदनान जियाई

# 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने के आदेश पर पुनर्विचार करें सरकार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन के कन्वीनर सज्जादुल्ला ने प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर मान्यता शुल्क पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने के आदेश पर सरकार पुनर्विचार करें। कन्वीनर ने कहा कि शिक्षा कोई सामान्य व्यावसायिक वस्तु नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद है। ग्रामीण एवं कस्बा क्षेत्रों में अनेक छोटे और मध्यम विद्यालय सीमित संसाधनों के बावजूद बच्चों को शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं।

ऐसे संस्थानों पर मान्यता शुल्क के अलावा 18 प्रतिशत जीएसटी का आर्थिक भार उनकी कठिनाइयों को ओर बढ़ा सकता है। जिसका अप्रत्यक्ष प्रभाव अभिभावकों पर पड़ सकता हैं। एसोसिएशन किसी वैधानिक कर व्यवस्था का विरोध नहीं कर रही है, बल्कि सरकार से आग्रह है कि शिक्षा जैसे समाजिक एवं बुनियादी क्षेत्र पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालने से पहले उसके व्यापक समाजिक प्रभाव का आंकलन किया जाए।

# ईद-ए-मिलादुन्नबी (बारावफात) पर्व पर कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए मजिस्ट्रेट तैनात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया 26 अगस्त को ईद-ए-मिलाद (बारावफात) पर्व के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्रों में अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि थाना सिविल लाइन में तहसीलदार सदर रणवीर सिंह,थाना कोतवाली में खंड विकास अधिकारी चमरौआ प्रमोद सिंह, थाना गंज में जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा,थाना स्वार में खंड विकास अधिकारी स्वार नरेंद्र गंगवार को तैनात किया है। थाना टांडा में तहसीलदार टांडा निश्चय कुमार, थाना आजीमनगर में खंड विकास अधिकारी सैदनगर अमित कुमार, थाना मिलक खानम में सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड उदयपाल सिंह को तैनात किया है। बिलासपुर में तहसीलदार बिलासपुर शिव कुमार शर्मा, थाना खजुरिया में चकबंदी अधिकारी बिलासपुर चरण सिंह विमल, थाना केमरी में अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नीरज रस्तोगी, थाना भोट में खंड विकास अधिकारी बिलासपुर राजेश

**जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जुलूस एवं जलसों को सकुशल संपन्न कराने तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के दिए निर्देश**

कुमार, थाना मिलक में नायब तहसीलदार मिलक हरीश चंद्र जोशी,थाना शहजादनगर में खंड विकास अधिकारी मिलक शैलेंद्र सिंह, थाना पटवाई में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव खड़ायत, थाना शाहबाद में तहसीलदार शाहबाद अमित कुमार सिंह, थाना सैफनी में खंड विकास अधिकारी शाहबाद धीरेन्द्र पाल चौहान तथा महिला थाना में जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्य को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात कियाहै। निर्देशित किया कि सभी मजिस्ट्रेट अपने-अपने थाना क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए मजिस्ट्रेट के दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करें। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण मंडल, रामपुर को पर्व के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को आकस्मिक अग्निकांड एवं अन्य आपात स्थिति के दृष्टिगत सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण रखने को कहा गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि ईद-ए-मिलाद (बारावफात) पर्व के दौरान संबंधित अधिकारियों से समन्वय एवं संवाद तथा जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम सक्रिय रहेगा। कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 8445161506, 9068302632 एवं 0595-2350404 तथा व्हाट्सएप नंबर 9045299525 हैं।

# हुजूर की शान में दुरूद सलाम पढ़ें: मौलवी फैजान खां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** इमाम जामा मस्जिद नायब इमाम ऐ शहर मौलवी फैजान खां ने कहा कि ईद मिलादुन्नबी के मौके पर लोग अपने- अपने घरों, मोहल्लों और इबादतगाहों में जलसे ईद मिलादुन्नबी कराएं। हुजूर की शान में कसरत से दुरूद सलाम पेश करें। 12 रबी अव्वल पर अमन और भाईचारे कायम रखें।

जामा मस्जिद के सेक्रेटरी मुकर्रम रजा इनायती ने बताया कि आज 25 की 11 रबी अव्वल की रात इशा की नमाज के बाद जलसा सीरत उन नबी का आगाज होगा। जिसमें उलेमा किराम तकरीर करेंगे। 26 अगस्त की सुबह आठ बजे जामा मस्जिद में हुजूर की यौमे पैदाइश पर कुल शरीफ होगा। तकरीर के बाद दुआ कराई जाएगा। बाद में शिरीनी भी बांटी जाएगी।



मौलवी फैजान खां।

# चार दिन बाद खुला रुट डायवर्जन, दौड़े वाहन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** चार दिन के बाद सोमवार को रूट डायवर्जन खुल गया।जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

जगह-जगह खड़े वाहनों का दौड़ना शुरू हो गया। कई जगह जाम लग जाने के कारण मौके पर तैनात पुलिस बल ने जाम को खुलवाया।

30 जुलाई से सावन माह शुरू हो गया था। जिसमें सावन के चारों सोमवार को अधिक संख्या में भक्त कांवड़ लाकर प्राचीन मंदिरों में चढ़ाते हैं।

उसी के चलते तीन दिन के लिए पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर भारी वाहनों के लिए रूट डायर्वट कर दिया गया था।सावन का आखिरी सोमवार होने के कारण चार दिन पहले ही भारी वाहनों को बाईपास से गुजारा जा रहा था,रविवार और शनिवार को भारी संख्या में भक्त कांवड़ लेकर आए थे। सोमवार दोपहर तक कांवड़ लाने का सिलसिला जारी रहा था। जिसके बाद तीन बजे से कांवड़ यात्रा कम हो जाने के बाद हाईवे के खोल दिया गया।उसके बाद भारी वाहनों का दौड़ना शुरू हो गया। इस दौरान कई स्थानों पर जाम भी लग गया। जहां पुलिस ने जाम को खुलवाया। टीआई राजीव कुमार ने बताया कि रूट डायवर्जन खोल दिया गया है।

**सावन के आखिरी सोमवार को लेकर किया था बंद**

# जिला चिकित्सालय में एक और सफल थ्रॉम्बोलिसिस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में एक और हृदयाघात के मरीज का सफलतापूर्वक थ्रोम्बोलिसिस किया गया। मरीज सुबह सीने में दर्द की शिकायत लेकर जिला चिकित्सालय की इमरजेंसी में पहुंची थी। चिकित्सकों द्वारा तत्काल ईसीजी किए जाने पर इन्फीरियर वॉल एमआई (हार्ट अटैक) की पुष्टि हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए मेरठ मेडिकल कॉलेज के कार्डियोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क कर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की गई।

इसके बाद डॉ. प्रशांत एवं इमरजेंसी टीम द्वारा मरीज का सफलतापूर्वक थ्रॉम्बोलिसिस किया। उपचार के बाद मरीज की स्थिति स्थिर होने पर उसे आगे के बेहतर उपचार के लिए एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज, मेरठ रेफर कर दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.सी. सक्सेना ने बताया कि शासन के निर्देशो के अनुपालन में जिला चिकित्सालय में एसटेमी एसटी-सेगमेंट एलिवेशन मायोकार्डियल इन्फार्क्शन प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य हार्ट अटैक के मरीजों को समय रहते जीवन रक्षक उपचार उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाना है।कार्यक्रम के तहत मेरठ मेडिकल कॉलेज में उपलब्ध हृदय रोग विशेषज्ञों से व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से 247 संपर्क एवं चिकित्सकीय परामर्श की

**हार्ट अटैक के मरीज को समय पर मिला जीवन रक्षक उपचार, मेरठ किया रेफर**

सुविधा उपलब्ध है। मरीज की ईसीजी में हार्ट अटैक की पुष्टि होने पर विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार तत्काल थ्रॉम्बोलिसिस किया जाता है, जिससे बंद रक्त वाहिका को खोलने और हृदय की मांसपेशियों को होने वाले नुकसान को कम करने में मदद मिलती है।इसके बाद मरीज को आवश्यकतानुसार उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया जाता है।डॉ. सक्सेना ने बताया हार्ट अटैक के पहले 90 मिनट के भीतर जीवन रक्षक इंजेक्शन दिए जाने पर उपचार की सफलता की संभावना काफी बढ़ जाती है। बाजार में इस इंजेक्शन की कीमत लगभग 40 हजार रुपये है, जबकि जिला चिकित्सालय में एसटेमी कार्यक्रम के अंतर्गत यह दवा मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। बताया कि जिला चिकित्सालय में एसटेमी कार्यक्रम के तहत एक बेड भी आरक्षित किया गया है, ताकि हार्ट अटैक के मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

यह भी बताया कि अब तक इस प्रकार के तीन मरीजों को जीवन रक्षक इंजेक्शन देकर थ्रॉम्बोलिसिस किया जा चुका है।इससे पहले 20 अगस्त 2026 (गुरुवार) को भी जिला चिकित्सालय में एक मरीज का सफल थ्रॉम्बोलिसिस किया गया था।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने उपचार में शामिल चिकित्सकों एवं इमरजेंसी टीम को बधाई देते हुए कहा कि मरीजों के प्रति इसी प्रकार तत्परता, संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करते रहें, ताकि हार्ट अटैक के मरीजों को गोल्डन टाइम में जीवनरक्षक उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

**समस्या** पिछले दिनों अधिकारियों ने निर्माण कार्य को रुकवा दिया

# मंदिर में लोगों को कीचड़ से होकर जाना पड़ रहा,हो रही परेशानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सिविल लाइंस के मोहल्ला बाबा दीप सिंह नगर में प्राचीन मंदिर है, जिसमें पूजा पाठ के लिए क्षेत्र की जनता को कीचड़ आदि से होकर जाना पड़ता है। इसलिए मंदिर के आसपास चबूतरे का निर्माण करने के लिए स्थानीय निवासियों ने स्वयं निश्चय किया। जिससे वहां पर जाने वाले महिलाओं, बच्चों और भक्तजनों को बैठकर भजन पूजन करने में कोई दिक्कत ना हो परेशानी ना हो।

मंदिर और उसके आसपास की भूमि पर कुछ दबंग लोगों की नजर बहुत पहले से है।कई बार भूमि पर कब्जे का प्रयास भी किया,परंतु क्षेत्र की जनता के विरोध के कारण यह सभी प्रयास विफल हुए,लेकिन कुछ दिन पहले शिकायत के आधार पर अधिकारियों ने मंदिर के चबूतरे का निर्माण रुकवा दिया।कहे गए यहां पर कोई भी निर्माण नहीं होगा।

जिससे क्षेत्र की जनता में रोष व्याप्त है। इस बारे में लोग अधिकारियों से शिकायत तक कर चुके है,लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

**बोले लोग**

चबूतरे का निर्माण कार्य रुक जाने से लोगों को परेशानी आ रही है।

इस बारें में अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। नितिन अग्रवाल

मंदिर का निर्माण कार्य रुक जाने से अब पूजा अर्चना में भी व्यवधान उत्पन्न हो गया है,जिससे क्षेत्र की जनता ठगा सी महसूस कर रही है। इस कार्य को प्रशासनिक अधिकारियों शुरू करवाना चाहिए। राजीव सक्सेना


मंदिर और उसके आसपास की भूमि पर कुछ दबंग लोगों की नजर बहुत पहले से है। इस बारे में पहले भी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका था,लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।आशु गुप्ता

कुछ दिन पहले शिकायत के आधार पर अधिकारियों ने मंदिर के चबूतरे का निर्माण रुकवा दिया।कहे गए यहां पर कोई भी निर्माण नहीं होगा। जब केवल चबूतरे का निर्माण कराया जा रहा था। ओम बाबू

भोले बाबा खुले आसमान के नीचे रखे हुए है। धीरे-धीरे करके मोहल्लेवासी मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं कीचड़ से बचने के लिए चबूतरा बनवाया जा रहा है,लेकिन उसको रुकवा दिया गया। उमेश यादव।



नितिन अग्रवाल



राजीव सक्सेना



आशु गुप्ता



उमेश यादव



ओम बाबू



खुले रखे भगवान

## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड नंबर 16 सराए कलां में नाले खुले होने पर गिर रहे लोग

बुलन्द संदेश, ब्यूरो

**रामपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 16 लाल मस्जिद मोहल्ला सराय कलां में बने नालों खुले होने से लोग गिर रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा हैं। एक माह में दो बच्चों की मौत हो चुकी हैं। इतना सब होने के बावजूद शहर के अधिकतर नालों को खुला छोड़ दिया गया हैं। समाजसेवी काशिफ खां के भाई मो. शादाब अपने भाई के यहां से छोटी बच्ची को लेने जा रहे थे। कि इसी बीच सराए कलां में बने नालों को कवर नहीं होने की वजह से वह नाले में गिर गए।साथ ही दाए हाथ फ्रैक्चर हो गया। ऐसे में पालिका प्रशासन नालों का कवर करने के चौड़े-चौड़े दावे किए जा रहे हैं। लेकिन इन दावों में कितनी हकीकत है शहर के अधिकतर मोहल्लों में बने नालों को देखे। सारे दावों की पोल खुल जाएगी। इनको देखकर लोग अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों शहर में बने प्रत्येक नाले को कवर किया जा चुका है। दुबारा से टीम को भेजकर रिपोर्ट ली जा रही हैं खुले हुए नालों को कवर कराया जा रहा है।



वार्ड नंबर 16 के सराए कला में खुला हुआ नाला।

### करंट की चपेट में आकर अधेड़ की मौत,परिवार में मचा कोहराम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** सिरौली थाना क्षेत्र के दस्तमपुर गांव निवासी अधेड़ की करंट के चपेट में आकर मौत हो गई।अधेड़ की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया। सोमवार को सिरौली थाना क्षेत्र अंतर्गत दस्तमपुर गांव निवासी जहीर खान (45) अपने घर में लगे पानी के नल से पानी भर रहे थे।इसी बीच विद्युत लाइन का तार टूटकर नल पर आ गिरा। करंट की चपेट में आकर जहीर खां गंभीर रूप से झुलस गए।घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन आनन-फानन में गंभीर हालत में जहीर खां को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।डॉक्टरों ने उनको प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा जहीर खां को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जहीर खां की मौत से परिजनों में कोहराम छा गया।मिली जानकारी के अनुसार जहीर खां अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गए है। खबर लिखे जाने तक उनके अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी।



मृतक का फाइल फोटो

### शाहबाद के शिव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** पवित्र सावन माह के अंतिम सोमवार को नगर के लक्खी बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए तड़के से ही श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा मंदिर परिसर 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा। सुबह से ही मंदिर के बाहर भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। सुरक्षा के मद्देनजर महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग लाइनें बनाई गई थीं, जहां सभी ने अत्यंत अनुशासित रहकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सीओ देवकीनंदन और कोतवाल धनंजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर डटे रहे।

### खेत से चारा लेने गए ग्रामीण पर हमला,केस दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के जयतौली गांव में खेत पर हरा चारा लेने गए प्रमोद कुमार पर पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही दबंगों ने लाठी-डंडों, हंसिया और तमंचे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पीड़ित के भाई जय सिंह ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया 18 अगस्त की शाम साढ़े पांच बजे उनका भाई प्रमोद खेत पर था, तभी गांव के बबलू, दिनेश, शिव सिंह और चन्द्रपाल वहां हथियार लेकर पहुंच गए। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें बबलू ने प्रमोद के सिर पर तमंचे की बट से प्रहार किया। शोर शराबा सुनकर जब परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

### कृषि विभाग के 31 नवचयनित प्राविधिक सहायकों को मिलेगा नियुक्ति पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ में प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी के नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम का जनपद स्तर पर सीधा प्रसारण कराया जाएगा।विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा। मुख्यमंत्री के उद्बोधन एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रम के बाद कृषि विभाग के लिए चयनित 31 नवचयनित प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी अभ्यर्थियों को जनप्रतिनिधियों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे।बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।कहा कि नवचयनित प्राविधिक सहायकों की नियुक्ति से कृषि विभाग के कार्यों को और अधिक प्रभावी गति मिलेगी तथा किसानों तक कृषि संबंधी तकनीकी जानकारी एवं विभागीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायता मिलेगी।

### टीचर्स सेल्फ केयर टीम ने चलाया पोस्ट कार्ड अभियान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** टीएससीटी ने पोस्टकार्ड अभियान के तहत शिक्षक चिकित्सा कैशलेस योजना एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ हुए एम ओ यू के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया। अभियान के तहत शिक्षकों, शिक्षामित्रों एवं अनुदेशकों की दो बहुत ही महत्वपूर्ण मांगों के संबंध में ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में किसी स्वजन की मृत्यु होने या शुभ संस्कार होने की स्थिति में 15 दिन का विशेष अवकाश की व्यवस्था, मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना वर्तमान में सेवा काल तक है जिसे आजीवन किए जाने की मांग की गई है।इस अवसर पर मंडल संयोजक जगदीश पटेल जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल,जिला सह संयोजक केशव कुमार ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ एम पी सिंह पटेल, ब्लॉक प्रवक्ता भानु प्रताप सिंह, ब्लॉक सह संयोजक दमयंती गंगवार, चूड़ामणि गंगवार , सीमा रानी, पूनम रानी, सुशील कुमार, सुंदर लाल, अमित कुमार, देवेंद्र कुमार, फूल सिंह, अरविंद कुमार, नागेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com

# सड़क हादसे में युवक की मौत,सियारी मोड के पास हुआ हादसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** हादसा सोमवार को नगर के बिलासपुर रोड स्थित सियारी मोड़ के समीप हुआ। तहसील क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर निवासी टिंकू अपनी पत्नी ध्रुवित और दो मासूम पुत्र मानव और कार्तिक को लेने के लिए ग्राम धमोरा आया था।दोपहर वह बाइक से अपने घर के लिए परिवार के साथ निकाला था। इसी बीच सियारी मोड़ के समीप सामने से थाना स्वार के स्वार कल्याणपुर गांव निवासी निरंजन सिंह जो कि अपनी पत्नी खुशबू और साले मोहित निवासी ग्राम रम्पुरा थाना काशीपुर के साथ राठौंडा स्थित मंदिर पर जल अभिषेक के लिए आ रहे थे।दोनों की बाईकों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी बाईकों के परखचे उड़ गए।सभी सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़ ने हादसे की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल भिजवाया।जहां मौजूद डॉक्टरों ने टिंकू को मृत घोषित कर दिया। वहीं सभी घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक टिंकू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया।






मृतक का फाइल फोटो व अस्पताल में लोगों से जानकारी लेते कोतवाल

**मृतक घर का इकलौता चिराग था**

मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक अपने घर का इकलौता था।उनके माता-पिता बचपन में ही गुजर गए थे।उसको चाचा ने ही पाल पोस कर बड़ा किया था।मृतक मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था टिंकू की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया है। हादसे के बाद काफी देर तक मौके पर अफरा-तफरी का माहौल मचा रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### गवाह को धमकाने, भड़काऊ भाषण में हुई सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** स्पेशल कोर्ट एमपी-एमएलए में सोमवार को सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां पर दर्ज कई मामलों में सुनवाई हुई। भड़काऊ भाषण मामले में एफआईआर लेखक के बयान दर्ज हुए। सुनवाई के दौरान आजम खां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए न्यायालय में पेश हुए। जबकि खुशबू गार्डन मामले में गवाह न आने की वजह से सुनवाई टल गई। वर्ष 2019 में थाना टांडा में दर्ज हुए लोकसभा चुनाव के दौरान हेड स्पीच देने में आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें सोमवार को एफआईआर लेखक के बयान दर्ज हुए। इस मामले की अगली सुनवाई 2 सितंबर को होगी। जबकि गवाह को धमकाने के मामले में थाना कोतवाली में नन्हें निवासी बेरियान ने आजम खां, फरहान खां, उजैर खां को नामजद किया गया था। इस मामले में अगली सुनवाई 1 सितम्बर को होगी।

### आकर्षण फाउंडेशन ने किया कावड़ियों का स्वागत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मिलक।** नगर के भैरव बाबा मंदिर पर आकर्षण फाउंडेशन के अध्यक्ष सिराज खान के नेतृत्व में शिवभक्त कावड़ियों का भव्य स्वागत कर जलपान कराया गया। कावड़ियों के नगर में प्रवेश करते ही फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और उनके लिए पेयजल, शरबत, फल एवं अल्पाहार की व्यवस्था की गई। शिवभक्तों ने इस आत्मीय स्वागत से अभिभूत होकर आयोजकों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर सभासद प्रखर वशिष्ठ, कृपाल सिंह, चंकी पांडे, सिराज खान, अख्तर खान आदि मौजूद रहे।

### चामुंडा माता मंदिर की नई मूर्तियों को कराया नगर भ्रमण, श्रद्धालुओं ने लगाए जयकारे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला अब्दुल्ला स्थित चामुंडा माता देवी मंदिर (गमा देवत मंदिर) की नई मूर्तियों की स्थापना से पूर्व सोमवार शाम पांच बजे भव्य शोभायात्रा निकाली गई। धार्मिक विधि-विधान के साथ नई मूर्तियों को मंदिर परिसर से नगर के विभिन्न मार्गों और बस्तियों में भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह दर्शन कर पूजा-अर्चना की और धार्मिक जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना दिया।नई मूर्तियों को नगर भ्रमण कराने का उद्देश्य स्थापना से पूर्व धार्मिक परंपराओं के अनुसार उनका विधिवत नगर दर्शन कराना रहा। शोभायात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची।



जयकारें लगाते भक्त

श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ शोभायात्रा में सहभागिता की।इस दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं और पुरुषों ने धार्मिक जयकारे लगाए और नई मूर्तियों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।मंदिर में आगामी धार्मिक अनुष्ठान एवं मूर्ति स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है।शोभायात्रा में अखिलेश पांडे, निखिल पांडे, विनोद पांडे, आशीष शंकर पांडे, पंकज चौहान,संजय सक्सेना, विभोर पांडे, कार्तिक पांडे, अजय शर्मा, कल्लू शर्मा, अमित गुप्ता, अभिषेक पांडे, भगवान चंद सक्सेना, डॉ. मदन बंसल, रोमी बंसल, राजू बंसल,रूपक बंसल,आदर्श गुप्ता, केशव शर्मा, सुनीता पांडे, काजल मिश्रा, अंशु शर्मा, अर्चना पांडे, शशि सक्सेना, लवी बंसल, गीता गुप्ता, ममता गुप्ता, अवधेश शर्मा, मंजू गुप्ता, राखी गुप्ता, प्रेमलता सक्सेना, राधा सक्सेना, मंजू ठाकुर, रजनी शर्मा, सुनीता ठाकुर, मुस्कान शर्मा, छवि ठाकुर, बॉबी गुप्ता, शालू शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बच्चों को नदी में उतारकर पुल की मांग का मामला, छह के खिलाफ रिपोर्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** पुल निर्माण की मांग को लेकर स्कूली बच्चों को नदी में खड़ा करके फोटो और वीडियो बनवाने के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। यह कार्रवाई भीम आर्मी के अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आजाद की एक्स पोस्ट के बाद प्रशासन की ओर से कराई गई जांच के आधार पर की गई। मामला रुस्तम नगर गांव का है।गांव के पास घूघा और पीला खार नदियों पर पुल नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण लंबे समय से दोनों नदियों पर पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को लेकर बच्चों के नदी में खड़े होने के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए थे।मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने जांच कराई।खंड शिक्षा अधिकारी फोटो लाल की तहरीर पर स्वार कोतवाली पुलिस ने गौतम, शिवम, नूर हसन, शमीम उल हसन, जामिनगंज निवासी सुनील कुमार और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पुल निर्माण की मांग को लेकर बच्चों को जानबूझकर नदी में खड़ा कराया। उनके फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए। बच्चों को नदी में उतारना उनकी सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम बताया है।अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि नामजद और अज्ञात व्यक्ति की भूमिका की जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### चोक नालियां,बंद सचिवालय और गंदगी से ग्रामीण परेशान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मसवासी।** ग्राम पंचायत छतरपुरा के उपगांव रजपुरा में मूलभूत सुविधाओं की बदहाली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। गांव की नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। रास्तों के किनारे जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर से ग्रामीणों को बीमारी फैलने का खतरा सता रहा है।ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गांव की समस्याओं का समाधान कराने में गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। ग्रामीणों ने पंचायत सहायक, सफाई कर्मचारी और सचिव पर भी अनियमितता के आरोप लगाए हैं।ग्रामीणों के मुताबिक पंचायत सचिवालय अधिकांश समय बंद रहता है। यहां संचालित होने वाली लाइब्रेरी भी नियमित रूप से नहीं खुलती। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और पंचायत संबंधी कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठाए हैं। आरोप है कि केंद्र में बच्चों की सुविधाओं के बजाय भूसा और कंडे रखे हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इससे बच्चों के लिए संचालित केंद्र की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।सचिन कुमार सागर, जुगेश सागर, बबलू, राजेंद्र और संजय कुमार समेत अन्य ग्रामीणों ने गांव की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने, नालियों की नियमित सफाई कराने, पंचायत सचिवालय और लाइब्रेरी को नियमित रूप से खुलवाने की मांग की है।

# बीमार के इलाज के लिए चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड से 30 हजार रुपये की सहायता

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जनता दर्शन में अपनी समस्या लेकर पहुंचे एक जरूरतमंद पिता की पीड़ा को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने गंभीरता से लेते हुए संवेदनशीलता का परिचय दिया। गंभीर बीमारी से जूझ रहे मासूम के उपचार में आर्थिक कठिनाई बाधा न बने, इसके लिए जिलाधिकारी ने तत्काल विभागीय जांच कराकर चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड से 30 हजार रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत कराई। जिलाधिकारी ने स्वयं पीड़ित परिवार को सहायता राशि का चेक प्रदान किया।जनता दर्शन के दौरान तहसील सदर क्षेत्र के जियारत खुर्मे वाली निवासी फैयाज अपने गंभीर रूप से बीमार पुत्र के उपचार के संबंध में जिलाधिकारी के समक्ष पहुंचे।

**मुरादाबाद में चल रहा है बच्चे का उपचार, डीएम ने पात्र जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ने के दिए निर्देश**

उन्होंने बताया कि उनके पुत्र का उपचार मुरादाबाद में डॉ. रघु की देखरेख में चल रहा है। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बच्चे की दवाओं एवं उपचार का खर्च वहन करने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से उपचार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया।जिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को तत्काल पीड़ित परिवार की स्थलीय जांच कर पारिवारिक एवं आर्थिक स्थिति का सत्यापन करने के निर्देश दिए। विभागीय जांच में परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर पाई गई। साथ ही यह भी सामने आया कि बच्चे के उपचार के लिए परिवार को किसी अन्य सरकारी अथवा गैर-सरकारी स्रोत से आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हो रही थी तथा परिवार के पास आयुष्मान कार्ड भी उपलब्ध नहीं था।जांच में परिवार की आवश्यकता एवं पात्रता की पुष्टि होने के उपरांत जिलाधिकारी ने चाइल्ड केयर एंड प्रोटेक्शन फंड से 30 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की। जिलाधिकारी ने स्वयं फैयाज को सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस सहायता से बच्चे के उपचार एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था में परिवार को तत्काल राहत मिल सकेगी।



मासूम को चेक देते डीएम

**जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना अधिकारियों की प्राथमिकता**

जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने अन्य फरियादियों की समस्याएं भी गंभीरतापूर्वक सुनीं।संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाए।अधिकारी यह भी तय करें कि पात्र एवं जरूरतमंद परिवार सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें।ताकि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के जरूरतमंद वर्ग तक समयबद्ध ढंग से पहुंच सके।

# संवैधानिक पद की गरिमा पर उठे सवाल, कराई जाए जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष का कथित वीडियो को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। वीडियो में उन्हें राष्ट्रगान के दौरान कार्यक्रम स्थल से जाते हुए दिखाया गया है। सोमवार को कांग्रेस कमेटी ने पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी को सौंपा। जिसमें उन्होंने इस मामले की निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है।

**कांग्रेसियों ने एसपी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी को सौंपा ज्ञापन**

जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार निक्कू पंडित ने कहा कि इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर तथ्यों को सार्वजनिक कराया जाए। वीडियो वायरल की प्रमाणिकता, घटनाक्रम, सीसीटीवी फुटैच, वीडियो रिकार्डिंग, इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को सुरक्षित कर उनकी जांच कराई जाए। कहा कि यह मामला केवल राजनीतिक विवाद तक सीमित नहीं है, बल्कि राष्ट्रगान, संवैधानिक पद की गरिमा से जुड़ा है। कहा कि विधानसभा अध्यक्ष कथित तौर पर राष्ट्रगान के समय मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से चले गए। ज्ञापन देने वालों में बाकर अली खां, उमेश दुबे, चितरंजन प्रसाद, शारिब अली खां, आमिर कुरैशी, शकील मंसूरी, नोमान, राजेश लोधी, मोहम्मद जकी, जावेद अंसारी, राम गोपाल कटारिया, आरिफ अल्वी, रामगोपाल सैनी आदि मौजूद रहे।



सिटी मजिस्ट्रेट, सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपते जिला अध्यक्ष व अन्य।

# आयुष्मान कार्ड जारी करने में लापरवाही पर डीएम सख्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनवाए जाने के शासन के प्राथमिकता वाले कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर पूर्ति विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने तहसील शाहबाद क्षेत्र में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने पर पूर्ति निरीक्षक किशनलाल को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तत्काल प्रभाव से जिला पूर्ति कार्यालय मुख्यालय से सम्बद्ध कर दिया है। उनके स्थान पर आलोक कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक, जिला पूर्ति कार्यालय को तहसील शाहबाद में तैनात किया।समीक्षा में पाया तहसील शाहबाद क्षेत्र में कोटेदारों की कुल 18 ऑपरेटर बीआईएस आईडी बनी हुई हैं, जिनमें से पिछले 15 दिनों में 10 आईडी से कोई कार्य नहीं किया। शेष 8 आईडी के माध्यम से मात्र 22 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए। जिलाधिकारी ने इसे शासन की प्राथमिकता वाले कार्य में अपेक्षित प्रगति न होने का गंभीर मामला मानते हुए संबंधित पूर्ति निरीक्षक से स्पष्टीकरण तलब किया है।इसी क्रम में अन्य क्षेत्रों की समीक्षा के दौरान भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की गति अपेक्षाकृत कम पायी गई। एक क्षेत्र में कुल 28 ऑपरेटर बीआईएस आईडी में से पिछले 15 दिनों में 12 आईडी पर कोई कार्य नहीं किया। 16 आईडी के माध्यम से मात्र 84 आयुष्मान कार्ड जारी किए गए।इस पर संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में प्रतिकूल प्रविष्टि अथवा निलंबन की कार्रवाई हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए जाने की चेतावनी दी गई है।वहीं, जिला पूर्ति कार्यालय में कार्यरत पूर्ति लिपिक फैजल खान के स्तर पर भी आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में अपेक्षित समन्वय एवं प्रगति न पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

**पूर्ति निरीक्षक को किया मुख्यालय से सम्बद्ध**

# शाहिद अली बने कुंदरकी ब्लाक सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुंदरकी।** जाहिद हुसैन को भारतीय किसान यूनियन (तोमर) जनपद मुरादाबाद के कुंदरकी ब्लाक अध्यक्ष चौधरी फरमान राणा के कार्यालय पर शाहिद अली (मोहल्ला नुरुल्ला)को ब्लॉक सचिव के पद पर नियुक्त किया। संगठन की नीतियों के बारें में बताया।बढ़ती महंगाई पर चर्चा की गई। सरकार की गलत नीतियों का विरोध किया। इस अवसर पर ब्लॉक युवा अध्यक्ष अनवर सैफी, नगर अध्यक्ष जाकिर हुसैन, जाहिद व अशफाक मौजूद रहे।





बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी

# संगीता सिंह को मिली मंडलायुक्त कमान,आंजनेय कुमार हुए कार्यमुक्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** मुरादाबाद मंडलायुक्त की कमान संगीता सिंह को मिल गई है। आंजनेय कुमार कार्यमुक्त हो गए हैं। रविवार देर शाम शासन स्तर से प्रदेश के 17 सीनियर आईएएस के तबादले हुए हैं। जिसमें मुरादाबाद मंडल के आंजनेय कुमार सिंह का नाम भी शामिल हैं।उनका रामपुर से प्रमोशन मंडलायुक्त के तौर पर हुआ था। जब से ही मंडलायुक्त की कुर्सी संभाल रहे थे। अलीगढ़ की मंडल आयुक्त संगीता सिंह को मुरादाबाद का नया कमिश्नर नियुक्त किया है।

**शासन से देर रात 17 सीनियर आईएएस के हुए तबादले**



संगीता सिंह, मंडलायुक्त।

वह 2009 बैच की है। संगीता सिंह 1994 बैच की पीसीएस अधिकारी है। वह मूल रूप से इटावा जिले की रहने वाली है।जनपद सुल्तानपुर की डीएम रह चुकी है।इन दिनों मुरादाबाद ट्रांसफर होने से पहले अलीगढ़ की कमिश्नर रह चुकी हैं। जबकि आंजनेय कुमार सिंह ने मंडलायुक्त का चार्ज 6 मार्च 2021 को संभाला था।

**नियुक्त** जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में 680 सफाई कर्मचारी किए नियुक्त

# विद्यालयों में अब सफाई व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित 1529 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्वच्छ एवं स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विशेष साफ-सफाई व्यवस्था लागू की गई है।इसके तहत ग्राम पंचायतों द्वारा 680 सफाई कर्मियों की तैनाती विशेष रूप से विद्यालयों की साफ-सफाई व्यवस्था के लिए की गई है। जिससे शिक्षकों में खुशी की लहर है।

इससे सफाई कर्मियों द्वारा विद्यालय परिसर, कक्षाओं के आसपास के क्षेत्र, छतों, पंखों, शौचालयों, पेयजल स्थलों तथा विद्यालय परिसर में स्थित अन्य सार्वजनिक उपयोग के स्थानों की नियमित रूप से साफ-सफाई तय की जाएगी। साथ ही जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों में साफ-सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। ग्राम पंचायत स्तर पर भी सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाएगी।आवश्यकता के अनुसार संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों की स्वच्छता व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करते हुए निरंतर निगरानी रखी जाए।यह जानकारी मिलने के बाद शिक्षकों में खुशी है। उनका कहना है।परिषदीय विद्यालयों में 680 सफाई कर्मचारी नियुक्त कर परिषदीय विद्यालयों की बहुत बड़ी समस्या का समाधान किया है।



हेमलता



संजीव त्यागी



डॉ. राजवीर सिंह



कैलाश बाबू

**बोले शिक्षक**

परिषदीय विद्यालयों में काफी लंबे समय से चली आ रही सबसे बड़ी समस्या ,नियमित विद्यालयों की साफ सफाई है। जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में 680 सफाई कर्मचारी नियुक्त कर विद्यालयों कीसमस्या का समाधान किया है।भविष्य में प्रत्येक विद्यालय में एक एक सफाई कर्मचारी नियुक्त होगा। परिषदीय विद्यालयों में एक अच्छा भौतिक वातावरण तैयार होगा। हेमलता सिंह,जिला अध्यक्ष यूटा

वर्तमान समय में परिषदीय विद्यालयों में सफाई व्यवस्था को लेकर तरह-तरह के विवाद उठते रहे हैं।जिलाधिकारी का परिषदीय विद्यालयों की साफ सफाई की ओर ध्यान आकर्षित करना बेहद प्रशंसनीय है।इससे विद्यालय में सफाई व्यवस्था दुरुस्त होगी और एक अच्छा वातावरण तैयार होगा। अमित कुमार त्यागी जिला उपाध्यक्ष, यूटा

सफाई कर्मचारियों द्वारा शिक्षा के मंदिर परिषदीय स्कूलों की नियमित सफाई करने का जिला अधिकारी का कदम बहुत ही सराहनीय है।... डॉ. राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ

विद्यालयों में 680 सफाई कर्मियों की तैनाती की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालयों में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई बच्चों के स्वस्थ एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के लिए आवश्यक है।

कहा कि सफाई कर्मियों की नियमित उपस्थिति एवं रोस्टर के अनुसार कार्य सुनिश्चित किया जाए। कैलाश बाबू पटेल, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ।

## सम्पादकीय

# 'जेन जी' के लिए डिप्रेशन बन गया



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

क्या बुद्धि का दिवालियापन है कि नीट यूजी पेपर लीक और परीक्षा की दूसरी गड़बड़ियों के खिलाफ देश के नौजवान सड़कों पर उतरे और आंदोलन किया तो भाजपा के नेता और केंद्र सरकार के मंत्री नौजवानों की आपस में शॉर्ट मैसेजिंग की भाषा बोल कर उनको लुभाने की कोशिश कर रहे हैं! ऐसा लग रहा है, जैसे देश का 'जेन जीझ यानी 14 से 29 साल तक की उम्र का युवा इस वजह से नाराज था कि देश के नेता उनकी भाषा नहीं बोलते हैं और नहीं समझते हैं। असल में नौजवान यह नहीं चाहते हैं कि 76 साल के प्रधानमंत्री और 76 साल के सरसंघचालक अपनी बातचीत में ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करें, जिन्हें 'जेन जी' की भाषा के तौर पर सोशल मीडिया में प्रचारित किया जाए। हालांकि यह भी महामूर्खतापूर्ण बात है कि शब्दों या वाक्यों के शॉर्ट फॉर्म में बोलना 'जेन जी' की पहचान है। पहले की पीढ़ियों की भी अपनी शब्दावली होती थी। पहले भी बातें शॉर्ट फॉर्म में कही जाती थीं और तब भी वह पीढ़ी यह नहीं चाहती थी कि नेता उसके साथ उस भाषा में संवाद करें। अभी सरकार और विपक्ष दोनों के नेता 'जेन जीझ के साथ कनेक्ट करने के लिए उसकी डिक्शनरी के कुछ शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं और समझ रहे हैं कि इससे वे नौजवानों को पटा लेंगे। लेकिन असल में ऐसा नहीं होगा। इसका कारण यह है कि नौजवान पीढ़ी को लेकर नेताओं की समझ बुनियादी रूप से गलत है। इस पीढ़ी ने हर घटना, घटनाक्रम और अपने जीवन से जुड़ी बातों के लिए अपने शब्द बनाए हैं। उनके शब्दों के मायने पारंपरिक अर्थ से बिल्कुल भिन्न हैं। दूसरी बात यह है कि वे तुरंत सामने वाले व्यक्ति को बॉक्स्ड करते हैं। एक खांचे में डालते हैं और उसके बाद आप कुछ भी कहते रहे वे आपको इस खांचे से बाहर नहीं देखेंगे। 'जेन जीझ के लिए पढ़ाई और नौकरी या रोजगार के अलावा जो चीजें सबसे अहम हैं, उनके प्रति अगर सरकार सरोकार नहीं दिखाती है तो वह उनका विश्वास नहीं जीत सकती है। चाहे नरेंद्र मोदी और मोहन भागवत कितनी भी बात कर लें। उनका एक सरोकार पर्यावरण और पारिस्थितिकी के बदलाव को लेकर है। तभी किसान आंदोलन के समय 16 साल की ग्रेटा थनबर्ग उनकी नायक बन गई थी। उनका दूसरा सरोकार मानसिक स्वास्थ्य को लेकर है और तीसरा सरोकार अपनी पहचान को लेकर है। दुर्भाग्य से भारत की सरकार इनमें से किसी को भी एड्रेस नहीं कर रही है। पर्याव?ण को लेकर हम गंभीर नहीं हैं। प्रदूषण रोकने के लिए कोई ठोस पहल नहीं है। ऐसे ही मानसिक स्वास्थ्य का पुरानी पीढ़ी के लोग मजाक ही उड़ाते हैं। कई लोग कहते मिल जाएंगे कि हमारे लिए जो मामूली स्ट्रेस था वह 'जेन जीझ के लिए डिप्रेशन बन गया है। इससे आप उनको अपने साथ जोड़ नहीं पाएंगे। उलटे और दूर करेंगे। ऐसे ही पहचान का मामला है। वे एलजीबीटीक्यू का समर्थन करते हैं। याद करें कैसे युवाओं के आंदोलन में जंतर मंतर पर सबसे पहले एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोग पहुंचे थे। तब राइटविंग का पूरा इकोसिस्टम उनका मजाक उड़ाता था। क्या उस पहचान को स्वीकार किए बगैर कोई भी पार्टी या नेता 'जेन जीझ से जुड़ सकता है? भारत ही नहीं पूरी दुनिया का राइटविंग उनकी इस पहचान को स्वीकार करने को तैयार नहीं है। याद करें कैसे सत्ता में आते ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया था कि अमेरिका में अब सिर्फ दो ही जेंडर होंगे। यानी थर्ड जेंडर के लिए कोई जगह नहीं होगी। भारत का राइटविंग भी इसी सोच का है। तभी यह तय मानें कि सिर्फ उनकी भाषा के शब्द बोलने से काम नहीं चलने वाला है। उनके विचारों को भी स्वीकार करना होगा।

# जिनके घर शीशे के हों वह दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकते




तनवीर जाफरी

देश में इन दिनों छात्रों और युवा पीढ़ी अर्थात Gen Z के छिड़े घमासान के बीच Gen Z को ही केंद्र में रखकर कुछ ऐसे बयान सुनने में आ रहे हैं जिनकी न तो भाषा शालीन है न ही बयान देने वालों का व्यक्तित्व ही ऐसा है जिसे देश में शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता, जवाबदेही,भ्रष्टाचार,लोकतंत्र तथा संवैधानिक मूल्यों को लेकर संघर्षरत युवा पीढ़ी व छात्रों से जोड़ा जा सके। इस संबंध में सबसे दिलचस्प वाकयुद्ध बाबा रामदेव व फिल्म अभिनेत्री व भारतीय जनता पार्टी सांसद कंगना रनौत के बीच छिड़ा । इस वाक्युद्ध ने एक दूसरे की पोल पट्टी खोलकर रख दी। गौरतलब है कि बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले के विरोध में प्रदर्शन कर रही युवा पीढ़ी पर तीखी टिप्पणियां की थीं। कंगना ने प्रदर्शनकारी युवाओं को 'गटर जनरेशन' कहकर संबोधित किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था कि Gen Z के आंदोलनों के वीडियो देखकर मुझे झटका लगा। मैंने अपनी जिंदिगी में इतना अजीब और इतना बुरा कुछ नहीं देखा है। इन्हें (युवा पीढ़ी को) किसने जन्म दिया है? कौन इनका पालन-पोषण कर रहा है? यह गटर की पीढ़ी है।" कंगना ने प्रदर्शन के दौरान युवाओं द्वारा इस्तेमाल की जा रही भाषा को बेहद असभ्य और अमर्यादित बताया था। उन्होंने इसे "उल्टी आने जैसा" व्यवहार करार दिया था। प्रदर्शनकारी छात्राओं और युवतियों पर निशाना साधते हुए कंगना ने कहा था कि इन लड़कियों का आचरण बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि "यह लड़कियां भविष्य में अच्छी गृहिणी भी नहीं बन सकतीं।" कंगना ने केवल छात्रों को ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सवाल उठाया कि माता-पिता अपने बच्चों को ऐसे संस्कार कैसे दे सकते हैं, जो उन्हें सार्वजनिक रूप से इस तरह के अभद्र व्यवहार की अनुमति देते हैं?

कंगना रनौत के इस बयान की खासकर इसकी शब्दावली की चारों ओर घोर आलोचना की गयी। परन्तु सबसे तीखी प्रतिक्रिया योग गुरु एवं व्यवसायी बाबा रामदेव द्वारा एक टी वी चैनल पर इसी संबंध में पूछे गये एक सवाल पर दी गयी। जब बाबा रामदेव से कंगना के 'गटर जेनेरेशन' वाले बयान पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कंगना की मानसिक स्थिति, उनकी योग्यता और उनके अतीत पर ही गंभीर सवाल उठा दिये । रामदेव ने कहा कि "उनकी क्वालिफिकेशन (शिक्षा )क्या है? उनका बचपन कैसा रहा है? उनकी जवानी कैसी रही है? उनके पहले के कारनामे कैसे रहे हैं? मैं ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करना चाहता। किसी भी देश के जवानों को और जेन-जी को 'गटर' बोलना यह बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। यह गलत बात है और उनकी पार्टी (बीजेपी) को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।" हमेशा भाजपा सरकार की पैरवी करने वाले बाबा रामदेव के इस बयान को लेकर वैसे भी लोग आश्चर्यचकित हैं कि आखिर उन्होंने किस तरह सत्ता के विरोध में आवाज उठाने की हिम्मत जुटाई ? कुछ लोग तो उनके इस बयान की वजह से उन्हें राजनीति का 'मौसम विज्ञानी ' भी कहने लगे हैं। बहरहाल सवाल यह है कि रामदेव ने कंगना रानौत को लेकर इतने सारे सवाल एक साथ कैसे और किस आधार पर खड़े किये ? और क्या वजह थी कि रामदेव के इन सवालों से तिलमिलाकर कंगना को भी रामदेव पर तीखे जवाबी बाण छोड़ने पड़े ?

दरअसल कंगना रनौत ने स्वयं अपने अनेक इंटरव्यू में अपने शुरूआती जीवन, चरित्र, नशे और संघर्षों को लेकर बेहद चौंकाने वाले और बेबाक बयान दिए थे। उनके ये बयान समय-समय पर सोशल मीडिया और मीडिया गलियारों में बड़े विवाद की वजह बने हैं। कंगना रनौत ने साल 2020 में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में उन्होंने खुलकर स्वीकार किया था कि वह एक समय पर ड्रग्स की लत का शिकार हो चुकी थीं। उन्होंने कहा था कि "जब मैं घर से भागी थी, उसके डेढ़-दो साल के अंदर ही मैं एक फिल्म स्टार भी थी और एक 'ड्रग एडिक्ट' भी थी।" उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि शुरूआती दिनों में उनके एक 'मेंटॉर' जो बाद में प्रताड़ित करने वाले बन गए, उनकी ड्रिंक्स में नशीली चीजें मिलाकर देते थे ताकि वह पुलिस के पास न जा सकें। बाद में एक इंटरव्यू में उन्होंने स्पष्ट किया कि वे योग और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं की मदद से नशे की इस लत से बाहर आ पाईं। उसी 2020 के वीडियो में अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कंगना ने खुद को 'खतरनाक' बताया था। उन्होंने कहा था कि जब वह कम उम्र में घर से भागकर मुंबई आई थीं, तो बहुत गलत लोगों के चंगुल में फंस गई थीं। उन्होंने कहा था कि "मेरी जिंदिगी में इतने स्कैंडल चल रहे थे और मैं ऐसे लोगों के हाथों में पड़ गई थी, जहां से सिर्फ मौत ही मुझे बचा सकती थी। यह सब मेरी जिंदिगी में तब हो रहा था जब मैं सिर्फ एक टीनेजर (किशोरी) थी। सोच लो, मैं कितनी खतरनाक हूँ! " कंगना ने यह भी बताया था कि उनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन जब उन्होंने मना किया तो उनके पिता ने उन्हें थप्पड़ मारा था, जिसके बाद उन्होंने घर छोड़ दिया। वह महज 15-16 साल की उम्र में बिना पैसों के घर से भागकर दिल्ली और फिर मुंबई आ गई थीं। वास्तव में कंगना की इस तरह की स्वीकारोक्ति को ही आधार बनाकर रामदेव ने उन्हें लेकर अनेक प्रश्न




खड़े कर दिये। और प्रश्नों की उसी शब्दावली के अनुरूप ही कंगना ने भी रामदेव पर सीधा व्यक्तिगत प्रहार करते हुये कहा कि "बाबा जी, मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में आप दिन में सपने मत देखिए। कोई सिर्फ अफवाहों और गॉसिप के आधार पर ही ऐसा अंदाजा लगा सकता है।" कंगना ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों वाले मामले की ओर इशारा करते हुये कहा कि "कम से कम मुझे कभी झूठे या फर्जी मेडिकल दावों के लिए सुप्रीम कोर्ट से फटकार नहीं लगी है। मेरे दावे हमेशा ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं, न कि किसी अफवाह पर।" कंगना ने बाबा रामदेव को करारा जवाब देते हुए कहा, "इसलिए आप मुझे चरित्र का पाठ मत पढ़ाइए। मेरा चरित्र आपसे कहीं ज्यादा बेहतर है, यहां कोई धोखाधड़ी/फ्रॉड नहीं पकड़ी गई है।" कंगना द्वारा रामदेव इसतरह के शब्द बाण भी अकारण नहीं छोड़े गये। इसके पीछे रामदेव और उनकी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ विभिन्न अदालतों विशेषकर सुप्रीम कोर्ट और सरकारी प्राधिकरणों द्वारा की गई कई गंभीर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाइयां शामिल हैं। कभी सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को उन सभी दवाओं और उत्पादों के विज्ञापन और ब्रांडिंग करने से पूरी तरह रोक दिया, जो 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954' के तहत प्रतिबंधित बीमारियों को पूरी तरह ठीक करने का दावा करते थे कभी कोर्ट में लिखित आश्वासन देने के बावजूद भ्रामक विज्ञापन जारी रखने पर कोर्ट ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। कभी कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया और उनकी कानूनी टीम को कड़ी फटकार लगाई। तो कभी उन्होंने अदालत में बिना शर्त माफी मांगी अदालत ने "महज दिखावा" कहकर खारिज कर दिया था। यहाँ तक कि कड़े अदालती रुख के बाद पतंजलि को देश के प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में बड़े आकार में सार्वजनिक माफीनामा प्रकाशित करना पड़ा। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि रामदेव व उनका व्यवसाय भी दूध का धुला नहीं। कुल मिलाकर कंगना रानौत हों या रामदेव दोनों ही अपने उज्जवल भविष्य के लिये चिंतित व संघर्षरत देश की युवा पीढ़ी के लिये आदर्श नहीं हो सकते न ही इनकी नसीहत या आलोचना युवाओं के पतन या उत्थान का कारण बन सकती है। हाँ युवा पीढ़ी के बहाने इनके बीच चले वाक्युद्ध से यह जरूर साफ हो गया है कि जिनके अपने घर शीशे के हों उन्हें दूसरों के घरों पत्थर हरगिज नहीं फेंकना चाहिये।

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

### वैधानिक सूचना

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# डिंपी के ट्रांसफॉर्मेशन पर बोलीं हर्षिता गौर, अब इमोशनली समझदार और मेंटली स्ट्रॉन्ग हूं



अभिनेत्री हर्षिता गौर आगामी फिल्म मिजार्पुर में फिर से डिंपी पंडित के किरदार से वापसी कर रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि मिजार्पुर वेब सीरीज से लेकर अब तक उनके काम में काफी ग्रोथ देखने को मिली है। अभिनेत्री ने आगामी फिल्म मिजार्पुर में फिर से डिंपी पंडित के किरदार के बारे में बताया कि वह अब पहले से बड़ी हो गई है। उन्होंने कहा, डिंपी के किरदार में काफी ट्रांसफॉर्मेशन हुआ है, उसने अपनी जिंदगी में बहुत तरक्की की है। मिजार्पुर के हालात कुछ ऐसे हैं कि एक समय के बाद आपको खुद को चुनना होता है और डिंपी ने भी कुछ ऐसा ही किया है। उन्होंने आगे कहा, वह इमोशनली समझदार और मेंटली मजबूत है, वह समझती है कि उसे अपनी ताकत दिखाने के लिए इस अफरा-तफरी का हिस्सा बनने की जरूरत नहीं है। अभिनेत्री ने आगे शो की पॉपुलैरिटी के बारे में बात की। उन्होंने कहा, अगर ये फिल्म सीधे आती तो हमें पता नहीं चलता कि दर्शक उसे कैसा रिस्पॉन्स देंगे, लेकिन लोग पहले से ही शो के इतने बड़े फैन हैं और इसे और ज्यादा देखना चाहते हैं। पहले सीजन वाला वही अंदाज वापस आ गया है, इसलिए मुझे लगता है कि ये सारी चीजें इस एक्सपीरियंस को और भी बेहतर बनाएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि डिंपी से उन्हें सीखने को मिला, कि चाहे कुछ भी हो जाए, अपने डायनामिक्स में नहीं फंसना चाहिए। आपको अपनी बात रखनी होगी, और आप बिना लड़ाई-झगड़े के ऐसा कर सकते हैं हर्षिता गौर ने कहा, असल दुनिया फिक्शन को इंस्पायर करती है और कभी-कभी फिक्शन भी असल दुनिया को दिखाता है। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि यह किसी चीज को सेंसेशनल बनाने के बारे में है।

# राष्ट्रगीत को लेकर विवाद क्यों है

**जिसको न निज गौरव तथा निज देश का अभिमान है;**
**वह नर नहीं, नर-पशु निरा है और मृतक समान है।**
**जो भरा नहीं है भावों से , बहती जिसमें रसधार नहीं;**
**वह हृदय नहीं है पत्थर है, जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं।।**



राधा रमण

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने यह पंक्तियां किसी जाति-धर्म अथवा व्यक्ति विशेष को ध्यान में रखकर नहीं लिखी थीं। ठीक उसी तरह चर्चित उपन्यास आनन्दमठ में बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने वंदेमातरम ... का पद किसी को खुश या नाराज करने के लिए नहीं लिखा था। दोनों देश के दिग्गज साहित्यकार और माटी के लाल रहे हैं। दोनों के जन्म से पहले देश गुलाम था। अपनी माटी से मोह और आजादी का सपना दोनों ने देखा था। दोनों की कविताओं में राष्ट्रवाद कूट-कूटकर भरा था। लेकिन आजादी के 79 वर्ष बाद भी हम किस समाज में जी रहे हैं ? हमें अपने ही पुरखों की बातों, नीतियों, सोच और कविताओं से दिक्कत क्यों हो रही है ? हम क्यों भूल जाते हैं कि जिस देश को हम दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बताते नहीं अघाते, उसकी बुनियाद हमारे पुरखों ने ही रखी थी। हम हर चीज को राजनीतिक नजरिये से ही क्यों देखने के आदी होते जा रहे हैं। हमारे देश के नेता जनता को हिन्दू-मुस्लिम की दरार में क्यों बांटने पर आमादा हैं ? क्या 140 करोड़ नागरिकों का यह देश महज मुट्ठीभर नेताओं का है ? क्या नेता समाज में कटुता बांटकर अपनी चुनावी गोटी फिट करने के लिए ही यह सब कर रहे हैं, जो देशहित में कत्तई नहीं है।

सत्ता में बैठे लोग तो बात का वितंडा बनाएंगे ही, क्योंकि उन्होंने देश की मूलभूत समस्याओं की उपेक्षा की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, बेरोजगारी का बुरा हाल है। देश में बहुतेरे ऐसे लोग हैं जो दो जून की रोटी के मोहताज हैं। फिर भी हमारे नेता शर्मसार नहीं हैं। वे अपनी सुख-सुविधा और वेतन-भत्ते बढ़ाने में मिल-जुलकर भागीदार रहते हैं, लेकिन जनता की भलाई में एकमत नहीं होते।

अब ताजा विवाद राष्ट्रगीत के पूरे पदों के गायन को लेकर है। यह राष्ट्रगीत बांग्ला साहित्य के देदीप्यमान हस्ताक्षर बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय के लोकप्रिय उपन्यास ह्यआनन्दमठह्ण से लिया गया है। ह्यआनन्दमठह्ण का प्रकाशन 1882 में किया गया था। जिसने भी ह्यआनन्दमठह्ण का अध्ययन किया है, उसे पता है कि ह्यआनन्दमठह्ण 1770 में बंगाल के अकाल और 1773 के संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित है। उपन्यास के मुताबिक अकाल के समय ईस्ट इंडिया कंपनी के गलत निर्णयों, नियमों और किसानों के शोषण से तत्कालीन सरकार के प्रति लोगों की नाराजगी बढ़ जाती है। उपन्यास की कथा के अनुसार सत्यानंद नामक संन्यासी के नेतृत्व में संन्यासियों की एक सेना का गठन होता है, जिसका उद्देश्य देश को अंग्रेजी कुशासन से मुक्त कराना है। उसी उपन्यास में वंदेमातरम् शीर्षक से कविता की गूंज होती है। बाद में आजादी की लड़ाई में इस कविता ने अहम भूमिका निभायी। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान वंदेमातरम् भारत को औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने के लिए संघर्ष कर रहे स्वतंत्रता सेनानियों का नारा बन गया था। इस गीत में भारत माता की वंदना करते हुए उसकी सुंदरता, शक्ति और प्राकृतिक समृद्धि का गुणगान किया गया है। चूंकि वंदेमातरम् का गायन करने वाले हिन्दू संन्यासी थे, इसलिए गीत में माता दुर्गा, सरस्वती और लक्ष्मी से भारत माता की तुलना करते हैं। उसी उपन्यास के आखिर में एक अजनबी संत का पदार्पण होता है, जो सत्यानंद से कहते हैं कि देश में अंग्रेजी शासन इसलिए जरूरी था कि मुसलामानों के शासन का प्रभाव कम किया जा सके। बता देना जरूरी है कि अपने उपन्यास में अंग्रेजों की मुखालफत करने वाले बंकिम बाबू अंग्रेजों के शासन में बंगाल सरकार में सचिव पद पर तैनात रहे थे।

वंदेमातरम एक संस्कृत वाक्यांश है, जिसका मतलब है- हे मां, मैं तुम्हें नमन करता हूं। 1896 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने मंच पर वंदे मातरम गाया। यह पहला मौका था जब यह गीत सार्वजनिक रूप से राष्ट्रीय स्तर पर गाया गया। सभा में मौजूद हजारों लोगों की आंखें नम हो गई थीं। 'द नेहरू आर्काइव' के मुताबिक, 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 1937 के बीच कांग्रेस वर्किंग कमेटी की कलकत्ता बैठक हुई। इसमें तय किया गया कि राष्ट्रीय कार्यक्रमों में वंदेमातरम् के सिर्फ पहले 2 छंद गाए जाएं, क्योंकि बाद के हिस्सों में धार्मिक और देवी-देवताओं से जुड़े संदर्भ थे, जिन पर कुछ मुस्लिम नेताओं को आपत्ति थी। 24 अक्टूबर 1950 को इसके पहले अंतरे को राष्ट्रीय गीत के रूप में मान्यता दी गई थी।

अब इस साल केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक 2026 लाकर इस पूरे गीत को राष्ट्रगान से साथ गाना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही इसे रोकने को दंडनीय अपराध बना दिया है। यह बिल लोकसभा में 29 जुलाई को और राज्यसभा में 30 जुलाई को बिना चर्चा के पारित किया गया। राष्ट्रपति ने भी इस बिल को मंजूरी दे दी है। सवाल उठता है कि अगर यह विधेयक इतना ही जरूरी था तो सरकार अपने कार्यकाल के 12 वर्ष में इसे लेकर क्यों आई। और, अगर लाई तो संसद के दोनों सदनों में इस पर विस्तार से चर्चा करानी चाहिए थी। दूसरी तरफ विपक्ष खासकर कांग्रेस को इसे संसद में ही रोकने का प्रयास करना चाहिए था। अब राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद इसमें किन्तु-परन्तु का क्या मतलब है।

दरअसल, आनेवाले दिनों में सात राज्यों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इस बीच पेपरलीक, बेरोजगारी और स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के खिलाफ छात्रों और युवाओं का बड़ा वर्ग आंदोलन कर रहा है। बढ़ती महंगाई से जनता बेजार है। सरकारी नौकरियों में अकेले केंद्र सरकार में 8 लाख से अधिक पद खाली हैं, जिसे भरने का सरकार की ओर से कोई रोडमैप नहीं दिखाई दे रहा है। पेट्रोल में एथेनॉल की मिलावट से उद्धमी और आम लोग दुखी हैं। अगड़ी जाति के युवा आर्थिक आधार पर आरक्षण और यूजीसी के नए नियमन के खिलाफ गोलबंद हो रहे हैं। अयोध्या के राममंदिर में चढ़ावा चोरी से सरकार की साख गिरी है, क्योंकि राममंदिर क्षेत्र तीर्थ ट्रस्ट का गठन सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर केंद्र सरकार ने ही किया था। विपक्ष जनता के मुद्दों को हवा दे रहा है। ऐसे में समस्याओं से चौतरफा घिरी सरकार के समक्ष धार्मिक आधार पर विभाजन के सिवाय बचने का कोई रास्ता नहीं नजर आ रहा है।

बेशक, राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का गायन हर देशवासी का नैतिक कर्तव्य है। लेकिन नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या कराना भी सरकार का दायित्व है। अपना देश धर्मनिरपेक्ष है। यहां के सभी नागरिकों को अपने धर्म के अनुसार इबादत की आजादी है। राष्ट्रगीत का गायन अच्छी बात है, लेकिन इसे डंडे की जोर पर गाने का कोई औचित्य नहीं है। पिछले दिनों देश ने देखा कि एक राज्य के विधानसभा अध्यक्ष राष्ट्रगान के बीच ही कैसे उठकर चल दिए। क्या ही अच्छा होता कि सरकार समाज में ऐसी खुशहाली लाती कि लोग स्वेच्छा से इसके लिए प्रेरित होते। सिर्फ ध्यान बांटने के लिए राष्ट्रगीत का शिगूफा छोड़ना ठीक नहीं है।

## मंगलवार का राशिफल

**मेष** – वैवाहिक जीवन में उतार चढ़ाव से परेशान रहेंगे,भागदौड़ और संघर्ष बढ़ जाएगा, सरकारी नौकरी में ट्रांसफर और विद्यार्थी दूसरे शहर जाकर रह सकते है। भाग्य प्रतिशत-50

**वृषभ** – किसी परीक्षा,एडमिशन को छोड़ सकते है,प्रेम प्रसंग में ज्यादा रुझान बढ़ेगा, प्रोपर्टी,दुकान पर सरकारी आदेश प्राप्त होगा, बाधाए बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-51

**मिथुन** – वाहन चालान,चोरी, खराबी,एक्सीडेंट में से कुछ सम्भव हैं,कुटुंब के शुभ काम में गुस्से में भाग ना लेने का फैसला करेंगे,स्पोर्ट्स व्यवसाय खोलने,खेलने में रुझान बढ़ेगा, भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क** – बुद्धिमानी से मुश्किलें पार करेंगे,घर से दूर बसने की ईच्छा होगी,चालाक लोगों को पचाने, मीडिया क्षेत्र में मुश्किल आ सकती है। भाग्य प्रतिशत-50

**सिंह** – अपनी बात दूसरों से मनवा लेंगे, बैंकिंग, फिजियोथेरेपी, चिकित्सा क्षेत्र में हैं तो प्रगति करेंगे,तीर्थ के पास दुकान मकान आय हेतु बना सकते हैं, पराई स्त्रियों से निकटता चाहेंगे। भाग्य प्रतिशत-63

**कन्या** – कुटुंब से दूर जाना सम्भव हैं, व्यक्तित्त्व निखारने हेतु कपड़े,पर्फ्यूम,प्रोटीन पाउडर लेना, जिम, सैलून जाना करेंगे, उन्नति के लिए देश छोड़ सकते हैं,सिनेमा मॉडलिंग क्षेत्र में सक्रियता बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-65

**तुला** – विदेश जाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती हैं,आँखों की रोशनी चेक करवा सकते हैं, होटल, विमान सेवा,कॉस्मेटिक, इत्र, शौपिंग माल में जॉब सम्भव हैं, भोग विलास का मौका मिलेगा। भाग्य प्रतिशत-72

**वृश्चिक** – धन कमाने में बाधा आएगी,परिवार बढ़ाने में समय लगेगा, सरकारी क्षेत्र में सम्मान और नया काम मिल सकता है, ससुराल पक्ष से नहीं बनेगी। भाग्य प्रतिशत-61

**धनु** – बिना पैसे दिए फायदा लेना चाहेंगे, कंजूसी ठीक नहीं, मकान या किसी अन्य चीज का एग्रीमेंट कर सकते हैं,सुख-साधन बढ़ेंगे,उच्च कुल से विवाह प्रस्ताव आ सकता है। भाग्य प्रतिशत-67

**मकर** – काम का पूरा श्रेय ले, कर्म की हानि ना होने दे, जुड़े पैसे से ही अभी खर्चा चलेगा,नौकरी और समबन्ध प्रभावित रह सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**कुंभ** – बाधाएँ दूर होगी, जीवन साथी का काम चल पड़ेगा, किराये का मकान ले सकते हैं, बनते मकान में कुछ मुश्किल होगी, नौकरी की स्तिथि सम्भली रहेगी। भाग्य प्रतिशत-56

**मीन** – अपने लोगों में उठबैठ बढ़ेगी, किसी मंदिर के दर्शन या गुरु से सलाह ले सकते हैं,रिश्ता हुआ है तो बातचीत करेंगे लेकिन विचार नहीं मिलेंगे। भाग्य प्रतिशत-60



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# मौलाना मोहम्मद तंजीम कासमी को राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में प्रमाण पत्र सौंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**संभल।** मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, संभल में आयोजित राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में भागीदारी के लिए मौलाना मोहम्मद तंजीम कासमी संभली को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र प्रोफेसर मोहम्मद सहील खान, प्रिंसिपल, कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन, मौलाना आजाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी, संभल ने अपने हाथों से प्रदान किया।इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद तंजीम कासमी ने कॉन्फ्रेंस के आयोजन और उसमें हुए महत्वपूर्ण शैक्षिक एवं सामाजिक विचार- विमर्श की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षिक कार्यक्रम समाज के महत्वपूर्ण मुद्दों को समझने और लोगों में सामाजिक जागरूकता पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कॉन्फ्रेंस के आयोजकों और कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।गौरतलब है कि उक्त दो दिवसीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन 25 और 26 मार्च 2026 को बुजुर्गों के सम्मान, देखभाल, स्वास्थ्य, कल्याण, सामाजिक भागीदारी और पीढ़ियों के बीच संवेदनशीलता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर किया गया था।

# यातायात पुलिस की अविश्वसनीय सक्षम कावड़ यात्रा डायवर्सन की महत्वपूर्ण उपलब्धि और उसका बेमिसाल उदाहरण एक सच्चाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सबहजोई (मुईनुद्दीन हसन)।** सावन माह में कावड़ यात्रा डायवर्सन वर्ष 2026 यातायात व्यवस्था तत्कालीन पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई वर्तमान पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी तत्कालीन यातायात क्षेत्रअधिकारी स्तुति वर्तमान क्षेत्र अधिकारी यातायात अजीत सिंह यातायात प्रभारी जगरोशन जनपद सम्भल के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन में हेड कांस्टेबल त्रिवेंद्र कुमार का महत्वपूर्ण महत्वाकांक्षी अविश्वसनीय और साहसपूर्ण व्यक्तित्व का श्रावण मास कावड़ डायवर्सन में उनका महत्वपूर्ण योगदान एक सच्चाई की कलम से यह है हेड कांस्टेबल त्रिवेंद्र कुमार यातायात पुलिस जनपद सम्भल के इन्होंने 1 जुलाई 1986 को जनपद बिजनौर उत्तर प्रदेश में एक मध्यम परिवार में जन्म लिया इनके पिताजी का निधन 5 अगस्त 2020 को जंगल में अपने निजी खेत में धान की रोपाई करते समय अचानक हार्ट अटैक से हो गया था उसे समय कोरोना कल का लास्ट पीरियड था उसे समय उनके कंधों पर और सर पर मानव एक पहाड़ की तरह एक जिम्मेदारी खड़ी थी पिताजी का साया सर से उठ जाने के बाद यह बहुत टूट चुके थे लेकिन किसी को एहसास नहीं होने दिया यह परिवार के सबसे बड़े बेटे और पूरे परिवार की जिम्मेदारी स्वयं इन्हीं पर थी और इनके अलावा उनके दो भाई और चार बहने कुल मिलाकर साथ भाई बहन इन्होंने अपने सहित अपने छोटे भाई बहनों की शादी की और उनके लिए घर बना कर दिया उनकी सारी जरूरत और रिश्तेदारों के सभी कामों में जरूर में काम आए और कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे गांव वालों को इन पर इस बात का फक्र है यह अपने परिवार और अपने छोटे भाई बहनों को अपने बेटे बेटियों की तरह देखते हैं और देखा है और एक परिवार का मुखिया होने के नाते अपने पिता की कमी महसूस नहीं होने देते हैं बाकी समस्त परिवार चाचा दादा दादी सारा परिवार दूसरे गांव कस्बा में निवास करता है उनके दादाजी सन 1970 में जब प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के शासनकाल में एशिया का प्रसिद्ध कच्चा बांध कालागढ़ डाम रामगंगा परियोजना पर निर्माण हो रहा था तब वह वहां पर सरकारी अफसर थे जब उनके दादाजी रिटायर हुए तो वह अपने पैतृक गांव वापस लौट गए लेकिन हेड कांस्टेबल त्रिवेंद्र कुमार के पिता जसवंत सिंह अपने गांव पर अपने परिवार के साथ मौजूद रहे और अपने बच्चों का पालन पोषण किया,हेड कांस्टेबल त्रिवेंद्र कुमार वर्तमान में यातायात पुलिस जनपद सम्भल मैं नियुक्त है इन्होंने 10 जनवरी वर्ष 2011 को आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर जनपद हरदोई में चयन प्राप्त किया उसके बाद इन्होंने अपना प्रशिक्षण 27 पीएसी सीतापुर में से कुशल प्रशिक्षण,प्राप्त किया वापस जनपद हरदोई के थाना टरियावा में तीन माह का अंडर ट्रेनिंग और थाना शाहाबाद जनपद हरदोई में भी तीन माह का अंडर ट्रेनिंग कुशल सक्षम प्रशिक्षण प्राप्त किया उसके बाद इनका स्थानांतरण जनपद मुरादाबाद में हुआ यह थाना कटघर में रहे वहां पर इन्होंने विशेष सराहनीय कार्य किया जिसका इनको प्रशस्ति पत्र भी प्रमाण के रूप में मिला और इसके बाद जनपद रामपुर में स्थानांतरित हुए वहां पर इन्होंने बड़ी लगन और मेहनत के साथ अपना कर्तव्य करते हुए ड्यूटी को अंजाम दिया और इस दौरान कोरोना काल के समय आया उसमें भी यह अत्यधिक और निष्पक्ष रूप से अपनी ड्यूटी को निभाते रहे कोरोना काल के टाइम में जिलाअधिकारी आनजने कुमार मोटरसाइकिल पर शहर क्षेत्र में निकले एलआईसी चौराहा रामपुर में इन्होंने जिलाअधिकारी को रोकटोका तो जिलाअधिकारी द्वारा उनके कर्तव्य के प्रति सराहना की गई ।

# डाक कांवड़ का जत्था पांच वर्षों से सावन माह के प्रत्येक सोमवार को, करता है मंदिर में जलाभिषेक

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** सावन माह के अंतिम सोमवार को हरिद्वार से ग्राम मोहम्मदपुर टांडा डाक कावड़ लाकर शिव मंदिर में जलाभिषेक किया पिछले 5 वर्ष से लगातार मोहम्मदपुर टांडा के शिव भक्त डाक कावड़ ला रहे हैं मोहम्मदपुर टांडा के शिव मंदिर पर सावन माह में प्रत्येक सोमवार को डाक कावड़ चढ़ाई जाती हैं लेकिन मोहम्मदपुर टांडा का मेन रास्ता तथा शिव मंदिर को जाने वाले रास्ते पर जल भराव कीचड़ की समस्या बनी हुई है जिस पर शासन प्रशासन के दावों की पूरी तरह से पोल खुली नजर आती है एक तरफ शासन प्रशासन द्वारा तमाम दावे किए जाते हैं और दूसरी तरफ वास्तविकता पर कोई कार्य नजर नहीं आता जिस पर से भक्त कांवरियों ने नाराज की जाहिर की। इस अवसर पर विजय शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस दीपांशु शर्मा हर्षित शर्मा नरेंद्र शर्मा दीपक शर्मा मनोज वर्मा विवेक चौधरी राजीव चौधरी अनिकेत चौधरी अरविंद कुमार पुलकित चौधरी अमित चौधरी पार्थ चौधरी यीशु चौधरी टिंकू वर्मा मोनू वर्मा अंकुर वर्मा रोहित वर्मा सुभाष पाल जितेंद्र पाल हिमांशु शर्मा पंकज शर्मा मोहित शर्मा रिंकू शर्मा धीरज शर्मा मनु शर्मा शिव शर्मा माधव वर्मा कौशब चौधरी नैतिक शर्मा ऋतिक कविता शास्त्री सनी कश्यप गुरमीत जाटव रितिक गोस्वामी आदि शिव भक्त ग्राम वासी मौजूद रहे।

# सावन के आखिरी सोमवार को शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी (मयंक सक्सेना)।** सावन के आखिरी सोमवार को नगर के सीता रोड स्थित प्रसिद्ध मूंछों वाले शिव मंदिर समेत सभी छोटे-बड़े शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिरों में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे।

**मूंछों वाले शिव मंदिर में कांवड़ियों ने किया जलाभिषेक, हर-हर महादेव से गूंजा सीता रोड**



सीता रोड स्थित मूंछों वाले शिव मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। कांवड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को गंगाजल अर्पित कर विधि-विधान से जलाभिषेक किया। कांवड़ियों के साथ बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु भी पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे।

श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और दूध अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सावन के अंतिम सोमवार को लेकर मंदिरों में विशेष सजावट और पूजा-अर्चना भी की गई।

नगर के अन्य शिवालयों में भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुबह से शुरू हुआ जलाभिषेक और पूजा-अर्चना का क्रम देर तक चलता रहा। मंदिरों के आसपास भक्तिमय माहौल बना रहा और पूरा नगर भोले की भक्ति में डूबा नजर आया।

# जेंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई ने किया, बैठक का आयोजन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई (दिनेश सक्सेना )।** जेंट्स



ग्रुप आफ बहजोई की एक मीटिंग का आयोजन सरपंच चाय की टी स्टाल पर हुई मीटिंग में ग्रुप के सदस्यों ने प्रतिभाग किया।

मीटिंग में उपस्थित अध्यक्ष सुशील कुमार बाष्णेय एवं उपाध्यक्ष दिलीप किशोर ने सदस्यों का स्वागत किया और आगामी कार्यक्रमो अधिष्टापन समारोह आदि के बारे में चर्चा की। ग्रुप की संयोजिका बनिता शर्मा ने उपस्थित सदस्यों को ग्रुप के नियमो, उददेश्यो (सेवा, सर्मपण, कर्तव्थ) आदि विषयो पर जानकारी दी।

सर्व सम्मति से उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमति व्यक्त की जिसके परिणाम स्वरूप दिनांक 06.09.26. ग्रुप का आधिष्टापन कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ। मीटिंग में सचिव रूपकिशोर बाष्णेय, आशुतोष वार्ष्णेय (भोला), जितेन्द्र कुमार गुप्ता, सोनू गुप्ता, ललित मोहन शर्मा, सत्यपाल सिंह, अंकुर राजा, अमर वार्षीय निखिल वार्ष्णेय, आकाश गुप्ता, अंकुर वा सोम (तरुण), रामनिवास शर्मा, शुभम उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट पर शुरू हुआ कांग्रेस का प्रदर्शन,देश के सिस्टम को बदलेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई ।** सोमवार को कलेक्ट्रेट से शुरू हुए कांग्रेस के इस प्रदर्शन के प्रमुख व्यवस्थापक राजेश यादव नें देश के प्रशासन के साथ जनपद संभल के प्रशासन को समझाते हुए कहा कि अब यह तो प्रशासन को पता चल चुका है कि संभल कलेक्ट्रेट से देश की सम्पूर्ण व्यवस्था को बदलने के लिए कांग्रेस का संघर्ष शुरू हो चुका है इसलिए कम से कम संभल जिला प्रशासन को इस प्रकार से कार्य करना चाहिए जिससे गरीव से गरीब जनता को यह एहसास होंना चाहिए कि प्रशासन उसके साथ खड़ा है। चंदोसी तहसील के गांव खुशहलपुर की नेमवती नें जिला प्रशासन को अपने आपसे परिचय कराते हुए कहा कि अब जिला प्रशासन को

**रामपाल सिंह नें कहा कि संभल कलेक्ट्रेट के इस हिस्से से इस संघर्ष की शुरूआत हुई है यह हिस्सा इतिहास में लिखा जायेगा**

अपने आपको तुरंत सुधारना चाहिए गांव के दबँगों नें मेरी जमीन छीन ली मैंने आवाज उठाई तो मुझे बुरी तरह से मारा गया चंदोसी कोतवाली में बुरी तरह अपमानित होंना पड़ा डी एम और कप्तान सहाब से मिली गुलाबो देवी मंत्री जी से मिली लेकिन सभी से मिलने के बाद कोई कार्यबाही नहीं हुई। लेकिन अब सोमबार को विनोद साथी संभल कलेक्ट्रेट पर साउंड लगाते हैं अब हम अपनी लड़ाई स्वयं लड़ेंगे। रामपाल सिंह नें कहा कि संभल कलेक्ट्रेट के इस हिस्से से इस संघर्ष की शुरूआत हुई है यह हिस्सा इतिहास में लिखा जायेगा। विचपुरी के सुरेश यादव नें प्रशासन को समझाया कि आने बाले समय में कांग्रेस के सभी नेता संभल कलेक्ट्रेट से शुरू हुए इस संघर्ष में शामिल होंने के लिए तरसेंगे। संभल कलेक्ट्रेट के प्रदर्शन में अशोक राणा नें भी अपने विचार रखे।

# आरा फर्टिलाइजर डीएवी स्कूल में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न!

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बबराला/सम्भल ।** बबराला आरा फर्टिलाइजर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आज केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् (सीबीएसई), नोएडा जोन के निदेर्शानुसार में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एकदिवसीय डीएलडी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयोजक विद्यालय सहित जनपद संभल के विभिन्न विद्यालयों से कुल 52 शिक्षकों ने सहभागिता की।

इनमें डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला, बाल विद्या मंदिर, संभल, अकादमी ऑफ मॉडर्न लर्निंग, जेकेईटी कॉन्वेंट स्कूल, जुनावई, सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल, बहजोई, सेंट मेरीज अकादमी, अखबंदपुर, संभल तथा केवीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिहावली, संभल के शिक्षक शामिल रहे।कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, गणितीय तर्क, अंतर्विषयी शिक्षण, वास्तविक जीवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रयोग तथा इसके नैतिक एवं उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग से परिचित कराना था। विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने विषय-आधारित केस पेपर प्रस्तुत करते हुए अपने श्रेष्ठ शिक्षण-अभ्यास एवं अनुभव साझा किए, कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य आनन्द स्वरूप सारस्वत ने कायनात ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, रजपुरा के प्राचार्य एस. आर. पांडा का स्वागत किया। सारस्वत ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को सक्षम, कुशल एवं तार्किक बनाना है। उन्होंने शिक्षकों से कार्यशाला से प्राप्त ज्ञान को कक्षा-कक्ष तक पहुँचाकर विद्यार्थियों में समस्या-समाधान, तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मकता विकसित करने का आह्वान किया।

**विद्यार्थियों में तार्किक एवं सृजनात्मक चिंतन विकसित करने पर जोर दिया!**



इस कार्यशाला में प्रह्लाद मिश्रा,सुमित त्यागी, विपिन कुमार, अनुराग वार्ष्णेय, शुभम अग्रहरि, संजीव जौहरी, श्रीमती अपूर्वा जोशी, सुरेन्द्र सिंह एवं श्रीमती एकता द्विवेदी ने कम्प्यूटेशनल थिंकिंग, गणित, खेल -आधारित शिक्षण, अंतर्विषयी शिक्षण, वास्तविक जीवन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग, मूल्यांकन तथा एआई के नैतिक एवं उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग जैसे विषयों पर प्रस्तुतियाँ दीं। विषयगत सत्रों में डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के प्रह्लाद मिश्रा ने कम्प्यूटेशनल थिंकिंग की आधारभूत अवधारणाओं एवं एआई रेडीनेस पर प्रकाश डाला। बाल विद्या मंदिर, संभल के श्री सुमित त्यागी तथा श्री विपिन कुमार और अकादमी ऑफ मॉडर्न लर्निंग के श्री अनुराग वार्ष्णेय ने गणितीय तर्क एवं एआई के संबंध पर अपने अनुभव साझा किए। डीएवी फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल, बबराला से श्री शुभम अग्रहरि ने खेल एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण के माध्यम से कम्प्यूटेशनल थिंकिंग विकसित करने की प्रगतिशील शिक्षण-पद्धति प्रस्तुत की। श्री संजीव जौहरी ने गणितीय तर्क एवं समस्या-समाधान कौशल की भूमिका स्पष्ट की। श्रीमती अपूर्वा जोशी ने विभिन्न विषयों में कम्प्यूटेशनल थिंकिंग के अंतर्विषयी प्रयोग पर चर्चा की। श्री सुरेन्द्र सिंह ने वास्तविक जीवन में एआई के अनुप्रयोग तथा उसके शिक्षण एवं मूल्यांकन की प्रभावी पद्धतियों पर प्रकाश डाला। जबकि श्रीमती एकता द्विवेदी ने एआई के नैतिक एवं उत्तरदायित्वपूर्ण उपयोग में गोपनीयता, सत्यनिष्ठा और विवेकपूर्ण निर्णय की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यशाला में शिक्षकों ने नवीन तकनीकों के प्रभावी एवं विवेकपूर्ण उपयोग पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप कौशल -आधारित एवं भविष्य-केंद्रित शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

# गवॉं को अनूपशहर रोड से जोड़ने वाली 900 मीटर सड़क टूटी हुई है

## मंडल उपाध्यक्ष भाजपा ने पी डबल्यू डी अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण को लिखा पत्र

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गवॉं ।** नगर पंचायत गवॉं में बिजली घर से



अनूपशहर रोड को जोड़ने वाली सड़क में जरजर हालत में हैं रोड में गड्ढे जगह जगह हैं। कस्बा गवॉं से इसी रोड पर प्रतिदिन लगभग 20-25 गाँव के हजारों लोग आते जाते रहते हैं। जबकि इसी मार्ग पर अजीत कुमार उर्फ राजूयादव पूर्व मंत्री विधायक का जुगलकिशोर महाविद्यालय गवॉं है।हरि बाबा जनता इंटर कालेज,कई विद्यालय भी हैं।इसी पर अनूपशहर को टैम्पो, ट्रि, कार आदि गाड़ियां गुजरती हैं। लोग तथा छात्र छात्राऐं परेशान रहते हैं, टैम्पो पलटने का खौफ रहता है अपनी जान पर खेल कर सफर करते हैं। इस 900 मीटर टूटे रोड को लेकर आज ठा.सुमित शेखावत मंडल उपाध्यक्ष भाजपा गवॉं ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग सम्भल को लैटर पैड लिखकर अतिशीघ्र जनहित में कार्यवाही करने को कहा है।

# शहीद राजगुरु की जयंती पर किया नमन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महान क्रांतिकारी शहीद राजगुरु की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र

**देश की आजादी में उनके बलिदान को किया याद**



ने राजगुरु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता हॉस्पिटल चेयरमैन डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने की और संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता माधव मिश्र ने कहा कि शहीद राजगुरु का जन्म 24 अगस्त 1908 को महाराष्ट्र के पुणे जिले के खेड़ गांव में हुआ था। उन्होंने भगत सिंह, सुखदेव और चंद्रशेखर आजाद के साथ देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। 23 मार्च 1931 को तीनों क्रांतिकारियों को फांसी दी गई।

वक्ताओं ने उनके बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. नितिन कौशिक, डॉ. निशा गुप्ता, पंडित सुरेश चंद्र शर्मा, अंकित वार्ष्णेय, पंकज अग्रवाल, आशीष कुमार, हिमांशु यादव, विकास यादव, शिवकुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**आयोजन** मुल्क के वास्ते घर बार लुटाया हमने, पेशे दुश्मन न कभी सर को झुकाया हमने

# जश्ने आजादी के उपलक्ष्य में आयोजित मुशायरे में शायरों ने पढ़े कलाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो




**संभल।** संभल की साहित्यिक संस्था बज्मे अब्र के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में आयोजित चौथे तरही मुशायरा का मुरादाबाद स्थित एएम पब्लिक स्कूल में आयोजन किया गया। तरही मुशायरे का मिसरा "मुल्क अंग्रेजों से आजाद कराया हमने" शीर्षक पर आधारित मुशायरे में दूर दराज से आए शायरों ने अपने कलाम पेश किए। मुशायरे का आगाज तहसीन मुरादाबादी में नाते पाक से किया। उसके बाद तरही मुशायरा का आगाज करते हुए नफीस अहमद पाशा साहिब मुरादाबादी ने अपनी गजल सुनते हुए कहा- मुल्क के वास्ते घर बार लुटाया हमने,पेशे दुश्मन न कभी सर को झुकाया हमने। डॉ आजम बुराक पीपलसानवी ने कहा-दुश्मनें हिंद को औकात में लाने के लिए,पृथ्वी अग्नि मिसाइल को बनाया हमने। मुशायरा संयोजक शाह आलम रोनक ने कहा- ये न पूछो के तुम्हे कैसे भुलाया हमने,मुद्दतों खुद को अकेले में रुलाया हमने। राशिद राहत ने कहा- इसकी इज्जत के लिए जान निछावर कर दी, किसको कहते हैं शहादत,ये बताया हमने। अब्दुल कुद्दुस जौहर ने कहा- खौफ दुश्मन से तो हमने कभी खाया ही नहीं,खौफ अपना दिले दुश्मन पे बिठाया हमने। निजाम नौशाही ने कहा- क्या तुम्हे याद नहीं करबो बला की रूदाद,सर को देकर सरे इस्लाम बचाया हमने। नूर कादरी मुरादाबादी ने कहा- अपने जख्मो पे नमक खुद ही लगाया हमने,जब फसाने को कहीं अपने सुनाया हमने। मुख्य अतिथि डॉ मुनव्वर ताबिश संभली ने कहा- हम हैं खुद्दार तबीअत के दिखाया हमने,सर पे तलवार थी और सर न झुकाया हमने। मुशायरे के सरपरस्त सैय्यद हुसैन अफसर ने कहा- अब तो ये बात भी आ जाती है अक्सर लब पर,होके आजाद भी कुछ चैन न पाया हमने। तहसीन मुरादाबादी ने कहा- आंदोलन जो हुआ देश में शिक्षा के लिए,जैन अल्फा की ही हिम्मत को बढ़ाया हमने।

मुशायरे का संचालन कर रहे सरफराज हुसैन फराज पीपलसानवी ने कहा- मौत के मुंह से कभी सर न छिपाया हमने, खुतबा ए हक तो सीन पर भी सुनाया हमने। इसके अतिरिक्त फरहत अली फरहत ने कहा- छा गया जब भी जहालत का अंधेरा फरहत, इल्म का सरे राह जलाया हमने। जुबैर मुरादाबादी ने कहा- बेवफाई का न इल्जाम तेरे सर जाए,जख्म ए दिल यूं भी जमाने से छिपाया हमने। मुजाहिद नादां संभली ने कहा- दर बदर से पे लिए फिरते हैं तपती धूपें,जब से खोया है कहीं पेड़ का साया हमने। अंत में देर शाम तक चले मुशायरे की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक बलराम सैनी ने सभी शायरों के कलाम को सराहा और देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रम की सफलता की बधाई दीं। अंत में कार्यक्रम संयोजक एवं स्कूल के प्रधानाचार्य शाह आलम रोनक ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर चित्रभान सैनी,दिलशाद अली,रेहान शराफत,मास्टर मकसूद,मनीष, मोहम्मद जैद,आसी हसनपुरी आदि शामिल रहे।

# छात्रावास से भगत सिंह चौक तक का मुख्य मार्ग बना मुसीबत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर।** नगर को मेरठ-बदायूं हाईवे से जोड़ने वाले छात्रावास से भगत सिंह चौक तक करीब

- दल-दल में तब्दील रास्ते से आमजन परेशान
- बारिश में कीचड़ और जलभराव से बढ़ा हादसों का खतरा
- कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर हो चुके घायल, ई रिक्शा पलटी, हजारों छात्र-राहगीर परेशान

120 मीटर लंबे संपर्क मार्ग की हालत बेहद खराब हो गई है। मार्ग की हालत इतनी खराब है कि यहां पैदल चलना दूर दोपहिया वाहन चालकों को भी





भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। बारिश के बाद मार्ग पर जगह-जगह कीचड़ और जलभराव होने से राहगीरों तथा वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग में बने गहरे गड्ढे बारिश के पानी में दिखाई नहीं देते, जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया है। गड्ढे में ई-रिक्शा पलटी। स्थानीय लोगों के अनुसार कई दोपहिया वाहन चालक फिसलकर घायल भी हो चुके हैं।

यह मार्ग चौधरी चरण सिंह छात्रावास, मंदिर, तहसील सहित कई प्रतिष्ठित विद्यालयों, डिग्री कॉलेज और लॉ कॉलेज को जोड़ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और ग्रामीणों का आवागमन इसी मार्ग से होता है। रानीवाला, खखूड़ा, बरौली, सरगांव, जगदीशपुर और मीरापुर समेत दर्जनों गांवों के लोग भी नगर में आने-जाने के लिए इस मार्ग का इस्तेमाल करते हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों को मार्ग की बदहाल स्थिति की जानकारी होने के बावजूद अब तक समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। टीवीएस शोरूम से भगत सिंह चौक तक का हिस्सा भी लंबे समय से खराब पड़ा है।

उद्योग व्यापार मंडल भारत के नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गर्ग ने नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी से मार्ग की स्थिति को देखते हुए संबंधित ठेकेदार के माध्यम से जल्द से जल्द सड़क का निर्माण कराने की मांग की है। नगरवासियों ने भी संबंधित अधिकारियों से मार्ग की मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराने की मांग की है।

# राष्ट्रगान के अपमान पर कांग्रेस का प्रदर्शन, एसएसपी को शिकायत देकर कार्यवाही की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उन्नाव में राष्ट्रगान के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के कार्यक्रम स्थल से चले जाने संबंधी वायरल वीडियो की निष्पक्ष जांच एवं आवश्यक विधिसम्मत कार्रवाई की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी, बुलंदशहर के जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एसएसपी ऑफिस पर प्रदर्शन कर सीओ सिटी को ज्ञापन सौंपा और कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि उन्नाव जनपद में आयोजित एक कार्यक्रम से संबंधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें प्रथम दृष्टया राष्ट्रगान के दौरान श्री सतीश महाना के मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से जाने का दृश्य दिखाई दे रहा है। राष्ट्रगान देश की एकता, अखंडता, सम्मान और गौरव का प्रतीक है। इसलिए संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के आचरण से संबंधित इस प्रकार के मामले में वास्तविक तथ्यों का सामने आना आवश्यक है।



कांग्रेस जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान एडवोकेट ने कहा कि कांग्रेस किसी व्यक्ति को दोषी ठहराने की मांग नहीं कर रही है, बल्कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच चाहती है। उन्होंने कहा कि वायरल वीडियो की तकनीकी जांच कर उसकी वास्तविकता का सत्यापन कराया जाए तथा कार्यक्रम स्थल के उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज और अन्य वीडियो रिकॉर्डिंग को सुरक्षित कर उनकी जांच की जाए। ज्ञापन के माध्यम से कार्यक्रम के आयोजकों, प्रत्यक्षदर्शियों, सुरक्षा कर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज करने तथा राष्ट्रगान शुरू होने से लेकर समाप्त होने तक के पूरे घटनाक्रम को स्पष्ट करने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यदि जांच में राष्ट्रगान के सम्मान से संबंधित किसी कानून या अन्य विधिक प्रावधान का उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।

पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, प्रशांत बाल्मिकी, मनोज शर्मा, वीरेंद्र शर्मा और शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी ने कहा कि राष्ट्रगान किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय नागरिक के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। इसलिए इस मामले में राजनीतिक पूर्वाग्रह से ऊपर उठकर निष्पक्ष जांच के माध्यम से वास्तविक तथ्य जनता के सामने आने चाहिए।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, मनोज शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, रवि लोधी, प्रशांत बाल्मिकी, मनीष चतुर्वेदी, मुनीर अकबर, पुष्पेंद्र चौधरी, देशदीपक भारद्वाज, मौ मुंतज़िर, ज्ञानेंद्र कुमार, अभिलाष बाल्मिकी, जुबेर फारुखी, सादिक सैफी, आरिफ मलिक, जुबेर राणा एड, राजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे ।

# लम्पी स्किन रोग की रोकथाम के लिए बुलन्दशहर में 1.26 लाख वैक्सीन उपलब्ध, 34 हजार गोवंश का टीकाकरण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** लम्पी स्किन डिजीज वायरस से फैलने वाला संक्रामक रोग है। वर्तमान में जनपद बागपत, मेरठ एवं हापुड़ में इस रोग का प्रकोप सामने आया है। इसके मद्देनजर जनपद बुलन्दशहर में लम्पी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए 1,26,000 वैक्सीन प्राप्त हो चुकी हैं और गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के अनुसार, 24 अगस्त 2026 तक जनपद में 34,000 गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए गांव चठहेरा में पशु चिकित्सा विभाग की टीम भेजी गई। टीम ने गांव में 150 गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण किया तथा बीमारी के लक्षण वाले पशुओं का उपचार भी किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, बुलन्दशहर ने पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने सभी गोवंशीय पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं। यदि किसी पशु में लम्पी स्किन डिजीज के लक्षण दिखाई दें तो उसे तत्काल अन्य पशुओं से अलग



रखें। ऐसे पशु के झूठे चारे और पानी का इस्तेमाल अन्य पशुओं को न कराने की भी अपील की गई है।

उन्होंने बताया कि जनपद के सभी उप-मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों, पशु चिकित्साधिकारियों एवं पशुधन प्रसार अधिकारियों को बीमारी की रोकथाम के लिए व्यापक टीकाकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। पशुपालकों से विभाग की टीमों का सहयोग करने तथा पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की अपील की गई है।

# महिला सैल की काउंसलिंग से टूटने से बचा परिवार, दंपति ने की नई शुरूआत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलन्दशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर के निर्देशन में वैवाहिक विवादों के त्वरित निस्तारण के लिए महिला सैल एवं परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा लगातार काउंसलिंग की जा रही है। इसी क्रम में 24 अगस्त को पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद से जुड़े मामले में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी गईं।

महिला सैल एवं परिवार परामर्श केन्द्र की काउंसलिंग के बाद दोनों पक्षों में आपसी सहमति से सुलह-समझौता कराया गया। दंपति ने एक-दूसरे पर विश्वास जताते हुए साथ रहने और नए सिरे से खुशहाल वैवाहिक जीवन शुरू करने पर सहमति जताई।

काउंसलरों ने दंपति को शुभकामनाएं देते हुए समझाया कि बीती बातों को लेकर भविष्य में विवाद न करें और आपसी प्रेम व



विश्वास के साथ जीवन व्यतीत करें। काउंसलिंग के प्रयास से एक परिवार को टूटने से बचाते हुए दंपति को फिर से साथ रहने के लिए राजी किया गया।

# एआरटीओ कार्यालय में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर उद्योग व्यापार मंडल ने किया प्रदर्शन,मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** उद्योग व्यापार मंडल (नरेंद्र), बुलंदशहर के तत्वावधान में सोमवार को चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में एआरटीओ कार्यालय परिसर में कथित भ्रष्टाचार, अवैध वसूली, अनधिकृत व्यक्तियों के हस्तक्षेप और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार सतेंद्र कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम

**शासकीय काउंटरों पर प्राइवेट व्यक्तियों के बैठने और अवैध वसूली का लगाया आरोप, अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जताया रोष**

ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की।

संगठन के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। ऐसे में यदि किसी सरकारी कार्यालय में अनियमितताएं और अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य शासन का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता और व्यापारियों को परेशान करने वाली व्यवस्थाओं में सुधार कराना है।

जिला अध्यक्ष विशाल अरोरा ने आरोप लगाया कि सरकारी कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद विभिन्न काउंटरों पर अनधिकृत प्राइवेट व्यक्तियों का हस्तक्षेप बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों और व्यापारियों को अपने कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने शासकीय काउंटरों से प्राइवेट व्यक्तियों को तत्काल हटाने तथा अधिकृत कर्मचारियों की तैनाती की मांग की।

नगर महामंत्री अमित सिंघल ने कार्यालय में अधिकारियों की कथित अनुपस्थिति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आर.आई. सहित संबंधित अधिकारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि वाहन फिटनेस और जांच से जुड़े कार्यों के लिए आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े।

जिला मंत्री मोहम्मद रियाज ने महिला आवेदकों के लिए अलग काउंटर अथवा विशेष व्यवस्था किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस, ट्रांसफर और एनओसी जैसी सेवाएं सिटीजन चार्टर के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

धरमराज ने शासकीय काउंटरों से अनधिकृत प्राइवेट व्यक्तियों को तत्काल हटाने और अधिकृत कर्मचारियों की तैनाती की मांग की। मोहन सिंह ने आर.आई. सहित





सभी पटल प्रभारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। व्यापार मंडल ने कार्यालय में महिला आवेदकों के लिए अलग काउंटर, हेल्प डेस्क तथा पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने की मांग भी की। साथ ही कथित अनियमितताओं में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान महेश लोधी ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी समाज व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होगा। इस अवसर पर मुकेश अरोड़ा, गौरव गर्ग, प्रवीन सागर, बबलू, साजिद खान, शादाब खान, जान खान, आलम, शोएब खान, अशोक गिरी, कैलाश शर्मा, कौशल अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, नितिन जालान, सौरभ गोयल, अनवर, सलमान, प्रमोद कुमार सहित संगठन के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। उद्योग व्यापार मंडल (नरेंद्र), बुलंदशहर ने ज्ञापन के माध्यम से संबंधित शिकायतों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।4र मामले की उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की।

संगठन के चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। ऐसे में यदि किसी सरकारी कार्यालय में अनियमितताएं और अवैध वसूली की शिकायतें सामने आती हैं तो उनकी निष्पक्ष जांच होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य शासन का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता और व्यापारियों को परेशान करने वाली व्यवस्थाओं में सुधार कराना है।

जिला अध्यक्ष विशाल अरोरा ने आरोप लगाया कि सरकारी कर्मचारियों की मौजूदगी के बावजूद विभिन्न काउंटरों पर अनधिकृत प्राइवेट व्यक्तियों का हस्तक्षेप बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों और व्यापारियों को अपने कार्यों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने शासकीय काउंटरों से प्राइवेट व्यक्तियों को तत्काल हटाने तथा अधिकृत कर्मचारियों की तैनाती की मांग की।

नगर महामंत्री अमित सिंघल ने कार्यालय में अधिकारियों की कथित अनुपस्थिति का मुद्दा उठाते हुए कहा कि आर.आई. सहित संबंधित अधिकारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि वाहन फिटनेस और जांच से जुड़े कार्यों के लिए आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े। जिला मंत्री मोहम्मद रियाज ने महिला आवेदकों के लिए अलग काउंटर अथवा विशेष व्यवस्था किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस, ट्रांसफर और एनओसी जैसी सेवाएं सिटीजन चार्टर के अनुसार निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराई जानी चाहिए।धरमराज ने शासकीय काउंटरों से अनधिकृत प्राइवेट व्यक्तियों को तत्काल हटाने और अधिकृत कर्मचारियों की तैनाती की मांग की। मोहन सिंह ने आर.आई. सहित सभी पटल प्रभारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। व्यापार मंडल ने कार्यालय में महिला आवेदकों के लिए अलग काउंटर, हेल्प डेस्क तथा पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था करने की मांग भी की। साथ ही कथित अनियमितताओं में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान महेश लोधी ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो व्यापारी समाज व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होगा।

# पूर्व प्रधानाचार्य सतपाल कौर को भावभीनी श्रद्धांजलि, नम आंखों से दी अंतिम विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** लॉरेंस एकेडमी की पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती सतपाल कौर के निधन पर डायरेक्टर शोएब मेवाती ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अंतिम विदाई के दौरान भावुक शोएब मेवाती ने कहा कि सतपाल कौर मैम उनके लिए केवल एक प्रधानाचार्य नहीं, बल्कि मां के समान थीं, जिन्होंने हमेशा उन्हें अपने बेटे की तरह स्नेह, अपनापन और मार्गदर्शन दिया।







उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि कल तक जो मैम साथ बैठकर जीवन के विभिन्न पहलुओं पर समझाती और मार्गदर्शन देती थीं, आज उन्हें अंतिम विदाई देते समय शब्द भी साथ नहीं दे रहे हैं। उनके साथ बिताए पल अब जीवनभर की अमूल्य स्मृतियां बन गए हैं। शोएब मेवाती ने कहा कि सतपाल कौर मैम की मुस्कान, उनकी बातें, सीख और आशीर्वाद हमेशा उनके जीवन का हिस्सा रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ रिश्ते तस्वीरों में नहीं, बल्कि दिल में हमेशा के लिए बस जाते हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने तथा शोकाकुल परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा–मैम, आप हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन आपका स्नेह, आपकी सीख और आपका आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहेगा।

# खेल संगम में बाल स्वयंसेवकों ने दिखाया उत्साह, खेलों से दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**डिबाई (केपी सिंह चौहान)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से डिबाई नगर में खेल संगम कार्यक्रम का आयोजन त्रिवेणी दत्त ब्रह्मचारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में नगर के बड़ी संख्या में बाल स्वयंसेवक बंधुओं ने सहभागिता कर विभिन्न खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान संघ के विभाग सहविभाग प्रचार प्रमुख अखंड प्रताप ने स्वयंसेवकों को खेलों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य, अनुशासन, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग की भावना विकसित करने का प्रभावी साधन हैं। उन्होंने बाल स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। खेल संगम के दौरान स्वयंसेवकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। खेल गतिविधियों ने परिसर में जीवंत माहौल बना दिया और बच्चों ने पूरे जोश के साथ सहभागिता की।



कार्यक्रम का उद्देश्य बाल स्वयंसेवकों में शारीरिक दक्षता के साथ-साथ टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का विकास करना रहा।

इस अवसर पर नगर कार्यवाह दीपक अग्रवाल, सह नगर कार्यवाह जय कोहली, रवेंद्र, उमंग, भूपेंद्र, आकाश सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी स्वयंसेवकों ने खेलों को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

**सावन का चौथा सोमवार** | **मंदिर परिसरो मैं गूंजे भोले बाबा के जयकारे, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम**

# शिव मंदिरो में जलाभिषेक करने उमडी श्रद्धालुओं की भीड़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर (अशोक पाठक)।** भगवान शिव की उपासना के पवित्र माह सावन के चौथे

- भंडारे आयोजित कर श्रद्धालुओं को ग्रहण कराया प्रसाद
- मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कराकर चूना डलवाया

सोमवार को नगर से लेकर देहात तक मंदिर और शिवालय हर हर बम बम जय भोलेनाथ के जयघोष से गूंज उठे । भक्तों ने शिवलिंग पर दुग्ध अभिषेक भी किया । उमस के बावजूद शिवभक्त जलाभिषेक के लिए घंटों कतार में लगे रहे। दिनभर भोग प्रसाद के वितरण के साथ ही भंडारे का आयोजन हुआ ।

शिवालयो के आसपास सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे ।सावन माह के चौथे सोमवार को सुबह से ही शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों की भीड़ लगी रही। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को गाय का कच्चा दूध दही घी शहद गंगाजल जनेऊ मिष्ठान शक्कर गंगाजल गन्ने का रस फल फूल पंचामृत, भांग बेलपत्र अबीर दीप रोली वस्त्र धतूरा गुलाल व चंदन अर्पित कर अपने सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की।

जगह-जगह भंडारे लगे । जलाभिषेक के दौरान मंदिरों में पुलिस की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। सावन मास भगवान की आराधना के लिए खास होता है। इसमें सोमवार का भी विशेष महत्व होता है। चौथा सोमवार होने के कारण शिवभक्त भोर से ही मंदिरों के बाहर पहुंचने शुरू हो गए। शिकारपुर बड़ा महादेव मंदिर,बरासऊ शिव मंदिर सहित अन्य मंदिरों में शिव भक्त पहुंचे। मान्यता है कि सावन में आने वाले सोमवार को भगवान शिव का विधि विधान से व्रत रखकर जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। वही सभी शिवालयों पर सुरक्षा के चलते पुलिस व्यवस्था चौकस रही। नगर व क्षेत्र में श्रावण मास के



चौथे सोमवार को प्रातः होते ही शिवालयों में शिव भक्तों का तांता लगा रहा। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया श्रद्धालुओं द्वारा लगाए गए जयकारों से वहां का वातावरण शिवमय हो गया। सभी ने भोलेनाथ से अपने परिवार की सुख समृद्धि और लोक कल्याण का आशीष मांगा। हर-हर महादेव के जयघोष से समूचा वातावरण भक्तिमय हो गया। सावन के चौथे सोमवार के मौके पर नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के सभी मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कर चूने का छिड़काव किया।

**भंडारे आयोजित कर श्रद्धालुओं को ग्रहण कराया प्रसाद**

चौथे सोमवार पर जगह-जगह भंडारी भी आयोजित किए गए। कहीं राहगीरों को पूरी सब्जी तो कहीं खीर का प्रसाद वितरित कर पुण्य लाभ अर्जित किया। परशुराम चौक। इसके अलावा झाड़ी पद मंदिर,बरासऊ शिव मंदिर, जहांगीराबाद चुंगी शिव मंदिर,व नगर में कई जगह भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# योगी सरकार कब दिलाएगी बुजुर्ग महिला को इंसाफ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** थाना गुलावठी क्षेत्र के ग्राम पितोवास निवासी बुजुर्ग महिला कांति देवी ने दबंगों पर उनके मकान और कृषि भूमि को नुकसान पहुंचाने तथा अवैध कब्जा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि कथित दबंगों ने उनका मकान

**दबंग रिटायर्ड दरोगा पर मकान उजाड़ने और कृषि भूमि पर कब्जे के गंभीर आरोप, छह साल से न्याय की आस में भटक रहा परिवार**

उजाड़ दिया, खेत-खलिहान को नुकसान पहुंचाया और जबरन पेड़ तक काट डाले। आरोप है कि कृषि भूमि पर आज भी अवैध कब्जा बरकरार है।

कांति देवी का आरोप है कि इस मामले में एक दबंग रिटायर्ड दरोगा का प्रभाव बताया जा रहा है। पीड़िता और उसके पति पिछले करीब छह वर्षों से अधिकारियों के



कार्यालयों और थानों के चक्कर लगाकर न्याय की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन तमाम शिकायतों के बावजूद उन्हें अब तक न्याय नहीं मिल सका है। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस पर दबाव बनाकर मामले में सही कार्रवाई के बजाय कथित तौर पर ऐसी रिपोर्ट लगाई जाती है, जिससे जिम्मेदार लोग अपना पल्ला झाड़ सकें। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि दबंगों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण उनका प्रभाव आज भी कायम है। पीड़ित परिवार का दावा है कि पिछले कुछ वर्षों में उनके साथ 7-8 गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके चलते उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है।

# कन्या जन्मोत्सवः चेयरमैन व विधायक ने बेबी किट व पोषण किट का वितरण किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी कविता मीना,मुख्य विकास अधिकारी श्रुति शर्मा एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के निदेर्शानुसार ब्लॉक हापुड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।




कन्या जन्मोत्सव का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या को रोकना,बेटी के जन्म और शिक्षा को बढ़ावा देना है। जिसके अंतर्गत 25 बेबी केयर किट और माताओं को पोषण किट वितरण की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर व विधायक विजय पाल आढ़ती द्वारा संयुक्त रूप से बेबी किट व माताओं में पोषण किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ किशोर कुमार आहूजा,चिकित्सक अधीक्षक कपिल गौतम, अनुज त्यागी,नेहा त्यागी डिस्ट्रिक्ट मिशन कॉर्डिनेटर एवम् सेंटर मैनेजर वन स्टॉप सेंटर सोनिया,काउंसलर रविता चाइल्ड हेल्पलाइन से सुपरवाइजर केस वर्कर रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष से पिंकू उपस्थित रहे।

# नटराज पूजन समारोह में कला साधकों का सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** संस्कार भारती जनपद हापुड़ के तत्वावधान में शैलेश फार्म स्थित संस्कार भवन में नटराज पूजन एवं कला साधक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भजन सम्राट दयानंद रसिक प्रजापति एवं कत्थक नृत्यांगना नलिनी सिंह को संस्था की ओर से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में सभासद एवं जिला कोषाध्यक्ष भाजपा अंशुल मित्तल तथा सभासद एवं मंडल उपाध्यक्ष भाजपा संजय चेतन राणा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संस्था अध्यक्ष बृजमोहन माहेश्वरी एवं कोषाध्यक्ष विनय प्रकाश शर्मा ने अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। दीप प्रज्ज्वलन एवं ध्येय गीत के बाद महा सरस्वती जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने नटराज नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने सती, भोलेनाथ और माता पार्वती की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत की। मिल्टन एकेडमी के विद्यार्थियों ने प्रदूषण विषय पर जागरूकता प्रस्तुति दी। वहीं







नलिनी सिंह के कत्थक स्कूल के कलाकारों ने राष्ट्रगीत ह्यवंदे मातरम पर मनमोहक कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के दौरान उपस्थित सदस्यों ने खड़े होकर देर तक तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। संस्था परिवार के बच्चों ने भी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समारोह में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालक कर रहे संस्कार भारती के जिला महामंत्री विशाल कौशिक ने बताया संस्कार भारती अखिल भारतीय स्तर की कला एवं साहित्य को समर्पित संस्था है वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों में संस्था का नटराज पूजन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसको हम प्रत्येक वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।

कार्यक्रम का संयोजन सुशील अग्रवाल, प्रदीप सिंघल एवं डॉ संजीव शर्मा, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ वागीश दिनकर, अमित मित्तल, प्रतीक गुप्ता, बीना गोयल, डा. सतीश वर्धन, ज्ञान प्रकाश अग्रवाल, राम निवास कंसल, कवि अशोक गोयल, अमन मित्तल, अशोक शर्मा, भगवान गोयल, मनोज सिसोदिया, आनंद अग्रवाल, नीरज मित्तल, अनिल, पीयूष गोयल, योगेश बंसल, शुभम महेश्वरी, मनोज शर्मा, किंशुक बंसल, सुधा गुप्ता, बबीता अग्रवाल, श्वेता बंसल, अंजलि सिंघल, संगीता बंसल, आभा शर्मा, अंजना शर्मा, शीतल वर्धन आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष बृजमोहन माहेश्वरी द्वारा उपस्थित सदस्यों को नटराज पूजन की शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार प्रकट किया गया।

# बिजली के खुले तार की चपेट में आया छात्र, हुई मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो





**पिलखुवा (राशिद)।** नगर के मोहल्ला गढ़ी में सोमवार सुबह बिजली का करंट लगने से 18 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजन छात्र को उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में मातम पसरा हुआ है।

मोहल्ला गढ़ी निवासी मूलचंद का पुत्र मनीष कक्षा 11 का छात्र था। बताया गया कि सोमवार सुबह करीब छह बजे मनीष सोकर उठने के बाद कमरे से बाहर निकल रहा था। इसी दौरान कमरे में रखे टेबल फैन के क्षतिग्रस्त बिजली के तार पर उसका पैर पड़ गया। तार में करंट होने के कारण वह उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही बेसुध होकर गिर पड़ा। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मनीष की मौत की खबर मिलते ही घर में चीख-पुकार मच गई। मनीष दो भाइयों में बड़ा था। उसके पिता दिल्ली में मजदूरी करते हैं, जबकि मां पूजा गृहिणी हैं। छोटा भाई गौरव कक्षा छह में पढ़ता है। परिजनों के अनुसार, मनीष पढ़ाई के साथ काम कर परिवार की आर्थिक मदद भी करता था। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी। कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि जानकारी मिलने पर मामले की आवश्यक जांच कराई जाएगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म व अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,पिलखुवा।** जनपद की पिलखुवा कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म और अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले में वांछित

**आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किया**

नामजद आरोपित को गिरफ्तार उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार बालियान ने बताया कि एसपी के निर्देश पर अपराध की रोकथाम और वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पुलिस ने आनंदा प्लांट पुलिया के पास से गिरिधर मित्तल पुत्र अक्षय मित्तल निवासी ग्राम शाहपुर फगौता,थाना पिलखुवा को गिरफ्तार कर लिया।



उन्होंने बताया कि आरोपित थाना पिलखुवा में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 441/2026 में वांछित था। मुकदमे में भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 376, 328 और 506 के साथ पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 67बी के तहत कार्रवाई की गई है। आरोप है कि नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी अश्लील वीडियो वायरल की गई।

कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपित के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वीवो वाई-22 मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अब बरामद मोबाइल फोन समेत अन्य साक्ष्यों की जांच कर मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# मुर्गा फार्म हाउस चोरी का खुलासा,चार शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी का सामान,घटना में प्रयुक्त सैंट्रों कार व अवैध असलाह बरामद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,गढ़मुक्तेश्वर।** जनपद के गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने क्षेत्र के गांव झड़ीना-लोधीरपुर मार्ग स्थित मुर्गा फार्म हाउस में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चार शातिर आरोपितों

**गिरफ्तार आरोपियों पर करीब 4 दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज**

को गिरफ्तार किया है। जिनके के कब्जे से चोरी का सामान, चोरी में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण,घटना में प्रयुक्त सेंट्रो कार और अवैध असलहा बरामद किया है।

थाना गढ़मुक्तेश्वर प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र बिष्टद्द ने बताया कि में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 425/2026 की जांच के दौरान पुलिस टीम को आरोपितों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके आधार पर पुलिस ने दौताई नहर पुल के पास घेराबंदी कर चार



आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान बुलंदशहर के थाना आहार क्षेत्र के गांव दराबर निवासी गुड्डू उर्फ मनोज, थाना औरंगाबाद क्षेत्र के गांव बालका निवासी कल्लू, थाना स्याना क्षेत्र के अंबेडकर गली निवासी गोविंद और राजाराम पट्टी कृष्ण नगर निवासी आकाश के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो बैटरी,दो इन्वर्टर,एक स्टेबलाइजर/चार्जर और अल्टीनेटर का रोटर बरामद किया। इसके अलावा चोरी में इस्तेमाल होने वाले 31 चाबी,दो पेंचकस, प्लास,आरी के दो पत्ते, दो छैनी और आठ रिंच भी मिले हैं। घटना में प्रयुक्त सेंट्रो कार के साथ एक तमंचा, कारतूस और अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। आरोपित गुड्डू उर्फ मनोज के खिलाफ ही बुलंदशहर जनपद के विभिन्न थानों में लूट, चोरी, हत्या के प्रयास,गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

# छत्रपति शिवाजी के शौर्य से रूबरू हुए विद्यार्थी, जाणता राजा ने मोहा मन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा (राशिद अली)।** जीएस विश्वविद्यालय परिसर में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित ऐतिहासिक महानाट्य ह्यजाणता राजा का प्रभावशाली मंचन किया गया। मंच पर शिवाजी महाराज के संघर्ष, स्वराज की स्थापना, साहस, नेतृत्व और राष्ट्रप्रेम से जुड़े प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। महानाट्य ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं दर्शकों को इतिहास के गौरवशाली अध्याय से रूबरू कराया।

कार्यक्रम में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्वार के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम ने कहा कि समाज की जिम्मेदारी है कि बच्चों में सेवा, साधना और संस्कारों के भाव विकसित किए जाएं। उन्होंने बताया कि मिशन द्वारा ह्यजाणता राजा का मंचन देश के साथ विदेशों में भी किया जा चुका है। इस वर्ष गाजियाबाद में 22 से 28 अक्टूबर तक इसका आयोजन होगा।





नगर पालिका पिलखुवा अध्यक्ष विभू बंसल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज का जीवन युवाओं को नेतृत्व, अनुशासन, कर्तव्य और मातृभूमि के प्रति समर्पण की सीख देता है। इतिहास से प्रेरणा लेकर समाज और वर्तमान को बेहतर दिशा देना ही ऐसे आयोजनों की सार्थकता है।

कार्यक्रम का संचालन सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मधुबाला ने किया। इस मौके पर जीएस विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. यतीश अग्रवाल, डॉ. शरद गोयल, डॉ. एस. कुमार, मनोज शिशोदिया समेत विश्वविद्यालय व अस्पताल के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

# परिवर्तन योजना का वाहन स्वामी उठाये लाभः छवि

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली क्षेत्र में वायु प्रदूषण कम करने के लिए केंद्र सरकार ने परिवर्तन योजना लागू की है। योजना के तहत बीएस थर्ड और बीएस प्रथम से लेकर बीएस फोर श्रेणी के पुराने ट्रक व बसों को स्क्रैप कर नए या इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर वाहन स्वामियों को कर और शुल्क में बड़ी राहत मिलेगी। जनपद की सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन छवि सिंह ने बताया कि परिवर्तन योजना का लाभ केवल एनसीआर में पंजीकृत बीएस फर्स्ट से लेकर फोर्थ तक के मानक वाले ट्रक एवं बसों को मिलेगा। इच्छुक वाहन स्वामी अधिसूचना जारी होने की तारीख से दो वर्ष के भीतर आवेदन कर सकते हैं।






उन्होंने बताया कि उससे पुराने वाहनों को स्क्रैप कराना अनिवार्य होगा। बीएस फोर वाहनों को आरवीएसएफ में स्क्रैप किया जा सकता है या एनसीआर से बाहर बेचा जा सकता है। प्रतिस्थापन में खरीदा जाने वाला नया वाहन या इलेक्ट्रिक होना चाहिए और उसका पंजीकरण एनसीआर में होना आवश्यक है।

एआरटीओ ने बताया कि योजना के तहत नए वाहन पर पंजीकरण की तारीख से 10 वर्ष तक 100 प्रतिशत मोटर वाहन कर और पंजीकरण शुल्क में पूरी छूट दी जाएगी। यदि बीएस फोर वाहन को एनसीआर से बाहर बेचकर नया वाहन खरीदा जाता है तो 10 वर्ष तक 50 प्रतिशत कर में छूट मिलेगी। इसके अलावा एक वर्ष से अधिक के बकाया कर और शास्ति को भी माफ किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि वाहन निमार्ता कंपनियां नए वाहन की खरीद पर 8 प्रतिशत तक अग्रिम छूट देंगी।

- **पुराने ट्रक-बस स्क्रैप करने पर 10 वर्षों तक टैक्स में छूट मिलेगी**
- **योजना के तहत नये वाहन के पंजीकरण में मिलेगी 100 प्रतिशत की छूट**

डीजल और सीएनजी वाहनों के लिए 5 वर्ष तक ब्याज अनुदान और 5 वर्ष तक मासिक ईंधन वाउचर भी दिया जाएगा। डीजल,सीएनजी वाहनों पर मासिक फयूल वाउचर तथा इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एक मुश्त वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी। परिवर्तन योजना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी के लिए परिवहन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के अंदर बदला जाएः डीएम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी कविता मीना विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

**जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कर दिये निर्देश**



जिलाधिकारी कविता मीना ने जनपद में निर्बाध विद्युत आपूर्ति, रोस्टर का अनुपालन,ट्रिपिंग की समस्या, बिलिंग एवं विद्युत चोरी पर विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि खराब ट्रांसफार्मरों को 24 घंटे के अंदर बदला जाए तथा जनसुनवाई में प्राप्त विद्युत शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जाए।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का सश्रम कारावास,15 हजार का लगाया जुर्माना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को न्यायालय ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने के मामले में एक आरोपी 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा के साथ-साथ 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता हरेन्द्र कुमार त्यागी ने बताया कि 8 अगस्त 2020 को अभियुक्त अशफाक पुत्र जफरू निवासी ग्राम सिरोधन थाना धौलाना जनपद हापुड़ द्वारा नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर ले जाकर दुष्कर्म करने की घटना को अंजाम दिया था। घटना के सम्बंध में थाना धौलाना में पॉक्सो एक्ट में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तथा 10 दिसंबर 2020 को न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। उन्होंने बताया कि सोमवार को न्यायालय एडीजे स्पेशल,पॉक्सो एक्ट प्रथम द्वारा आरोपी को 10 का सश्रम कारावास व 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।




# बीएसए ने तीन प्रधानाध्यापकों को किया निलंबित,मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यालयों में पठन-पाठन,शासन की प्राथमिक योजनाओं के संचालन और पंजिकाओं के रखरखाव में गंभीर लापरवाही बरतने औचक निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं और विभागीय आदेशों की अवहेलना करने पर तीन प्रधानाध्यापकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बीएसए दीपा भाटी ने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय छिजारसी धौलाना के निरीक्षण के दौरान मध्यान्ह भोजन पंजिका अपूर्ण पाई गई,तथा छात्र उपस्थिति और मिडडेमिल में दर्ज संख्या में अंतर मिलने से वित्तीय अनियमितता प्रतीत हुई। इसके अलावा विद्यालय में समय-सारणी चस्पा न होने,शौचालयों में ताले बंद मिलने, हैण्डवॉश की टोंटियां गायब रहने और कारण बताओ नोटिस का समय से साक्ष्य प्रस्तुत न करने प्रधानाध्यापक इरशाद अली को निलंबित किया गया। उन्होंने बताया कि कंपोजिट विद्यालय लाखन धौलाना में बिना पूर्व स्वीकृति 4 अध्यापकों के अवकाश अग्रसारित करने,एमडीएम पंजिका 2 माह से अपूर्ण रखने, परिसर में खुला नाला व जर्जर भवन का असुरक्षित उपयोग करने और 210 विद्यार्थियों के सापेक्ष मात्र 1 संचालित (गंदा) शौचालय पाए जाने पर कार्रवाई की गई। साथ ही विगत वर्षों की कंपोजिट ग्रांट का हिसाब व जियो-टैग फोटो प्रस्तुत न करने पर दोषी माना गया। बीएसए कार्यालय से दो बार सुनवाई हेतु पत्र जारी किए गए परंतु दोनों बार सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं होने पर प्रधानाध्यापिका सुधा रानी को निलंबित किया गया।



सावन का चौथा सोमवार

# जनपद के मंदिर परिसर गूंजे भोले बाबा के जयकारों से, मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कराकर,चूने डलवाया

# शिवालयों में जलाभिषेक करने उमड़ा श्रद्धालुओं की भीड़


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़,धौलाना गढ़मुक्तेश्वर।** सावन के चौथे सोमवार को शहर के सभी मंदिरों में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए सुबह से दोपहर तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक करने

**जिले में श्रद्धालुओं ने विभिन्न स्थानों पर खीर आदि का प्रसाद किया वितरित**

के बाद भोले बाबा के नाम के जयकारे लगाये। जिससे मंदिर परिसर जयकारों से गूंजने लगे। सावन के अंतिम सोमवार को महिला,पुरूषों व छोटे छोटे बच्चों ने भी व्रत रखकर भोले बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। वहीं जनपद में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने खीर व हलुवा का प्रसाद वितरित किया।

श्रावण मास के चौथे सोमवार को ग्राम सबली स्थित प्राचीन शिव मंदिर,छपकौली स्थित शिव मंदिर,स्वर्ग आश्रम रोड स्थित चौराखी मंदिर,शीतला माता मंदिर,बराही मोहल्ला स्थित शिव मंदिर,चंडी रोड स्थित शिव मंदिर,बुलन्दशहर रोड स्थित मंशा देवी मंदिर,माहेश्वरी मंदिर सहित अन्य जनपद के मंदिरों में सोमवार की तड़के से दोपहर तक शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के लिए महिला व पुरूषों के साथ साथ बच्चों की भी भीड़ लगी रही। बच्चों व महिलाओं द्वारा मंदिर परिसर में भोले शंकर के जयकारे लगाने





के वहां वातावरण भक्तिमय हो गया।

मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधक कमेटी ने व्यापक प्रबंध किये थे। जिससे श्रद्धालुओं को किसी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। मंदिरों की श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया।

वहीं दूसरी ओर जनपद में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने खीर व हलवे का प्रसाद भी वितरित किया। जहां काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

सावन के चौथे सोमवार के मौके पर नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सभी मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कर चूने का छिड़काव किया।

नगर पालिका परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक आवेश कुमार ने बताया कि सफाई नायकों ने अपनी मौजूदगी में मंदिरों के निकट सफाई व्यवस्था कराकर कली का डलवाई।

## चीनी व्यापारियों के स्टॉक की रैंडम जांच, अभिलेखों में कमी मिलने पर नोटिस जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ ।** शासन एवं भारत सरकार द्वारा चीनी के व्यापारियों के लिए निर्धारित स्टॉक लिमिट के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में चीनी के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के स्टॉक की रैंडम आधार पर जांच की गई। जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुनील भारती ने बताया कि आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश के निदेशों और भारत सरकार की अधिसूचना के क्रम में जिला एवं तहसील स्तर पर गठित समितियों द्वारा यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार चीनी व्यापारियों पर 01 अगस्त से 30 नवंबर तक स्टॉक लिमिट लागू है। इसी क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी एवं जिला गन्ना अधिकारी के नेतृत्व में विपणन निरीक्षकों के साथ सोमवार को जिले के सक्रिय चीनी व्यापारियों के स्टॉक का स्थलीय सत्यापन किया गया। जांच के दौरान नौरंगाबाद क्षेत्र में श्री मोर मुकुट वार्ष्णेय, चमनलाल एंड सन्स, मवाशीराम प्रोविजन स्टोर एवं मां दुर्गा प्रोविजन स्टोर तथा सुरेंद्र नगर-रावण टीला स्थित यश ट्रेडर्स के चीनी स्टॉक एवं संबंधित अभिलेखों का सत्यापन किया गया। निरीक्षण में कुछ प्रतिष्ठानों पर चीनी की खरीद-बिक्री से संबंधित अभिलेख एवं बिल निर्धारित रूप से उपलब्ध नहीं पाए गए।

# फर्जी दस्तावेज के जरिए अलीगढ़ में रह रहा रोहिंग्या गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** रोहिंग्या ने फर्जी दस्तावेजों पर हासिल किया भारतीय पासपोर्ट, एटीएस ने किया गिरफ्तार, कार्ड से खुला राज आरोपी ने पूछताछ में खुद को म्यांमार के रखाइन प्रांत का निवासी बताया। वह वर्ष 2013 में म्यांमार से बांग्लादेश के रास्ते एक दलाल के माध्यम से भारत आया था। अलीगढ़ आने के बाद वह एक मीट फैक्टरी में काम करने लगा।

म्यांमार के एक रोहिंग्या ने फर्जी तरीके से भारतीय पहचान के तौर पर आधार और पैन कार्ड बनवाने के बाद भारतीय पासपोर्ट हासिल कर लिया। इस पासपोर्ट के जरिये उसने दुबई और सऊदी अरब की यात्राएं भी कीं। इस खुलासे के बाद यूपी एटीएस लखनऊ विंग ने आरोपी रिजवान उर्फ रफीक को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया है।

एसपी सिटी आदित्य बंसल ने इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। एटीएस के अनुसार, आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल फोन, आधार कार्ड, 500 रुपये नकद, बैंक ऑफ बड़ौदा की पासबुक और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) कार्ड की छायाप्रति बरामद किया गया है। मोबाइल फोन की जांच में दो सिम कार्ड मिले। इसमें एक बांग्लादेश का सिम कार्ड है। आरोपी के मोबाइल फोन में पासपोर्ट से जुड़े प्रमाण भी मिले हैं।

इस मामले में थाना रोरावर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एटीएस की ओर से जारी प्रेस नोट के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति के पास मिले दस्तावेजों में उसका नाम रफीक पुत्र जावेद खान, निवासी इस्लाम नगर, थाना कोतवाली नगर, अलीगढ़ दर्ज है। जबकि उसकी वास्तविक



पहचान रिजवान पुत्र जाफर आलम, निवासी रायमेबिल, थाना मोंगडू, जिला मोंगडू, रखाइन प्रांत, म्यांमार के रूप में हुई है।

एटीएस मुख्यालय लखनऊ में दर्ज एक अन्य मामले की विवेचना के सिलसिले में एटीएस टीम 17 अगस्त को हरियाणा गई थी। टीम 21 अगस्त को अलीगढ़ पहुंची। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि म्यांमार का एक नागरिक अलीगढ़ में फर्जी तरीके से भारतीय पहचान पत्र बनवाकर भारतीय पासपोर्ट हासिल कर चुका है। आरोपी इसी पासपोर्ट के जरिये दो बार विदेश यात्रा भी कर चुका है और इस समय अलीगढ़ में ही मौजूद है। सूचना पर एटीएस की टीम अलीगढ़ में इंडियन ऑयल के पास पहुंची। निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व वाली टीम ने नादा चौराहे के पास मथुरा रोड से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## ओम प्रकाश आर्य अलीगढ़ के नए मंडलायुक्त बने

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** ओम प्रकाश आर्य अलीगढ़ के नए मंडलायुक्त बनाए गए हैं। श्री आर्य 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। शासन ने उन्हें सदस्य (न्यायिक), राजस्व परिषद, प्रयागराज के पद से स्थानांतरित कर अलीगढ़ का मंडलायुक्त बनाया है। वहीं मौजूदा मंडलायुक्त संगीता सिंह को मुरादाबाद मंडल का मंडलायुक्त बनाया गया है। शासन के स्थानांतरण आदेश में दोनों अधिकारियों की नई तैनाती की गई है। ओम प्रकाश आर्य राज्य सिविल सेवा से पदोन्नत होकर आईएएस बने हैं। प्रशासनिक सेवा में करीब डेढ़ दशक के दौरान उन्होंने विकास, राजस्व, आबकारी और जिला प्रशासन से जुड़े पदों पर काम किया है। वर्ष 2019 में वह श्रावस्ती के जिलाधिकारी बनाए गए। इसके बाद अक्तूबर 2019 में गाजीपुर के जिलाधिकारी की जिम्मेदारी संभाली और सितंबर 2020 तक इस पद पर रहे। इसके बाद से वह राजस्व परिषद में सदस्य (न्यायिक) के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे।



## सडक हादसे में युवक की मौत के बाद परिजनों ने शव रखकर लगाया जाम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अकराबाद थाना क्षेत्र के गोपी गांव में युवक की सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए नेशनल हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। मोहनपुर के पास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिजन दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग कर रहे थे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अकराबाद थाना क्षेत्र के गोपी गांव में 32 वर्षीय युवक की सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए नेशनल हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। रविवार शाम वह अपने दोस्तों के साथ बाइक से कछला घाट गंगा स्नान के लिए जा रहा था। मोहनपुर पहुंचने पर उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में गोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार दोपहर करीब 2 बजे पोस्टमार्टम के बाद शव गोपी गांव पहुंचा। इसके बाद परिजनों ने गोपी फ्लाईओवर के पास नेशनल हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया। परिजनों का कहना है कि गोपाल की मौत केवल सड़क हादसा नहीं है। उन्होंने उसके दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराने की मांग की। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। कुछ देर बाद परिजनों ने दोबारा सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया।

## नवागत एसपी ने चंदौसी में पैदल मार्च कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चन्दौसी।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी ने कार्यभार संभालने के बाद पहली बार चंदौसी कोतवाली पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। क्षेत्राधिकारी विवेक जावला के साथ उन्होंने नगर के प्रमुख

**त्योहारों के मद्देनजर कोतवाली पहुंचकर लिया जायजा, पुलिसकर्मियों को दिए सतर्कता के निर्देश**

बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया।

आगामी त्योहारों को देखते हुए एसपी ने पुलिसकर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बाजारों में यातायात व्यवस्था, पुलिस गश्त और



कानून-व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने कहा कि त्योहारों के दौरान आमजन को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना पुलिस की प्राथमिकता है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने और क्षेत्र में लगातार प्रभावी गश्त बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## डीएस-एसवी कॉलेज में छात्रों का प्रदर्शन छात्र ने खुद पर उड़ेला पेट्रोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के विधि छात्र सचिन कुमार की मौत के बाद छात्रों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। 24 अगस्त को डीएस कॉलेज और एसवी कॉलेज में छात्रों ने प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसी दौरान डीएस कॉलेज में एक छात्र ने अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने तत्काल छात्र को हिरासत में ले लिया।

एसवी कॉलेज में प्रदर्शनप्रदर्शनकारी छात्रों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में सचिन कुमार की मौत की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन की कथित कार्यप्रणाली और विद्यार्थियों पर दबाव के कारण छात्र मानसिक उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं।

ज्ञापन में छात्रों ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह





विश्वविद्यालय के कुलपति नरेंद्र बहादुर सिंह और परीक्षा नियंत्रक धीरेंद्र कुमार के इस्तीफे की मांग की। साथ ही सचिन कुमार के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग रखी।

## एएमयू: जमीन बचाने को शिक्षकों ने किया प्रदर्शन, दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की भमौला स्थित जमीन को बचाने की मांग को लेकर



एएमयू शिक्षक संघ ने सोमवार को प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने शताब्दी द्वार पर धरना देकर विश्वविद्यालय की जमीन के संरक्षण की मांग उठाई। शिक्षक प्रशासन को ज्ञापन सौंपने के लिए आगे बढ़ रहे थे, लेकिन शताब्दी द्वार बंद कर दिए जाने से मामला गरमा गया। इस दौरान प्रॉक्टोरियल टीम और शिक्षकों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। काफी देर तक दोनों पक्षों में तीखी बहस होती रही। एएमयू पुरानी चहार दीवारी-गोल्फ कोर्स के टीले खोल रहे दावों की पोल, शहर में विवि की 1000 करोड़ की अचल संपत्ति शिक्षकों का कहना था कि विश्वविद्यालय की बेशकीमती जमीन को किसी भी स्थिति में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से जमीन से जुड़े विवाद का समाधान कराने और विश्वविद्यालय के हितों की रक्षा करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने के संकेत दिए।

# 857 की एकता की मिसाल देते हुए कमाल अख्तर बोले-हिंदू-मुस्लिम से ऊपर है भाईचारा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** गढ़ में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान द्वारा आयोजित समाजवादी भाईचारा सम्मेलन में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री एवं सपा नेता कमाल अख्तर ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कार्यकर्ताओ से नफरत और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर वर्ष 2027 में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमाल अख्तर ने सबसे पहले सम्मेलन के आयोजक एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान को शानदार कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में बुजुर्ग और नौजवान मौजूद हैं। बुजुर्गों ने देश के इतिहास को अपनी आंखों से देखा है, जबकि नौजवानों ने अपने बुजुर्गों और किताबों में स्वतंत्रता आंदोलन के बारे में पढ़ा है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1857 में मेरठ से उठी चिंगारी ने पूरे देश को एकजुट कर दिया था। उस समय देश में रहने वाले लोगों के बीच न कोई हिंदू रहा, न मुसलमान, न सिख और न ईसाई, बल्कि सभी भारत माता के सपूत बनकर अंग्रेजों के खिलाफ खड़े हुए और देश को आजाद कराने में योगदान दिया। आजादी के बाद बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का संविधान देश में लागू हुआ, जिसने प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार के जरिए सांसद और विधायक चुनने तथा अपनी सरकार बनाने का अधिकार दिया।

कमाल अख्तर ने कहा कि पहले राजनीतिक दल और नेता लोगों के बीच जाकर नौकरी, शिक्षा, अस्पताल, किसानों, गरीबों, बच्चों के भविष्य और सस्ती बिजली जैसे मुद्दों पर वोट मांगते थे, लेकिन अब हिंदू-मुसलमान के नाम पर वोट मांगने की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनता की गलती नहीं है, बल्कि दिल्ली और उत्तर प्रदेश की सरकारें धर्म के नाम पर राजनीति करके सत्ता हासिल करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि भाईचारा सम्मेलन का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा मजबूत करने के साथ भाजपा सरकार की नाकामियों को जनता तक पहुंचाना है। भाजपा की दिल्ली की 11 वर्ष और उत्तर प्रदेश की साढ़े नौ वर्ष की सरकार के दौरान किए गए कार्यों का हिसाब जनता के सामने रखा जाएगा। वहीं, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में





किए गए विकास कार्यों को भी जनता तक पहुंचाया जाएगा। पूर्व मंत्री ने भाजपा के चुनावी वादों पर सवाल उठाते हुए कहा कि 15 लाख रुपये प्रत्येक खाते में आने, दो करोड़ नौकरियां देने, मेट्रो सिटी और स्मार्ट सिटी बनाने, बुलेट ट्रेन चलाने, किसानों की आय बढ़ाने, 90 दिन के अंदर उत्तर प्रदेश में खाली पदों को भरने तथा कानून व्यवस्था बेहतर करने जैसे अनेक वादे किए गए थे। आज जनता स्वयं देख रही है कि इनमें से कितने वादे पूरे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने रोजगार, शिक्षा, महंगाई, विकास और स्वास्थ्य जैसे मूल मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाकर धर्म और जाति की राजनीति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कार्यकताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर जनता को वास्तविक मुद्दों के प्रति जागरूक करने तथा आपसी भाईचारा मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी नफरत की राजनीति के बजाय सामाजिक एकता, विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा किसानों और गरीबों के हितों की बात करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने और अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अकील मुर्तजा, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व राज्य मंत्री सहित नितिन चौहान, सुशील चौहान, योगेश प्रधान, बिजेंद्र, शिवदत्त जाटव, यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल मलिक, हैदर, फारूक, प्रधान लियाकत, शहजाद अंसारी, अमित शर्मा, साजिद चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खेरेश्वर धाम में दर्शन को उमड़ी भीड़, बम-बम भोले के जयकारे गूंजा अलीगढ़

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सोमवार को सावन के चौथे सिद्धपीठ खेरेश्वर धाम में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि पूरा परिसर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। रात 12 बजे के बाद मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने भगवान खेरेश्वर महादेव का जलाभिषेक शुरू कर दिया। गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़ियों और दूर-दराज से आए शिवभक्तों में बाबा के दर्शन को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। सावन और महाशिवरात्रि पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। चौथे सोमवार को उमड़ा जनसैलाब इसी अटूट आस्था की तस्वीर बना, जहां भक्ति के आगे रात का सन्नाटा भी हर-हर महादेव के जयघोष में बदल गया। राजघाट, नरोरा, अनूपशहर और घटिया घाट से गंगाजल लेकर कांवड़िये खेरेश्वर धाम पहुंचे। रात से ही मंदिर के आसपास श्रद्धालुओं की कतारें लगनी शुरू हो गईं। हर तरफ भगवा रंग,



हाथों में गंगाजल और जुबां पर बम-बम भोले के जयकारे नजर आए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की।

भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को व्यवस्थित कतारों में आगे बढ़ाया गया। सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई और पुलिसकर्मी भीड़ के बीच तैनात रहे। प्रशासन की कोशिश रही कि श्रद्धालुओं को दर्शन और जलाभिषेक में किसी तरह की परेशानी न हो। भीड़ प्रबंधन के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर भी लगातार नजर रखी गई।

सावन और महाशिवरात्रि पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। चौथे सोमवार को उमड़ा जनसैलाब इसी अटूट आस्था की तस्वीर बना, जहां भक्ति के आगे रात का सन्नाटा भी हर-हर महादेव के जयघोष में बदल गया।

## अलीगढ़ हाईवे पर मीट फैक्ट्रियों से अब नहीं आएगी बदबू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** सावन के चौथे सोमवार से पहले कांवड़ मार्ग पर मीट फैक्ट्रियों से आने वाली दुर्गंध पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के बाद दुर्गंध की समस्या समाप्त हो गई है, जिससे श्रद्धालुओं और आस्था से जुड़े संगठनों ने संतोष व्यक्त किया है। विहिप के व्रजप्रान्त मीडिया प्रमुख प्रतीक रघुवंशी और करन चौधरी ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और दुर्गंध न मिलने पर प्रशासन का आभार जताया। करन चौधरी ने बताया कि पिछले सोमवार को हाईवे से गुजरने वाले कांवड़ियों और अन्य लोगों को मीट फैक्ट्रियों से आने वाली तेज दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा था। स्थिति इतनी खराब थी कि सांस लेना भी मुश्किल हो रहा था। इस समस्या को लेकर प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेने की मांग की गई थी।

## पुत्रदा एकादशी पर अधूरी विदाई को मिला पूर्ण विराम, माँ की गोद में लौटी बेटे की अस्थियाँ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़।** एक माँ अपने बेटे का पार्थिव शरीर तो नहीं देख सकी, लेकिन कई दिनों की तलाश और पीड़ा के बाद जब उसी बेटे की अस्थियाँ उसकी झोली में आईं, तो ममता का बाँध टूट गया। माँ और बड़ी बहन फूट-फूटकर रो पड़ीं, जबकि दोनों बड़े भाई सहित वहाँ मौजूद हर व्यक्ति की आँखें नम हो गईं।

ज्ञातव्य है कि 12 अगस्त 2026 को चौकी खुर्जा जीआरपी क्षेत्र के कमालपुर रेलवे स्टेशन पर एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पर थाना अलीगढ़ जंक्शन जीआरपी पुलिस द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की गई। पहचान न होने पर शव को 72 घंटे तक मोर्चरी में सुरक्षित रखा गया। पहचान नहीं हो सकी, जिसके बाद 15 अगस्त 2026 को पोस्टमार्टम के उपरांत मानव उपकार संस्था के माध्यम से नुमाइश मैदान स्थित मुक्तिधाम में पूरे धार्मिक रीति-रिवाज एवं सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। बाद में मृतक के बड़े भाईयशपाल सिंह यादव, सब-इंस्पेक्टर, बड़े भाई धीरेंद्र सिंह यादव, सेवानिवृत्त एयरफोर्स, तथा बहन श्रीमती रीता, निवासी ग्राम टिकाथर, थाना जैथरा, जिला एटा, ढूढ़ते-ढूढ़ते खुर्जा जीआरपी चौकी पहुँचे। उपलब्ध अभिलेखों एवं जानकारी के आधार पर उन्होंने अज्ञात मृतक की पहचान अपने छोटे भाई 35 वर्षीय राजीव के रूप में की। इसके पश्चात आज 23 अगस्त 2026, पुत्रदा एकादशी के पावन दिन, परिवारजन अलीगढ़ मुक्तिधाम पहुँचे। जहाँ मानव उपकार संस्था के मानव सेवक विष्णु कुमार बंटी एवं सत्यनारायण दीक्षित ने अन्य कर्मचारियों के साथ अत्यंत सम्मान, संवेदना और आत्मीयता के साथ



मृतक राजीव की सुरक्षित रखी गई अस्थियाँ उनके परिजनों को सौंपीं। जैसे ही माँ ने अपनी झोली फैलाकर बेटे की अस्थियों को अपनी गोद में लिया, माँ की ममता और बिछोह का दर्द आँसुओं के रूप में बह निकला। माँ बिलख-बिलखकर रोने लगीं। बड़ी बहन रीता भी स्वयं को संभाल नहीं सकीं। दोनों बड़े भाई और अन्य रिश्तेदार भी अपने आँसुओं को रोक नहीं पाए। इसके पश्चात परिवारजन अस्थियाँ लेकर राजघाट, गंगाजी पहुँचे, जहाँ वैदिक विधि-विधान से अस्थि विसर्जन कर दिवंगत आत्मा की शांति एवं मोक्ष की प्रार्थना की गई।

**आयोजन** — यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026: मण्डलायुक्त ने लाभार्थियों को किया ऋण वितरण

# शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंकर्स व लाभार्थियों का आपसी समन्वय आवश्यक : संगीता सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अलीगढ़ (मनोज चौहान)।** केंद्र व प्रदेश सरकार स्वरोजगार को बढ़ावा देने एवं गांव, गरीब, किसान व पशुपालकों के उत्थान के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। शासकीय योजनाओं सफल क्रियान्वयन तभी संभव हो सकेगा जब बैंकर्स खुले दिल से न केवल पात्रों का ऋण स्वीकृत करें बल्कि उसे वितरित भी करें।

उक्त उद्गार आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 के अन्तर्गत आयोजित मण्डल स्तरीय ऋण मेले में व्यक्त किए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं में ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को सचेत किया कि जिस उद्देश्य के लिए





आप ने ऋण लिया है प्राप्त धनराशि का उसी में सदुपयोग कर अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वन के लिए बैंकर्स और लाभार्थी का आपसी समन्वय बहुत आवश्यक है। जहां बैंकर्स को चाहिए कि वह शासकीय योजनाओं की समुचित जानकारी देते हुए अधिकाधिक पात्रों को लाभान्वित करें वहीं लाभार्थियों को भी चाहिए कि वह समय से ऋण अदा करें।

इससे पूर्व मण्डलायुक्त ने ऋण वितरण मेले में विभागीय अधिकारियों एवं बैंकर्स द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का निरीक्षण कर आमजन को दिए जा रहे शासकीय योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। एफपीओ अलीगढ़ पोटेटो सीड प्रोड्यूसर कंपनी के संचालक मनोज सारस्वत ने मिलट्स से बने विभन्न प्रकार के व्यंजन प्रस्तुत करते हुए इन्हें मिड-डे-मील में शामिल करने का अनुरोध किया।

मण्डलायुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी योगेन्द्र कुमार, जेडीसी मंशाराम यादव के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न शाखाओं से ऋण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को डेमो चैक का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में ओडीओपी, सीएम युवा, एमवाईएसवाई, सीसीएल एवं स्त्री शक्ति फॉर एसएचजी में उत्कृष्ट प्रगति के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक केनरा बैंक प्रशांत कुमार, केसीसी एवं, सीसीएल एवं स्त्री शक्ति फॉर एसएचजी के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक ग्रामीण बैंक हेमंत कुमार गालिब, सीएम युवा के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक पीएनबी अनिल चौधरी, पीएम स्वनिधि के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा नागमणि झा, पीएम सूर्यघर योजना के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक एसबीआई उत्तम कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लीड बैंक मैनेजर अशोक कुमार सौनी एवं अन्य बैंकर्स द्वारा अतिथियों को पौधे एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अतुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक उद्यान, बलजीत सिंह, सीवीओ डा० दिवाकर त्रिपाठी, परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम, सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या, डीडीएम नाबार्ड नितिन कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार समेत अन्य जिलास्तरीय अधिकारी एवं बैकर्स उपस्थित रहे।

## नहल में जाट महासभा की अहम बैठक, तहसील कार्यकारिणी का किया गठन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**अतरौली, अलीगढ़।** जाट महासभा की तहसील स्तरीय बैठक शनिवार को नहल में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत करने और समाज हित में काम करने पर चर्चा हुई। इसके बाद तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह कुंतल ने नई तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह कुंतल ने कहा कि नई टीम जाट समाज के हक, शिक्षा और एकता के लिए काम करेगी। तहसील के हर गांव तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। नई कार्यकारिणी में अनुभवी और युवा चेहरों को जगह दी गई है।



तहसील अध्यक्ष प्रताप सिंह कुंतल ने नई कार्यकारिणी की जो घोषणा की है उसमें

- वरिष्ठ उपाध्यक्षः चौ. देवेन्द्र सिंह
- उपाध्यक्षः राजन काका
- कोषाध्यक्षः सुखवीर सिरोही
- महामंत्रीः खुशीराम सिंह
- बिजौली ब्लॉक अध्यक्षः गजेंद्र सिंह
- अतरौली ब्लॉक अध्यक्षः अजीत सिंह
- गंगीरी ब्लॉक अध्यक्षः रवि सिंह

वहीं संगठन के संरक्षक मंडल में रनवीर सिंह टंडन, जगवीर सिंह प्रधान, राजेंद्र सिंह, खूबी सिंह फौजी, अजय चौधरी, भरत सिंह मुखिया, बच्चू सिंह, कमल सिंह, मदन सिंह, प्रहलाद सिंह, उपेंद्र पलावत, देवपाल सिंह और नरपाल सिंह को शामिल किया गया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## मुरादाबाद में "अभिभावकों की सहमति की शर्त से पिछड़ रहा अपार आईडी" का लक्ष्य : सबसे ज्यादा आईडी ठाकुरद्वारा में बनाई गई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से की जा रही अपार आईडी बनाने की कवायद धीमी गति से चल नोडल अधिकारी बनाने के साथ नियमित समीक्षा की जा रही है। इसके बावजूद अभी तक 37.22 फीसदी कार्य लंबित है। अधिकारियों का कहना है कि अभिभावकों की सहमति नहीं मिल पाने की वजह से परेशानी हो रही है' इसके लिए नोडल अधिकारी बनाने के अलावा




नियमित की जा रही है समीक्षा 'मुरादाबाद जनपद में माध्यमिक शिक्षा विभाग के कक्षा एक से 12 तक के करीब 608 विद्यालयों में 262294 विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाई जानी है। इसमें से सिर्फ 164674 विद्यार्थियों की आईडी बन पाई है। 674 विद्यार्थियों की आईडी बनाने की प्रक्रिया फेल हो गई। वहीं अभी तक जनपद में 96437 विद्यार्थियों का आवेदन ही नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार जनपद के करीब 20 ऐसे निजी स्कूल हैं, जहां पर आईडी बनाने में सबसे अधिक दिक्कतें आ रही हैं।इसके लिए स्कूलों को कॉल कर आईडी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। सबसे अधिक विद्यार्थियों की आईडी ठाकुरद्वारा में बनाई गई हैं।यहां पर सिर्फ 35.17 विद्यार्थियों की आईडी बनने का ही कार्य शेष है। भगतपुर टांडा में सबसे अधिक 50.69 फीसदी कार्य लंबित है। यहां पर 20302 में से अभी तक 10010 विद्यार्थियों की आईडी ही बन सकी हैं।

## मुरादाबाद में सांप ने 30 दिन में 49 को डसा, सांप के डसने से दो की हुई मौत, जिला अस्पताल में पहुंचे 27 मरीज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जनपद में कई दिनों से बारिश होने के साथ सर्पदंश के मामले बढ़ रहे हैं। कई ऐसे केस सामने आए जिनमें सांप ने लोगों को खेत पर जाते समय काटा। एक मामला ऐसा भी है जब सांप घर में वाशिंग मशीन में ही छिपा था।30 दिन में जिले में सांप के डसने के 49 मामले सामने आए। इनमें 27 मरीज जिला अस्पताल मुरादाबाद पहुंचे, जबकि मरीजों 22 का उपचार सीएचसी स्तर पर हुआ सांप के काटने से जिले में दो लगी मौत हुई है ।स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पिछले 30 दिन में सर्पदंश से जिले में एक भी मौत दर्ज नहीं हुई। सभी सीएचसी और जिला अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध है। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश में बिलों में पानी भरने से सांप बाहरनिकलकर सूखी जगह तलाशते हैं। यही वजह है कि खेत, घास-फूस, उपलों के ढेर, लकड़ी-कबाड़ और घरों के आसपास इनके मिलने की संभावना बढ़ जाती है। मानसून में सर्पदंश के मामले बढ़ने का संबंध बारिश और सांपों की बढ़ी गतिविधि से वैज्ञानिक अध्ययनों में भी सामने आया है।13 अप्रैल को बिलारी के ग्वारऊ गांव में 12 वर्षीय गौरी घर के कमरे में खेल रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। बालिका के चीखने पर पड़ोसी पहुंचे और उसे सीएचसी बिलारी ले



जाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के चिकित्साधीक्षक ने बताया था कि बालिका को अस्पताल लाने में काफी देरी हुई थी और सीएचसी में एंटीवेनम उपलब्ध था19 जुलाई को बिलारी क्षेत्र में भूड़ से उपले निकाल रही एक युवती को सांप ने डस लिया। घटना में युवती की जान चली गई। चूंकि घरवाले युवती को अस्पताल नहीं ले गए थे इसलिए मामला विभागीय रिकॉर्ड में नहीं आ सका। घटना बताती है कि बारिश के दिनों में घर के आसपास रखे उपले, लकड़ी, घास और अन्य सामान हटाते समय भी सावधानी जरूरी है।


24 जुलाई को भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सिडलऊ नजरपुर में घर में रखी वाशिंग मशीन से अचानक सांप निकलने के बाद एक युवती को उसने डस लिया। सर्पदंश के बाद युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। यहां दो दिन भर्ती रहने के बाद महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया। युवती रेनू ने कपड़े धोने के लिए वाशिंग मशीन खोली थी, तभी अचानक सांप निकल आया।मंडलीय वन संरक्षक आदर्श कुमार का कहना है कि हर सांप जहरीला नहीं होता, लेकिन बिना विशेषज्ञ पहचान के किसी सांप को गैर-विषैला मानना खतरनाक हो सकता है। कोबरा, कॉमन करैत, रसेल वाइपर और सॉ-स्केल्ड वाइपर प्रमुख विषैले सांपों में शामिल हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इनके जहर से तंत्रिका तंत्र, रक्त के जमने की प्रक्रिया, किडनी और शरीर के ऊतकों पर गंभीर असर पड़ सकता है।

सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह का कहना है कि सांप काटने पर मरीज को शांत रखें और प्रभावित अंग को कम से कम हिलाएं। उसे जल्द से जल्द नजदीकी सीएचसी या जिला अस्पताल पहुंचाएं। सांप को पकड़ने या मारने की कोशिश न करें। घाव पर चीरा लगाना, जहर चूसना, बर्फ लगाना या कसकर कपड़ा बांधना नुकसानदायक हो सकता है।

## शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान पर "मुरादाबाद के शिक्षक चंचल सरोज को दिल्ली में मानद उपाधि" से किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत चंचल सरोज को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिल्ली में वर्ल्ड कल्चरल एंड एजुकेशन ऑर्गेनाइजेशन द्वारा 23 अगस्त को मानद उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया है।चंचल सरोज उत्तर प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। वे बच्चों को केवल पाठ्यक्रम आधारित ज्ञान देने तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनमें अनुशासन, नैतिक मूल्यों, अच्छे आचरण और सामाजिक जिम्मेदारियों की भावना विकसित करने पर भी विशेष जोर देते हैं।चंचल सरोज का मानना है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि बच्चों को जागरूक, संस्कारी और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। इसी उद्देश्य के साथ वे प्राथमिक विद्यालय समाथल विकास क्षेत्र मुरादाबाद ग्रामीणमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं।उनकी



शिक्षण शैली, विद्यार्थियों के प्रति आत्मीय व्यवहार और सकारात्मक सोच ने उन्हें एक प्रेरणादायी शिक्षक के रूप में पहचान दिलाई है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण और योगदान को देखते हुए प्रदान की गई यह मानद उपाधि उनके कार्यों के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन का प्रतीक मानी जा रही है। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ नीरज शर्मा, छजलैट ब्लॉक के अध्यक्ष डॉ कपिल सिरोही आदि ने बधाई दी है ।

## कश्मीर में बंधक बनाए मजदूर, सीओ से लगाई गुहार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली) ।** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव फत्तेहपुर उत्तमा निवासी गुड्डू व उसके परिवार के लोग सोमवार को सीओ कार्यालय पहुंचे, लेकिन उनकी सीओ से मुलाकाम नहीं हुई। उन्होंने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों को शिकायती पत्र दिया। पीड़ित ने बताया कि 11 अगस्त को उसका सगा भाई हरवीर व सुरजीत गांव के राजकुमार, बॉबी, गुडडू, अमित व राजकुमार का सगा साला छोटे निवासी फत्तेहपुर उत्तमा को ठेकेदार शाकिर व जाकिर निवासी मोहल्ला नवादा सरायतरीन शाकिर के कहने पर जम्मू कश्मीर में भाई को काम की खातिर सभी लोगों को ले गया था। सभी उसके कहने में आ गये और काम की खातिर उसके साथ जाने के लिये तैयार हो गये। कश्मीर जाने के बाद पता चला कि वह भट्टे मालिक ने मारपीट कर वहां पर उनका फोन उनके पास जो भी पैसे थे वह उनसे छीन लिये। किसी तरह से वह एक फोन को बचा पाये, उसी पर कॉल से पता चला कि नहीं तो उन्हें खाने के लिऐ कुछ भी नहीं दिया जा रहा और जबरदस्ती 10 से 15 घण्टे काम लिया जा रहा है और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की जा रही है जबरदस्ती काम (बन्धक बनाकर) कराया जा रहा है। ऐसे में उसके भाईयो को उक्त लोगों के साथ कोई अप्रिय घटना होने का डर है। हालांकि सीओ कुलदीप कुमार ने बताया कि उन्हें ऐसा कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है, लेकिन जानकारी हुई है कि किसी को भी बंधक बनाकर कार्य नहीं कराया जा रहा है। वह अपनी मर्जी से वहां हैं, कुछ लोग वापस घर भी आ गए हैं।

## भगवान शिव अनादि और अनंत हैं: आचार्य मनीष देव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटरनोएडा (एन.जी.वर्मा)।** श्रावण मास के आखिरी चतुर्थ सोमवार को मानवी योग ट्रस्ट संचालन करता महाराज आचार्य मनीष देव ने खेरली हाफीजपुर हाफिजपुर स्थित एमडी गार्डन में वीरेंद्र भाटी, ज्ञानेंद्र भाटी, बृजेश भाटी, होते लाल भाटी, अमित भाटी, अशोक भाटी, सुमित भाटी, मुकेश चौधरी हरेंद्र भाटी के संयोजन में आयोजित शिव कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं एवं महिलाओं को बताया कि बिना आमंत्रण उपस्थित होना अर्थ पूर्ण नहीं होता है अर्थात बिना बुलाए व्यक्ति का उपस्थित होने पर उसका उपयुक्त सम्मान नहीं होता है, उन्होंने भगवान शिव के बारे में विस्तार से बताया कि शिव की उत्पत्तिः शिव अनादि और अनंत हैं। वे स्वयंभू हैं। उनका कोई आदि या अंत नहीं है। ब्रह्मा और विष्णु का अहंकारः एक बार ब्रह्मा जी और विष्णु



जी में श्रेष्ठता को लेकर विवाद हुआ। तब शिव जी ने एक विशाल अग्नि स्तंभ (ज्योतिर्लिंग) प्रकट कर उनका अहंकार शांत किया। सती का त्यागः दक्ष प्रजापति की पुत्री सती ने शिव से विवाह किया। दक्ष द्वारा शिव का अपमान करने पर सती ने योग अग्नि में खुद को समर्पित कर दिया। पार्वती का जन्म और विवाहः सती ने हिमालय के यहाँ पार्वती के रूप में जन्म लिया। कठिन तपस्या के बाद उनका विवाह शिव जी के साथ हुआ। प्रधानाचार्य रेखा चौधरी,श्रीमती चंद्रावती, धर्मावती देवी, बलेश भाटी, ब्रह्मा देवी समेत सैकड़ो महिलाएं एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पत्नी के प्रेम प्रसंग से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पिता ने पत्नी और प्रेमी पर लगाए हत्या के आरोप, FIR दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली (यूसुफ सैफी)।** इज्जतनगर क्षेत्र में पत्नी के प्रेम प्रसंग से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पिता ने उसकी पत्नी, पत्नी के प्रेमी और उसके चाचा पर बेटे को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए इज्जतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के पहाड़गंज निवासी रमेश ने बताया कि उनका बेटा सन्नी कुमार उर्फ राहुल की वर्ष 2017 में काजल से शादी हुई थी। दोनों के दो बेटे और एक बेटी हैं। पिता का आरोप है कि काजल का पिछले करीब तीन साल से आकाश पुत्र विशन लाल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इसकी जानकारी होने पर सन्नी ने पत्नी को समझाने का प्रयास किया था।

पत्नी के चाचा पर भी धमकाने का आरोप

रमेश के मुताबिक, बेटे ने जब काजल के कथित प्रेम संबंध की शिकायत उसके चाचा सूरज पुत्र ब्रजलाल से की तो उसने भी सन्नी को कथित तौर पर धमकाया। आरोप है कि सूरज ने उससे कहा कि काजल आकाश से प्यार करती है और वह चाहे तो फांसी लगाकर मर जाए। तहरीर में सूरज पर सन्नी के साथ मारपीट करने का आरोप भी लगाया गया है। परिजनों के अनुसार सन्नी हल्द्वानी में पत्नी के साथ रहकर पुताई का काम करता




था। आरोप है कि 14 अगस्त को काजल अपने प्रेमी आकाश से मिलने बरेली आई थी। इसकी जानकारी होने पर सन्नी 15 अगस्त को बरेली पहुंचा और उसने पत्नी व आकाश को समझाने की कोशिश की। पिता का आरोप है कि दोनों ने उसे कथित तौर पर कहा कि वे एक-दूसरे से प्यार करते रहेंगे, वह चाहे तो फांसी लगा ले।

मोबाइल में वीडियो और सुसाइड नोट का जिक्र

तहरीर के मुताबिक, 18 अगस्त की सुबह करीब 9:30 बजे सन्नी ने ग्राम पहाड़गंज स्थित अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिता का कहना है कि सन्नी ने मोबाइल फोन में वीडियो बनाया था और सुसाइड नोट भी छोड़ा था। पुलिस चौकी अहलादपुर की पुलिस मोबाइल और अन्य सामान अपने साथ ले गई है। घटना के समय रमेश ने बताया कि वह वन्नूवाल कॉलोनी में कर्नल सुरेश प्रधान के मकान पर था। घटना के बाद उसने इज्जतनगर थाने में तहरीर देकर काजल, उसके कथित प्रेमी आकाश और काजल के चाचा सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले में लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है।

## साइकिल चलाने को लेकर "कनिष्क पर किया धारदार हथियार "से हमला: पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई )।** कांठ तहसीलक्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी कनिष्क कुमार के मुताबिक 23 अगस्त को उसका चचेरा भाई प्रियांशु धीर साइकिल चला रहा था तभी वहां पर गांव का विकास पुत्र रमेश आ गया और गाली गलौज



मारपीट एवं जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए साइकिल चलाने के अधिकार के बारे में कहने लगा। तभी वहां पर कनिष्क पहुंच गया उसने इसका विरोध किया तो उसने धारदार वस्तु से गले पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया गले से खून बहने लगा तो वह फिर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया।पीड़ित ने हमलावर पर गांजा और शराब बेचने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## सावन के चौथे सोमवार को हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आए "शिव भक्तों ने शिव मंदिरों में किया "जलाभिषेक" श्रद्धालुओं के लिए "विशेष आकर्षण "का केंद्र बनी रही झांकियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** सावन के चौथे सोमवार को आज नगर एवं क्षेत्र के विभिन्न शिव मंदिरों में हरिद्वार से गंगाजल लेकर लोटे हजारों कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया और भगवान शंकर की पूजा अर्चना की शिव भक्तों के लिए अनेक स्थानों पर स्वागत और सेवा के लिए कांठ और दिल्ली रोड पर भंडारे लगाए गए । सेवादार कांवड़ियों को भोजन, प्रसाद, पानी, फल और शीतल पेय उपलब्ध कराया । थकान मिटाने के लिए शिविरों में बैठने और विश्राम की सुविधा भी दी गई । कई जगह चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं, जहां कांवड़ियों की स्वास्थ्य जांच की गई कांवड़ियों के हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से सड़कों पर







भक्तिमय माहौल बना । भगवा वस्त्रों में सजे कांवड़ियों के जत्थे लोगों का ध्यान खींच रहे हैं। नगर से गुजर रहीं भगवान शिव की आकर्षक झांकियां भी श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण बनी ।

## मुरादाबाद के "3404 रसोइयों को मिलेगा बढ़े मानदेय" का लाभ

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** जनपद के 3404 रसोइयों को बढ़े मानदेय का लाभ मिलेगा। मानदेय के साथ रसोइयों को पांच लाख कैशलेस इलाज और दो लाख के दुर्घटना बीमा का भी लाभ मिलेगा। रविवार को कलक्ट्रेट सभागार में सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। सभागार में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी गोपाल अंजान, डीएम डॉ. राजेंद्र पेंसिया और सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने रसोइयों को सम्मानित किया। प्राथमिक विद्यालय मिलक नगरिया जट की रसोइया सूरजमुखी ने बताया कि मानदेय में 1,000 रुपये की



बढ़ोतरी से घर का बजट संभालने में काफी मदद मिलेगी। संविलियन विद्यालय खाबरी अव्वल की रसोइया राधा, कंपोजिट विद्यालय नमैनी गद्दी (बिलारी) की रसोइया वीरवती ने मानदेय बढ़ने पर सीएम का आभार जताया है।

## सोमवार शाम से" रोडवेज बसों का संचालन हुआ सामान्य"

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** कांवड़ यात्रा को लेकर लागू किया गया रूट डायवर्जन सोमवार को समाप्त होने के बाद रोडवेज बसों का संचालन भी सामान्य हो गया है'सोमवार शाम से बसें मुरादाबाद और पीतलनगरी बस अड्डे से अपने निर्धारित मार्गों पर चलने लगी है। इससे दिल्ली, मेरठ, रामपुर, बरेली और अलीगढ़ समेत विभिन्न रूटों पर सफर करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।कांवड़ यात्रा के दौरान दिल्ली रोड, कांठ रोड समेत प्रमुख मार्गों पर कांवड़ियों की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया था। सुरक्षा के मद्देनजर रोडवेज बसों का संचालन भी प्रभावित हुआ और बसों को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जा रहा था।इसके चलते यात्रियों को कई



स्थानों पर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही थी। साथ ही सफर में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक समय लग रहा था। मुरादाबाद बस अड्डे से दिल्ली, मेरठ समेत कई प्रमुख शहरों केलिए बसों का संचालन किया जाता है। वहीं पीतलनगरी बस अड्डे से रामपुर, बरेली, अलीगढ़ समेत अन्य मार्गों पर बसें संचालित होती हैं।डायवर्जन समाप्त होने के बाद इन बसों को फिर से निर्धारित रूट पर चलाया जाएगा। एआरएम प्रेम सिंह ने बताया कि रूट डायवर्जन समाप्त होने के बाद सोमवार शाम से बसों का संचालन संबंधित बस अड्डों से सामान्य रूप से शुरू कर दिया गया है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर 28 से सोनकपुर स्टेडियम में होंगे पांच खेलों के मुकाबले: विजेताओं को किया जाएगा सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग की ओर से 28 से 30 अगस्त तक सोनकपुर स्टेडियम में कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के तहत अंडर-14 बालक हॉकी प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण रहेगी। इसके साथ ही 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' थीम पर तीन दिवसीय खेल अभियान चलाया जाएगा।28 अगस्त को सुबह 10 बजे जूनियर जूनियर बालक वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता होगी। इसी दिन दोपहर दो बजे सीनियर और जूनियर खिलाड़ियोंके बीच क्रिकेट मैच खेला जाएगा। 29 और 30 अगस्त को सुबह 10 बजे अंडर-14 बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता आयोजित




होगी। 30 को जूनियर बालक-बालिका जूडो और कुश्ती की प्रतियोगिताएं भी होंगी।क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने स्कूलों से अधिक से अधिक खिलाड़ियों को प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कराने की अपील की है। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि खेल विभाग का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल दिवस के माध्यम से बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना और फिटनेस के प्रति जागरूक करना है। प्रतियोगिताओं में विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

**जांच** मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत हिमकरपुर चमरौआ में घंटों चली तलाशी, दस्तावेजों और अन्य सामग्री की पड़ताल, गंगवार रह चुके हैं KPSC के परीक्षा नियंत्रक

## बरेली तक पहुंची KPSC भर्ती परीक्षा जांच की जांच, IAS ज्ञानेंद्र गंगवार के नवाबगंज घर से अहम दस्तावेज ले गई ED

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बरेली/बेंगलुरु।** कर्नाटक लोक सेवा आयोग (KPSC) की भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच की आंच अब उत्तर प्रदेश के बरेली तक पहुंच गई है। प्रवर्तन निदेशालय ने रविवार सुबह 2016 बैच के क्अर अधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार के नवाबगंज क्षेत्र स्थित पैतृक आवास पर छापेमारी की।हिमकरपुर चमरौआ गांव स्थित घर पर पहुंची एऊकी टीम ने सुबह से देर रात तक तलाशी और दस्तावेजों की पड़ताल की।स्थानीय जानकारी के मुताबिक एऊकी टीम ने घर में मौजूद परिजनों से भी पूछताछ की और कई दस्तावेजों तथा अन्य रिकॉर्ड की जांच की। देर रात तलाशी पूरी करने के बाद टीम वहां से रवाना हो गई। हालांकि, तलाशी के दौरान क्या-क्या बरामद या जब्त किया गया। इस संबंध में एऊकी ओर से फिलहाल विस्तृत आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### KPSC भर्ती जांच से जुड़ा है पूरा मामला

ED की यह कार्रवाई कर्नाटक लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के बीच हुई है। जांच में KPSC की एक भर्ती परीक्षा,



विशेष रूप से पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती से जुड़े कथित अनियमितताओं और वित्तीय लेनदेन की पड़ताल की जा रही है। एऊइससे पहले भी इस मामले में कर्नाटक में कई स्थानों पर तलाशी ले चुकी है। जांच एजेंसी की कार्रवाई में डढरउ से जुड़े अधिकारियों और अन्य संबंधित लोगों के परिसरों को शामिल किया गया था।हालांकि, अभी तक उपलब्ध आधिकारिक जानकारी के आधार पर यह कहना उचित नहीं होगा कि क्अर ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार किसी अपराध में दोषी साबित हो चुके हैं। उनके घर पर एऊ की तलाशी को जांच का हिस्सा माना जा रहा है और उनकी भूमिका को लेकर अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएगा।

### बरेली के पैतृक घर में घंटों चली तलाशी

नवाबगंज थाना क्षेत्र के हिमकरपुर चमरौआ गांव में रविवार को ED की टीम पहुंचने के बाद पूरे इलाके में हलचल मच गई। टीम ने घर के अंदर दस्तावेजों, रिकॉर्ड और अन्य संबंधित सामग्री की जांच की।तलाशी के दौरान परिवार के सदस्यों से भी जानकारी ली गई। बताया जा रहा है कि जांच कई घंटे तक चली और देर रात एऊ की टीम वापस रवाना हुई। कुछ स्थानीय जानकारियों में टीम द्वारा महत्वपूर्ण दस्तावेज अपने साथ ले जाने की बात कही जा रही है, लेकिन जब तक ED इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं करती,तब तक बरामदगी या जब्ती की पूरी जानकारी को पुष्ट तथ्य के रूप में नहीं माना जा सकता।

### KPSC के परीक्षा नियंत्रक रह चुके हैं गंगवार

ज्ञानेंद्र कुमार गंगवार 2016 बैच के कर्नाटक कैडर के क्अर।अधिकारी हैं। वह कर्नाटक में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSME) विभाग के निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। इससे पहले वह कर्नाटक लोक सेवा आयोग में परीक्षा नियंत्रक की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। इसी वर्ष मार्च में उन्हें KPSC से हटाकर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में भेजा गया था। KPSC में परीक्षा नियंत्रक की पूर्व भूमिका के कारण भर्ती परीक्षा से जुड़ी जांच में गंगवार का नाम सामने आना महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, उनकी पूर्व प्रशासनिक भूमिका और मौजूदा एऊजांच के बीच क्या सीधा संबंध है, इस बारे में एजेंसी की ओर से अभी कोई विस्तृत निष्कर्ष सार्वजनिक नहीं किया गया है।

# महावीर विश्वविद्यालय में वेटरनरी डिप्लोमा कोर्स करने का मौका, सरकारी भर्तियां जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी )।** उत्तर प्रदेश में वेटरनरी फार्मासिस्ट और पशुधन प्रसार अधिकारियों के 2559 पदों पर सरकारी भर्ती के विज्ञापन जारी होने से वेटरनरी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की मांग बढ़ गई है। महावीर विश्वविद्यालय, मेरठ, इन बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए वेटरनरी फार्मासिस्ट और पशुधन प्रसार से संबंधित डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने पशुपालन विभाग में वेटरनरी फार्मासिस्ट के 1308 और पशुधन प्रसार अधिकारियों के 1251 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। विश्वविद्यालय इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दे रहा है। महावीर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति यश कौशिक एवं निदेशक प्रशासन अभिषेक कौशिक ने बताया कि सरकारी नौकरी के अलावा स्वरोजगार की भी संभावनाएं हैं। विद्यार्थी पशुपालन, डेयरी फार्मिंग और पशु स्वास्थ्य संस्थानों में भी कैरियर बना सकते हैं। स्वरोजगार के अवसर भी विकसित किए जा सकते हैं।इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 12वीं कक्षा में जीव विज्ञान/बायोटेक्नोलॉजी और अंग्रेजी के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mvu.edu.in से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




# राजधानी के विकासखंड माल की ग्राम पंचायत पकरा बाजार गांव में भ्रष्टाचार चरम पर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** विकासखंड माल की ग्राम पंचायत पकरा बाजार गांव में ऐसा भ्रष्टाचार देखने को मिला जहां 835000 सरकारी खाते से निकाल लिए गए और अभी तक मात्र दुकानों का ढांचा खड़ा हो पाया है। अन्नपूर्णा भवन की दोनों दुकानों में अभी तक प्लास्टर

- **अधूरा पड़ा अन्नपूर्णा भवन, खर्च हो गए 8 लाख 35 हजार**
- **सामुदायिक शौचालय बंद फिर भी हो रहा केयरटेकर का भुगतान**

,फर्श ,शटर, रंगाई पुताई वायरिंग आदि कुछ भी नहीं हुआ है 11-5- 2026 तक संपूर्ण धनराशि हजम हो गई। भवन का कार्य अधूरा पड़ा होने के बावजूद मजदूरी के नाम पर एक व्यक्ति के नाम पर 136574 और दूसरे व्यक्ति के नाम पर 57240 रुपए निकल गए। इसी प्रकार सामुदायिक शौचालय 2020-21 में बनने के बाद आज तक बंद पड़ा है बावजूद इसके केयरटेकर का लगातार बिना काम के फर्जी भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र का एक दरवाजा टूट गया है और उसमें एक व्यक्ति हर समय उसकी रक्षा के लिए रात में भी वहीं सोता है और एक व्यक्ति उसमें अपनी कर भी खड़ी करता है। उस व्यक्ति ने बताया कि वह उसमें रहता है इसलिए साफ सफाई भी रखता है यहां सवाल यह खड़ा होता है कि क्या अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र सिर्फ लेटने सोने के लिए बनाए गए हैं क्या उनको इसलिए बनाया गया है। उसमें गांव का कोई व्यक्ति कूड़ा नहीं डालता है। इसी तरह सफाई के नाम पर भी काफी पैसा निकाला गया है फिर भी गांव की नालियां बजा रही हैं और कई जगह सड़क पर पानी भरा है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और सचिन पर पक्षपात करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने कहा कि स्ट्रीट लाइट के मरम्मत के नाम पर पैसा निकालने के बावजूद खराब हुई लाइट दोबारा नहीं लगाई गई और कुछ खंभे ऐसे ही खाली पड़े हैं। कई लोगों ने कहा कि नालियों की सफाई न होने से खेतों से सांप घरों में आ जाते हैं जिससे उनको बरसात के समय जान का खतरा बना रहता है। इसके अलावा 4 फरवरी 2022 के बाद से आज तक कोई टेंडर जारी नहीं किया गया और 4 साल से बिना टेंडर के ही काम कराया जा रहा है कई इंटरलॉकिंग और नालियों का निर्माण भी कराया गया है फिर भी कोई टेंडर नहीं जारी किया गया अब यदि यहां कोई भी टेंडर जारी किया जाएगा वह फर्जी और पिछली तारीख में छपवाया जाएगा। इस तरह के फर्जी वाले के बावजूद यहां के कार्यवाहक अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो जाते हैं अब देखना है कि यहां स्थाई खंड विकास अधिकारी और स्थाई सहायक विकास अधिकारी पंचायत की नियुक्ति कब की जाती है या ऐसे ही भ्रष्टाचार होता रहेगा ।








# जीएनआईओटी इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट में 'नवांकुर 2026' का भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस द्वारा नवप्रवेशित विद्यार्थियों की नई शैक्षणिक यात्रा को प्रेरणादायक शुरूआत देने के उद्देश्य से नवांकुर 2026 - ओरिएंटेशन कार्यक्रम का भव्य

**1,500 से अधिक नवप्रवेशित इंजीनियरिंग एवं एमसीए विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा**

आयोजन इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर, ग्रेटर नोएडा में किया गया। नई शुरूआत, नई आकांक्षाएं की प्रेरणादायक थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में इंजीनियरिंग एवं एमसीए के 1,500 से अधिक नवप्रवेशित विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिक्षा के क्षेत्र में 25 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर चुके जीएनआईओटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस को नैक ए प्लस मान्यता प्राप्त है तथा इसके इंजीनियरिंग कार्यक्रम एनबीए से मान्यता प्राप्त हैं।

संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी ज्ञान, उद्योग जगत, विज्ञान, नवाचार, नेतृत्व, खेल, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास के विभिन्न अवसरों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कपिल मिश्रा, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसके अतिरिक्त श्री अभिषेक सिंह, इसरो वैज्ञानिक एवं चंद्रयान-3 के परियोजना प्रबंधक; श्री आकाश चोपड़ा, क्रिकेट कमेंटेटर एवं यूट्यूबर; महेश नारायण, निदेशक-परामर्श, डिजिटल जोखिम एवं जिम्मेदार कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ईवाई; श्री संकेत रामकृष्णमूर्ति, वैश्विक प्रमुख झ मानव संसाधन संचालन, ऑटोरेबिट; तथा दिनेश बावरा, अभिनेता एवं कवि सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) धीरज गुप्ता, निदेशक, जीएनआईओटी ने संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए संचालित गतिविधियों की जानकारी साझा की।

मुख्य अतिथि श्री कपिल मिश्रा ने विद्यार्थियों को किया प्रेरित मुख्य अतिथि श्री कपिल मिश्रा, कैबिनेट मंत्री, दिल्ली सरकार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, आज का भारत अवसरों का भारत है। हमारे युवाओं के पास अपनी प्रतिभा और क्षमता को देश और दुनिया के सामने साबित करने के लिए पहले से कहीं अधिक अवसर हैं। विद्यार्थियों को केवल नौकरी पाने की सोच तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि नए विचारों, नवाचार और उद्यमिता के माध्यम से रोजगार देने वाला बनने का लक्ष्य भी रखना चाहिए। तकनीक के इस युग में ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी और निरंतर सीखने की भावना भी आवश्यक है। मुझे विश्वास है कि जीएनआईओटी के ये विद्यार्थी आने वाले वर्षों में देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। डॉ. राजेश कुमार गुप्ता, अध्यक्ष, जीएनआईओटी ग्रुप ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में ज्ञान, कौशल, नवाचार, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने तथा निरंतर सीखते रहने का आह्वान किया।






# रक्षाबंधन पर मेरठ जोन में 3500 पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मेरठ (जावेद अब्बासी)।** रक्षाबंधन पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए मेरठ परिक्षेत्र में पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। 28 अगस्त को होने वाले त्योहार को देखते हुए मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में करीब 3500 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बाजारों, रेलवे और बस स्टेशनों के

**मेरठ,बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ में 83 एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय,10 स्थानों पर मेले, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर रहेगी विशेष निगरानी**

साथ ही प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। त्योहार से पहले बाजारों में राखी और मिठाई की खरीदारी के लिए भीड़ बढ़ने के कारण महिला सुरक्षा, चेन स्नैचिंग, लूट और छेड़छाड़ जैसी घटनाओं को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**3500 पुलिसकर्मियों की लगाई गई ड्यूटी**

सुरक्षा व्यवस्था में पांच अपर पुलिस अधीक्षक, 20 क्षेत्राधिकारी, 80 निरीक्षक, 600 उपनिरीक्षक, 1005 मुख्य आरक्षी, 1360 आरक्षी, 380 होमगार्ड/पीआरडी जवान और एक कंपनी पीएसी शामिल है।

इसके अलावा परिक्षेत्र में 83 एंटी रोमियो स्क्वॉड सक्रिय किए गए हैं। इनमें मेरठ में 32, बुलंदशहर में 28, बागपत में 12 और हापुड़ में 11 स्क्वॉड शामिल हैं।

**10 स्थानों पर मेले, पुलिस की रहेगी नजर**



रक्षाबंधन के अवसर पर मेरठ में पांच और हापुड़ में पांच सहित कुल 10 मेलों का आयोजन प्रस्तावित है। सभी मेलों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भीड़ के हिसाब से पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

पुलिस ने स्थानीय प्रशासन, नगर निगम, स्वास्थ्य और विद्युत विभाग समेत अन्य विभागों के साथ 80 बैठकें की हैं। वहीं शांति समिति, धर्मगुरुओं, पीस कमेटी और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों के साथ 90 बैठकें कर त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई है।

**बाजार और प्रमुख मार्गों पर विशेष निगरानी**

रक्षाबंधन पर बड़ी संख्या में लोग बस, ट्रेन और निजी वाहनों से अपने घरों और रिश्तेदारों के यहां जाते हैं। इसे देखते हुए रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, हाईवे और प्रमुख मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाएगा। अधिक यातायात वाले मार्गों को चिन्हित कर यातायात व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।बाजारों, मॉल, पार्क और अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मियों के साथ एंटी रोमियो स्क्वॉड तैनात रहेंगे। संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच के साथ लावारिस वस्तुओं की भी जांच की जाएगी।

**सोशल मीडिया पर भी रहेगी नजर**

मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पुलिस पिकेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। असामाजिक और शरारती तत्वों को पहले से चिन्हित कर उन पर नजर रखने और निरोधात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है।

पुलिस के सोशल मीडिया सेल और नियंत्रण कक्ष को भी सक्रिय रखा जाएगा। अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हुए छोटी से छोटी सूचना पर भी तत्काल कार्रवाई करेंगे, ताकि कोई घटना बड़ा रूप न ले सके।

# श्रावण के तीसरे सोमवार को शिवालय में हुई विशेष पूजा-अर्चना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** श्रावण मास के तीसरे सोमवार को हरमुखपुरी कॉलोनी गेट नंबर-2 स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। इस अवसर पर पंडित आचार्य उदयन प्रसाद ने विधि-विधान के साथ पूजन संपन्न कराया। मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहा और भक्तों ने भगवान शिव से सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर पंडित आचार्य उदयन प्रसाद ने शिव की महिमा का गुणगान तथा श्रावण मास की महत्ता बताते हुए कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष महत्व रखता है। सोमवार को श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर जल अर्पित करने और भगवान शिव का स्मरण करने से मन को शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि पूजा का वास्तविक उद्देश्य आस्था के साथ सेवा, सद्भाव और परोपकार की भावना को जीवन में उतारना भी है।



पूजा-अर्चना के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारे लगाए और मंदिर में धार्मिक वातावरण बना रहा। पूजा के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी एमपी बंसल व अनिल बंसल, वरिष्ठ पत्रकार अनिल मित्तल, किशन कुमार अग्रवाल, अनिकेत, कमल कान्ता, अनाईशा, खुशी,वंशिका, कनिका, अनिता, सुषमा देवी।

# रक्षाबंधन पर भाई-बहन के प्रेम के साथ होगी सावन की विदाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** इस वर्ष रक्षाबंधन का पर्व 28 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर मनाया जाएगा। खास बात यह है कि इसी दिन उत्तर भारत में पवित्र सावन माह का भी समापन होगा। और इस बार रक्षाबंधन शिव भक्ति और भाई-बहन के प्रेम के संगम का विशेष अवसर लेकर आएगा।

यह जानकारी ज्योतिष ज्ञानपीठ की चेयरपर्सन डॉ सोनिका जैन ने दैनिक बुलंद संदेश को दी। उन्होंने बताया कि रक्षाबंधन श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। बहन भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उसके सुखी, स्वस्थ और दीघार्यु जीवन की कामना करती है जबकि भाई बहन के सम्मान, सहयोग और सुरक्षा का संकल्प लेता है। इस दृष्टि से राखी महज धागा नहीं बल्कि स्नेह, विश्वास और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। पंचांग के अनुसार पूर्णिमा तिथि 27 अगस्त को सुबह करीब 9:08 बजे शुरू होकर 28 अगस्त को सुबह 9:48 बजे तक रहेगी। भद्रा सूर्योदय से पहले समाप्त होने के कारण 28 अगस्त को सुबह राखी बांधने के लिए भद्रा बाधक नहीं होगी। दिल्ली के पंचांग के अनुसार राखी बांधने का शुभ समय सुबह 5:57 बजे से 9:48 बजे तक रहेगा। हालांकि अलग-अलग स्थानों पर सूर्योदय के समय में अंतर के कारण मुहूर्त में मामूली बदलाव संभव है।

डॉ सोनिका जैन ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा सावन का अंतिम दिन भी है। पूरे माह भगवान शिव की आराधना, जलाभिषेक और व्रत के बाद श्रद्धालु पूजा-पाठ, दान और धार्मिक कार्यों के साथ सावन को विदाई देंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा का संकल्प केवल भाई-बहन तक सीमित न रहकर परिवार, समाज, प्रकृति, संस्कृति और मानवीय मूल्यों की रक्षा तक विस्तारित होना चाहिए।


डॉ सोनिका जैन

# सरकारी राशन में कुंतलों खाद्यान्न गायब, राशन डीलर पर मुकदमा दर्ज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** आदर्शनगर कॉलोनी स्थित सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान से करीब 66 क्विंटल खाद्यान्न गायब मिलने के मामले में आपूर्ति विभाग ने राशन डीलर विपिन खन्ना के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। विभागीय जांच के बाद अब मोदीनगर थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। दुकान से खाद्यान्न गायब मिलने और वितरण व्यवस्था में अनियमितताओं के आरोप के बाद विभाग ने राशन डीलर को निलंबित कर स्पष्टीकरण नोटिस भी जारी किया है। क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी स्वेज पंवार ने बताया कि उन्होंने आदर्शनगर स्थित विपिन खन्ना की राशन की दुकान का कई बार निरीक्षण किया लेकिन प्रत्येक बार दुकान बंद मिली। उन्होंने राशन डीलर से फोन किया पर उसका फोन भी रिसीव नहीं हुआ। लगातार दुकान बंद मिलने के बाद मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। विभाग द्वारा टीम गठित किए जाने के बाद दुकान को सील कर दिया गया। स्वेज पंवार के मुताबिक बाद में नायब तहसीलदार की मौजूदगी में दुकान की सील खोलकर खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया गया। जांच के दौरान दुकान में खाद्यान्न के मात्र तीन बोरे मिले, जो खराब अवस्था में थे। विभागीय अभिलेखों के अनुसार दुकान में करीब 66 क्विंटल खाद्यान्न होना चाहिए था, लेकिन मौके पर इतनी बड़ी मात्रा में खाद्यान्न नहीं मिला। विभागीय जांच में यह भी सामने आया कि दुकान से जुड़े 235 कार्डधारकों को राशन का वितरण किया जाना शेष था। आरोप है कि राशन वितरण में अनियमितता की गई तथा शिकायत करने वाले कार्डधारकों को राशन कार्ड बंद कराने की धमकी भी दी जाती थी। स्वेज पंवार ने बताया कि विभागीय कार्रवाई के बाद राशन डीलर को निलंबित कर दिया गया है और उससे स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसके साथ ही मामले में मोदीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है।




**235 पात्र कार्डधारकों को खाद्यान्न मिलने पर सवाल**

राशन दुकान पर 235 पात्र कार्डधारक खाद्यान्न पाने से वंचित हैं। इस माह के खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 25 अगस्त निर्धारित है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि महज एक दिन में इन सभी कार्डधारकों को खाद्यान्न कैसे मिलेगा और विभाग क्या वैकल्पिक व्यवस्था करेगा।

**सौंपा ज्ञापन** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के स्थापना दिवस पर दिल्ली पहुंचे सफाई कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी, मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# नियमितीकरण की आस में सफाई कर्मचारी तोड़ रहा दमः सुभाष चावरिया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सरधना (जावेद अब्बासी)।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के 32वें स्थापना दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चावरिया के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारी और कर्मचारी दिल्ली पहुंचे। एनेक्सी, कांस्टीट्यूशन क्लब, रफी मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपा गया। सुभाष चावरिया ने कहा कि सफाई कर्मचारी पिछले कई वर्षों से आउटसोर्सिंग, ठेके और संविदा के आधार पर काम कर देश को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर नालों और सीवरों की सफाई करते हैं। कई बार जहरीली गैस और गंभीर बीमारियों के कारण सफाई कर्मचारियों की जान तक चली जाती है।उन्होंने कहा कि सरकार को सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके हित में ठोस कदम उठाने चाहिए। नियमितीकरण की उम्मीद में बड़ी संख्या में कर्मचारी वर्षों से अस्थायी व्यवस्था में काम कर रहे हैं।संगठन ने देश में सफाई कर्मचारियों की नियमित भर्ती शुरू करने, आउटसोर्सिंग, ठेका और संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की। इसके साथ ही राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को संवैधानिक दर्जा देने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने और सफाई कर्मचारियों व उनके परिवारों का भविष्य सुरक्षित करने की मांग भी उठाई गई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल, केंद्रीय कानून राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास आठवले और संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद भाई परमार को ज्ञापन सौंपा गया।दिल्ली जाते समय संगठन के पदाधिकारियों का गाजियाबाद और नोएडा में स्वागत भी किया गया।इस दौरान प्रदेश मंत्री बब्लू पार्चा,राधे पार्चा,नितिन चोटाला, नितिन पार्चा,सोनू,रवि पार्चा,अर्जुन,संजय और सुनील सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# बॉयज हॉस्टल में नवप्रवेशी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के बॉयज हॉस्टल में आज नवप्रवेशी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति ने छात्रों को विश्वविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुविधा और बेहतर विकास के लिए विश्वविद्यालय में कोचिंग सेंटर, चिकित्सा सुविधा एवं डिस्पेंसरी, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं, खेलकूद की सुविधाएं सहित अनेक संसाधन उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रों से इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।



मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया। अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267